भोपाल
शनिवार, 2 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष–08
वर्ष : 12, अंक : 123
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### जुलाई में जीएसटी कलेक्शन में इजाफा
## 7.5% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ पहुंचा



**नई दिल्ली।** सरकार ने जुलाई में हुए जीएसटी के आंकड़े जारी कर दिए हैं। 1 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी को दिखाता है। यह कलेक्शन लगातार सातवें महीने 1.8 लाख करोड़ रुपए से ऊपर रहा, लेकिन शेष पेज 6 पर

### अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी


# उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को, नतीजा भी उसी दिन

### *भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने बताया कि उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव कराया जाएगा।

अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66 (1) के अनुसार भारत के उपराष्ट्रपति शेष पेज 6 पर



### नए उपराष्ट्रपति के पास पूरे पांच साल का कार्यकाल

धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि, धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय।

#### ऐसा है दोनों सदनों का गणित

आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बढ़त हासिल है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच रिक्तियां हैं। राज्यसभा की पांच रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। पंजाब की यह सीट पिछले महीने हुए उपचुनाव में राज्य विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। दोनों सदनों की प्रभावी सदस्य संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

#### राजनीतिक दलों का गणित

*लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है। सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में 129 सदस्यों (प्रभावी सदस्य संख्या 240) का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें। सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। संविधान के अनुच्छेद 66 (1) में प्रावधान है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा तथा ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होगा। इस प्रणाली में मतदाता को उम्मीदवारों के नाम के सामने अपनी प्राथमिकताएं अंकित करनी होती हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम आज वाराणसी को देंगे कई सौगात




**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह सेवापुरी के कालिका धाम में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरे पर पीएम मोदी काशी वासियों को करीब 2200 करोड़ रुपए की सौगात भी देंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### आज होगा औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 2 अगस्त को सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रुपए का निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। वे 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित करेंगे। जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रुपए का निवेश होगा।

### मसूरी जाने के लिए अब कराना होगा रजिस्ट्रेशन



**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने क्वीस ऑफ हील्स यानी मसूरी आने वाले पर्यटकों के लिए नया नियम लागू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग ने मसूरी में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए पर्यटकों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ये नया नियम 30 जुलाई से लागू हो गया है।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर जुर्माने वाली धमकी पर बोला विदेश मंत्रालय

# समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला पार्टनर है रूस, हमारे संबंध योग्यता पर



हाल के महीनों में रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। भारत के आयात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 35-40% है, जो यूक्रेन युद्ध से पहले केवल 0.2% थी

- *भारत-रूस संबंधों पर चिढ़े ट्रंप को विदेश मंत्रालय की दो टूक*
- *इन संबंधों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के रूस के साथ व्यापार और तेल खरीद को लेकर टैरिफ का ऐलान किया था, इसके साथ ही उन्होंने एक जुर्माना भी लगाया है। इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अन्य देशों के साथ हमारे संबंध योग्यता पर आधारित है। उन्हें किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

जहां तक भारत-रूस संबंधों का सवाल है, हमारे बीच एक स्थिर और समय-परीक्षित साझेदारी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और रूस एक स्थिर और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला साझेदार है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि कुछ भारतीय तेल कंपनियों ने रूस से तेल लेना बंद कर दिया है। इस पर प्रवक्ता ने कहा कि आप हमारे ऊर्जा जरूरतों को लेकर समग्र दृष्टिकोण से अवगत हैं। हम बाजार में उपलब्ध विकल्पों और वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखकर निर्णय लेते हैं। हमें इस बारे में कोई विशेष जानकारी शेष पेज 6 पर

#### भारत पर ट्रंप का 25% टैरिफ 7 दिन टला

ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। ये 1 अगस्त से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25% और पाकिस्तान पर 19% टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर शुक्रवार से ही 35% टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। पहले पाकिस्तान पर 29% टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41% टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रंप ने 2 अप्रैल को दुनिया के देशों में टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

#### यह रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों के बावजूद मजबूत

भारत और अमेरिका के रिश्ते

भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क पर आधारित है। यह रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों के बावजूद मजबूत बना रहा है। हम अपने साझा एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी प्रगति करेगा। पढ़ें पेज 11 भी

*एसबीआई रिसर्च की ताजा रिपोर्ट में अनुमान*

### ट्रंप के 'मिस कैलकुलेशन' की अमेरिका चुकाएगा कीमत

डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का नुकसान भारत से ज्यादा अमेरिका को होने वाला है। बेशक, भारत के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। लेकिन, इसके दूरगामी नतीजे अमेरिका के लिए भी भारी पड़ सकते हैं। अमेरिका ने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप का यह मिस कैलकुलेशन अमेरिका की अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक हितों को नुकसान पहुंचाएगा। शेष पेज 6 पर



#### रक्षा संबंधों पर लगेगी गहरी चोट

रिपोर्टों के अनुसार भारत ने अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। अमेरिका के लिए इसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य और आर्थिक प्रभाव का मुकाबला करने शेष पेज 6 पर

### मालेगांव विस्फोट मामला

#### एटीएस का हिस्सा रहे अधिकारी ने कोर्ट में किया दावा

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत को भी फंसाने की थी 'साजिश'



- *महबूब मुजावर ने एनआइए कोर्ट में कहा कि उन्हें ऐसे काम करने को कहा गया जिनका मालेगांव कांड से कोई संबंध नहीं था*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मालेगांव विस्फोट कांड की जांच करने वाली एटीएस टीम का हिस्सा रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी महबूब मुजावर ने एनआइए कोर्ट को बताया है कि उन्हें उस टीम में रहते हुए कुछ ऐसे काम करने को कहा गया, जिनका मालेगांव कांड से कोई वास्ता ही नहीं था।

ऐसे ही कामों में से एक था- तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नए-नए सरसंघचालक बने डॉ. मोहन भागवत को गिरफ्तार करना। गुरुवार को आए फैसले पर खुशी जताते हुए महबूब मुजावर बताते हैं कि इस मामले की पूरी जांच ही फर्जी थी। उनके अनुसार, सोलापुर में कुछ साहसिक अभियानों का नेतृत्व करने के कारण उन्हें कवरिंग पार्टी के रूप में एटीएस की उस 10 सदस्यीय टीम का हिस्सा शेष पेज 6 पर

#### दो आरोपियों को पहले ही उतारा मौत के घाट

उन्होंने इस बात के तथ्य अदालत में पेश किए हैं कि जिन दो आरोपियों रामजी कालसंगरा एवं संदीप डांगे को एटीएस भगोड़ा बताकर ढूंढने का नाटक करती रही, उन्हें तो पुलिस पहले ही मार चुकी थी। इसके अलावा एक तीसरे व्यक्ति दिलीप पाटीदार को भी पुलिस खत्म कर चुकी है, जिसे कभी इस मामले में आरोपी बनाया ही नहीं गया।



#### संबित पात्रा बोले- कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद का झूठा नैरेटिव गढ़ा

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया है कि गांधी परिवार के कहने पर भगवा आतंकवाद की झूठी कहानी बनाने का काम किया गया। कांग्रेस शुरू से सेना, सनातन, संविधान और संघ को बदनाम करने की साजिश करती रही है। पात्रा ने आरोप लगाया कि एटीएस शेष पेज 6 पर

#### फिर मेरिट लिस्ट बनाने के निर्देश

### हाई कोर्ट ने जीएमसी में अवैध भर्तियां 'रद्द' की



- दो लाख का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में हुई नितिन अग्रवाल सहित अन्य की अवैध नियुक्तियों को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही पूर्व डीन सलिल भार्गव पर दो लाख का जुर्माना भी लगाया। मामला योग्य आवेदक को नौकरी से वंचित करने व फर्जी शपथ पत्र पेश करने से संबंधित है।

कोर्ट ने भार्गव की सेवानिवृत्ति की आयु के मद्देनजर रियायत देते हुए शेष पेज 6 पर

#### नीमच में देहदान करने पर राजकीय सम्मान

### चंद्रशेखर नागदा को दिया गया 'गार्ड ऑफ ऑनर'



- बेटी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत

**नीमच।** हिंगोरिया गांव के 61 साल के चंद्रशेखर नागदा का निधन हो गया। उनके परिवार ने उनकी इच्छानुसार देहदान किया। चंद्रशेखर ने 10 साल पहले ही घोषणा कर दी थी कि उनके निधन के बाद उनका शरीर हेल्थ साइंस के काम आए। उनकी यह सोच परिवार के लिए प्रेरणा बनी। उनकी बेटी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने पिता की इस सोच को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी अंतिम यात्रा हिंगोरिया शेष पेज 6 पर

#### 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा

### शाहरुख को 'जवान' व मैसी को '12वीं फेल' के लिए मिला अवॉर्ड



- कटहल को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। नेशनल अवॉर्ड्स की ज्यूरी ने सूचना और प्रसारण विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन को इससे जुड़ी रिपोर्ट सबमिट की थी। इसके बाद ज्यूरी ने शाम 6 बजे मीडिया के लिए रखी प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजेताओं का ऐलान किया। नेशनल अवॉर्ड पाने वालों की लिस्ट में इस साल रानी मुखर्जी, शाहरुख खान शेष पेज 6 पर

#### 14 महीने बाद यह फैसला सुनाया गया

## जेडीएस के निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में दोषी करार, अदालत में फूट-फूट कर रोए

एजेंसी ▶▶ मैसूर

- रेवन्ना ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी किया

कर्नाटक के मैसूर स्थित केआर नगर की एक घरेलू सहायिका की ओर से दर्ज कराए गए दुष्कर्म के मामले में जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को दोषी ठहराया। मामला दर्ज होने के 14 महीने बाद ही यह फैसला सुनाया गया। उन्हें चार यौन शोषण और दुष्कर्म के मामलों में से एक में दोषी ठहराया गया है। जब उन्हें दोषी ठहराया गया तब वे कोर्ट में ही फूट-फूट कर शेष पेज 6 पर



#### रेवन्ना जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते

रेवन्ना के खिलाफ चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उनके खिलाफ मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को शेष पेज 6 पर

#### सतना के युवक की आपत्तिजनक पोस्ट से गुस्सा

लोग बोले संतों का अपमान स्वीकार्य नहीं

## संत प्रेमानंद का गला काटने की धमकी, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

- युवाओं के आचरण पर दी थी समझाइश

शहर के एक युवक ने वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद से ही क्षेत्र की जनता में आक्रोश है। लोगों ने इस आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सतना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार को सतना निवासी शत्रुघ्न सिंह नाम के व्यक्ति की फेसबुक आईडी से की गई पोस्ट में संत प्रेमानंद महाराज की हत्या की धमकी दी गई। दरअसल, संत प्रेमानंद महाराज का युवा पीढ़ी के आचरण पर दिए गए बयान पर युवक ने पोस्ट की थी।



संत प्रेमानंद का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने युवाओं को मनमानी आचरण से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आजकल समाज में बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड, ब्रेकअप और पैचअप का चलन बढ़ गया है, जो युवाओं के जीवन को बर्बाद कर रहा है। उनके अनुसार एक से ब्रेकअप के बाद दूसरे से रिश्ता और फिर उससे भी ब्रेकअप का सिलसिला लड़के-लड़कियों दोनों में देखा जा रहा है। युवक ने संत ने इसी वीडियो को पोस्ट कर कमेंट किया था।

#### विधानसभा में पहुंचे शाह को देखकर भड़क गया विपक्ष

'विजय शाह इस्तीफा दो, विजय शाह को बर्खास्त करो' के नारे

## मंत्री विजय शाह के 'इस्तीफे' की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चल सका सदन

### सत्तापक्ष ने भी दिया जवाब, कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन मंत्री विजय शाह को लेकर सदन के अंदर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के गैस राहत विभाग संबंधी सवाल का जवाब देने के लिए विजय शाह पहली बार सदन में आए थे। आरिफ मसूद सवाल पूछने जैसे ही खड़े हुए, कांग्रेस के फूलसिंह बरैया ने कहा कि सेना का अपमान शेष पेज 6 पर

#### सिंघार-विजयवर्गीय के बीच हुई तीखी बहस



हंगामे के बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच तीखी बहस हुई। सिंघार ने कहा कि मंत्री विजय शाह ने सेना की सोफिया कुरैशी का अपमान किया है। उनके खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा है। दोनों शीर्ष अदालतों ने मंत्री विजय शाह को फटकार शेष पेज 6 पर पढ़ें पेज 05 भी

#### कार्यवाही शुरू होने के बाद फिर हुआ हंगामा

एक घंटे के लिए सदन के स्थगन के बाद एक बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई। स्पीकर तोमर ने हंगामे के बीच ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा शुरू कराई। भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह ने पहले ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पढ़ा। पर कांग्रेस का हंगामा बंद नहीं हुआ। हालांकि, बाद में विजय शाह सदन के अंदर नहीं आए थे, फिर भी कांग्रेस की नारेबाजी जारी रही। स्पीकर तोमर कार्यवाही के लिए सदस्यों से बैठने का आग्रह करते रहे लेकिन किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने दूसरे ध्यानाकर्षण के लिए कांग्रेस के भंवर सिंह शेखावत का नाम पुकारा। उन्होंने अपना ध्यानाकर्षण पढ़ा भी, लेकिन इस शेष पेज 6 पर

राजधानी की कॉलोनियों एवं जिले के निकटस्थ ग्रामों तक पहुंचेगी यात्रा

# अखिल विश्व गायत्री परिवार की दिव्य ज्योति कलश यात्रा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की आध्यात्मिक साधना, माता भगवती देवी के प्राकट्य एवं शांतिकुंज हरिद्वार में स्थापित अखंड दीप की स्थापना के 100 वर्ष 2026 में पूर्ण हो रहे हैं। शताब्दी वर्ष की पूर्णता पर गायत्री परिवार द्वारा विश्व स्तरीय शताब्दी समारोह हरिद्वार में अगले वर्ष 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें समूचे विश्व से गायत्री परिवार के परिजन जुटें, ऐसा दिव्य सन्देश शांतिकुंज द्वारा दिया गया है। इससे पूर्व दिव्य ज्योति कलश यात्रा विश्व के कई देशों में निकाली जा रही है। इसी क्रम में यह यात्रा बुधवार शाम को भोपाल पहुंची।

गायत्री परिवार के प्रदेश समन्वयक राजेश पटेल ने गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि इस आध्यात्मिक त्रिवेणी की ऊर्जा को दिव्य कलश में संजोया गया है और युगतीर्थ शांति कुंज हरिद्वार से प्रारम्भ हुई दिव्य ज्योति कलश यात्रा भारत के ग्रामों शहरों के साथ विश्व के कई हिस्सों में जा रही है।



## ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूरोप में भव्य स्वागत

श्री पटेल ने बताया कि विश्व स्तर पर बात करें तो ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूरोप सहित समूचे विश्व में भारतीय संस्कृति की अलख जगाने वाली इस दिव्य ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के दिखाए सन्मार्ग पर चलने के लिए पूरे विश्व में लोगों ने इससे प्रेरणा ली है।

## 2026 के बाद से भारत फिर विश्वगुरु बनेगाः सक्सेना

उपजोन समन्वयक हजारी व सह समन्वयक अशोक सक्सेना ने कहा कि इस वक्त युग एक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पूरे विश्व में विभीषिका चरम पर है। यह समय विध्वंस और नवसृजन का है। इससे कठिन परिस्थिति पहले कभी देखी नहीं गई। युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इस भीषण काल के बाद पूरी दुनिया में सतयुग का संचार होने वाला समय बताया है और इस बदलाव के आध्यात्मिक प्रकाश का केंद्र शांति को हरिद्वार को बताया है। आचार्य शर्मा ने कहा है कि 2026 के बाद से परिस्थितियों का बनना शुरू होगा और आगे भारत विश्व गुरु के रूप में पुनः गौरवान्वित होगा। उन्होंने कहा कि यह दिव्य ज्योति कलश यात्रा पूरे विश्व को सुरक्षित, संरक्षित एवं नवसृजन की तरफ ले जाने के सन्देश के साथ जनमानस में नए विश्वास संचार का महत्वपूर्ण कार्य करेगी।

## 31 तक दिव्य ज्योति कलश यात्रा करेगी भ्रमण



भोपाल में यह दिव्य ज्योति कलश यात्रा 1 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान भोपाल शहर की अधिकांश कॉलोनियों एवं जिले के निकटस्थ ग्रामों तक यह यात्रा पहुंचेगी। इस यात्रा की शुरुआत गुरुवार को देवपूजन, वेद मंत्रोच्चार के साथ गायत्री शक्तिपीठ में संपन्न हुई। इसके बाद यात्रा गाजे बाजे के साथ औबेदुल्लागंज रवाना हुई।

# तीन दिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक शुरू, धूमधाम से निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रावण में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हैं। राजधानी में शिव मंदिरों सहित अन्य संगठनों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा रहे है। इसी के तहत शुक्रवार को शिव मंदिर टीला जमालपुरा में तीन दिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक शुरू हो गया है।

इसके पहले धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर के पुजारी पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर महारुद्राभिषेक का आयोजन शिव मंदिर टीला जमालपुरा में शुरू हुआ है। इस मौके पर वार्ड पार्षद मनोज राठौर के मार्गदर्शन में कलश यात्रा सुबह धूमधाम से निकली गई। जो विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई। कार्यक्रम स्थल शीतला माता मंदिर प्रांगण शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा पर सम्पन्न हुई। श्रद्धालु प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस कलश यात्रा मैं क्षेत्र की माता बहने धर्म प्रेमी बंधु वरिष्ठ जन मौजूद थे।

आईटी पार्क में श्रीशिव महापुराण कथा

# कलयुग में दो इंद्रियों रसना-वासना पर कंट्रोल से हो जाती है शिवलोक की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सतयुग, त्रेतायुग में जो अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता था वही कलयुग में एक बार शिव महापुराण कथा से फल प्राप्त हो जाता है। करोड़ों जन्मों के जब पुण्य उदय होते हैं तब जाकर कहीं श्रावण मास में शिव महापुराण कथा का अवसर प्राप्त होता है। यह बात आईटी पार्क में आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य आशीष शुक्ला ने कही। आचार्य ने देवों के देव महादेव का माता पार्वती के विवाह के पश्चात भोले बाबा जब कैलाश पर्वत पर आए तब भोले बाबा समाधि लगाकर बैठ गए। गृहस्थ धर्म में प्रवेश करने से पहले साधना करनी पड़ती है। विवाह के बाद समाधि लगाकर भोले बाबा ने सारी दुनिया को यह उपदेश दिया है।

## बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं श्रद्धालु



आचार्य आशीष शुक्ल ने बताया दस इंद्रियों में दो इंद्रियां बड़ी खतरनाक है, एक का नाम रसना और दूसरी का नाम वासना और कलयुग में जिसने भी रसना और वासना पर कंट्रोल कर लिया उसको शिवलोक की प्राप्ति हो जाती है। शुक्रवार को श्रीशिव महापुराण कथा में कार्तिक भगवान और भगवान गणेश का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के मुख्य यजमान पूरन चौरसिया ने बताया कि श्रीशिव महापुराण कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। श्रीशिव महापुराण कथा में हर हर महादेव के जयकारों लगने से पूरा पंडाल भक्ति भाव विभोर हो गया।

# श्रीजी मंदिर में लहरिया फूल हिंडोला में झूले प्रभु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीजी मंदिर लखेरापुरा में शुक्रवार को प्रभु श्रीनाथजी को लहरिया वस्त्र के साथ सर पर जड़ाऊ पग एवं जड़ाऊ मोर से श्रृंगार किया गया। साथ ही चंदन आंवला सुगंधित तेल एवं इत्र से स्नान कराया गया। श्रीजी का मंदिर लखेरापुरा के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि संध्या काल में प्रभु को विशेष तौर पर पुणे से बुलाएगा रंग-बिरंगे गुलाब, लैवेंडर, रजनीगंधा बंगाली पत्ती से सुसज्जित हिंडोले में विराजमान किए, प्रिया कीर्तन किया गया। प्रभु की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया।










# लाइसेंस रद्द होने के डर से बिना हेलमेट वालों को नहीं दिया पेट्रोल

## हेलमेट पहनकर पेट्रोल लेने आए वाहन चालक, बिना हेलमेट वालों को लौटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार से शहर के 192 पेट्रोल पंपों पर अगस्त से बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है।

इसी तरह, बिना हेलमेट के सीएनजी गाड़ियों में भी गैस नहीं भरी जा रही है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 30 जुलाई को यह आदेश जारी किया था।

### पुराने शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर दी गई समझाईश

*हालांकि पुराने शहर के अधिकतर पेट्रोल पंपों पर पहले दिन पंप कर्मचारी वाहन चालकों को समझाइश देते नजर आए। सुबह 11 बजे तक कई पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के भी पेट्रोल दिया जा रहा था, लेकिन जब अफसरों की टीमें निकलीं, तो पंप संचालकों ने भी सख्ती बरतना शुरू कर दी। रत्नागिरी पेट्रोल पंप पर कई छात्रों को लौटा दिया गया। वे हेलमेट पहनकर नहीं आए थे।*

### पांच नंबर बस स्टॉप, एमपी नगर के पंपों से भी लौटाया

*सख्ती के चलते कई वाहन चालक दूसरों से हेलमेट मांगकर गाड़ी में पेट्रोल भरवाते भी नजर आए। बता दें कि भोपाल में कुल 192 पेट्रोल पंप हैं। जहां हर रोज पेट्रोल और डीजल की खपत 21 लाख लीटर है। इनमें से आधी से ज्यादा पेट्रोल की खपत होती है। इन पर अब बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यानी, मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है।*




### सज्जाद हुसैन पंप पर भी नहीं दिया पेट्रोल




मॉडल ग्राउंड शाहजहांनाबाद स्थित सज्जाद हुसैन पेट्रोल पंप पर भी वाहन चालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया गया। यहां पेट्रोल भरवाने आए ध्यान सिंह और उजेफा अहमद ने बताया कि हमें पहले से पता था कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा। इसलिए पहले से हेलमेट पहनकर ही वाहन चला रहे थे।

*बढ़ती दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने का भोपाल कलेक्टर का आदेश एक अगस्त से प्रभावी हो चुका है। इसी का नतीजा था कि शुक्रवार को नियम-कायदों को ताक पर रखने वालों को पेट्रोल के लिए परेशान होना पड़ा। जिला प्रशासन की सख्ती और लाइसेंस रद्द होने के डर के चलते इक्का-दुक्का छोड़कर अधिकांश पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिया गया।*

### तरह-तरह के बहाने करते दिखाई दिए पेट्रोल भराने आए लोग

नागरिकों में दिखाई नहीं दी जागरुकता

## आदेश का पालन दिखा अधूरा हेलमेट मांगकर चलाया काम



पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट नहीं दिया गया पेट्रोल।

*हाल ही में भोपाल कलेक्टर ने आदेश जारी किया कि बिना हेलमेट के वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाय। पहले दिन कई पेट्रोल पंप पर इस आदेश का आधा अधूरा पालन ही देखने को मिला। अवधपुरी में अस्सी फीट रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पर देखा गया कि ज्यादातर लोग बिना हेलमेट को ही पेट्रोल पंप पहुंचे गए। कई लोगों को आदेश की जानकारी भी नहीं थी। पंप वालों ने उनसे हेलमेट होने पर ही पेट्रोल देने की बात कही लेकिन लोगों ने भी इसका रास्ता खोज निकाला। उन्होने हेलमेट पहनकर ही पेट्रोल भरवा रहे लोगों से थोड़ी देर के लिए हेलमेट लिया।*

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दृश्य

पंप कर्मियों ने भी इसका विरोध नहीं किया और बाकायदा उनके वाहन में पेट्रोल डाल दिया। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में यह सब कैद हो रहा है। यह बात पंपकर्मियों को भी मालूम है और वाहन चालकों को भी लेकिन इस बात का कोई डर नहीं है। इसी तरह पक्षी विहार के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर भी नजारा कुछ इसी तरह देखने को मिला। यहां पर पंपकर्मियों की सख्ती नजर आई। ज्यादातर उन दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया गया जो हेलमेट पहनकर आए। हालांकि कई वाहन चालक ऐसे भी आए जिन्होने दूसरे वाहन चालकों से हेलमेट लिया।

### दो चार दिन ही दिखता है असर



भोपाल कलेक्टर के आदेश के संबंध में वाहन चालक राकेश कुमार का कहना है कि यह आदेश तो लोगों की सुरक्षा के लिए है। इससे सड़क हादसों को बहुत हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि हर बार इस तरह के आदेश का असर दो चार दिन ही दिखता है फिर लोग भूल जाते है अगर हमेशा सख्ती रहे तो इसके ठोस परिणाम होंगे।

### सीसीटीवी चेक करे प्रशासन



सात नंबर के रहने वाले रोहित राजपूत का कहना है कि प्रशासन यदि पेट्रोल पंप के सीसीटीवी चेक करे तो इस आदेश पर सख्ती से अमल लाया जा सकता है। सीसीटीवी को चेक करने से पेट्रोल पंपो पर कलेक्टर के आदेश के उल्लघन का खुलासा होने पर सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। सख्त एक्शन के बाद ही इसका असर दिखेगा।




### कहीं सख्ती तो कहीं नरमी का पंपों पर दिखाई दिया मिला-जुला नजारा

## पंपकर्मियों ने समझाइश दी तो करने लगे बहस और अभद्रता

**वाणिज्य प्रतिनिधि। भोपाल।** राजधानी के पेट्रोल पंपों पर कलेक्टर के जारी फरमान के परिपालन में जहां कुछ पंप संचालकों ने सख्ती बरती तो कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने बिना हेलमेट गाड़ी में पेट्रोल भरवाने पहुंचे ग्राहकों को समझाइश दी। तो वहीं पंप ऑपरेटरों द्वारा बिना हेटमेट के गाड़ी में पेट्रोल भरने से मना करने पर बैरंग लौटे कई लोगों ने पंप वालों से हुज्जत की और जिला प्रशासन को जी भर के कोसा। हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं संबंधी जिला प्रशासन के आदेश का परिपालन करने में जुटे पेट्रोल पंप संचालकों के संगठन भोपाल पेट्रोल पंप डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि कलेक्टर के लॉ एंड ऑर्डर का परिपालन कराने में काफी हुज्जत का सामना पंप संचालकों को करना पड़ा। बैरंग लौटने वालों ने गाली-गलौज की, जिससे आने वाले दिनों में स्थिति बिगड़ने का अंदेशा है। लाइसेंस, बीमा निरस्त और वाहन को 15 दिनों के लिए सीज की कार्रवाई की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले जब पुलिस से नहीं डर रहे हैं तो हम लोगों से क्या डरेंगे। उन्होंने कहा कि वाहन चालक हेलमेट अनिवार्यता का पालन करें इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को सख्त रुख अपना चाहिए।

### जुगाड़ से चलाया काम

जो बिना हेलमेट पेट्रोल लेने गए थे उन्हें पंप कर्मियों ने इंकार कर दिया, तो जो वाहन चालक हेलमेट पहने थे उनसे उधार मांग कर गाड़ी में पेट्रोल डलवाया। वहीं जिन स्कूटी सवारों ने हेलमेट डिग्गी में बंद करके रखा था, सख्ती देख उन्होंने हेलमेट पहना।

**अफसरों की टीम घूमने पर पंप संचालकों ने बरती सख्ती:** सुबह 11 बजे तक कई पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के भी पेट्रोल दिया जा रहा था, लेकिन जब अफसरों की टीमें घूमने लगी तो पंप संचालकों ने सख्ती बरतना शुरू कर दी। रत्नागिरी पेट्रोल पंप पर कई छात्रों को बैरंग वापस लौटा दिया गया। वे हेलमेट पहनकर नहीं आए थे।

### भैया जी, हेलमेट दे दो...अभी वापस कर दूंगा

*सर एक मिनट के लिए आपका हेलमेट दे दो पेट्रोल भरवा कर वापिस दे देंगे। भैया आपका हेलमेट दे दो, पेट्रोल भरवाना है। पंप संचालक पेट्रोल नहीं भर रहे हैं। यह नजारा था शुक्रवार को बागसेनिया रोड पर स्थित इंडियन पेट्रोल पंप पर। दरअसल, जिला प्रशासन की ओर से 1 अगस्त से बिना हेलमेट के टूव्हीलर्स चालकों को पेट्रोल नहीं दिए जाने के निर्देश दिए हैं। इसका पालन करते हुए पंप के कर्मचारियों ने बिना हेलमेट चालकों को वापस लौट दिया। बिना हेलमेट लेने पहुंचे वाहन चालक अनस खान ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं थी। इसलिए बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पहुंचा। लेकिन यहां पंप कर्मचारियों ने लौटा दिया।*



### कटारा हिल्स के पेट्रोल पंप के रहे ये हाल

*राजधानी के कटारा हिल्स रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप सहित इस रोड़ पर स्थित अन्य पेट्रोल पंप पर हेलमेट के साथ ही पेट्रोल दिया जा रहा है। हालांकि लोगों का कहना है कि परिचित निकलने पर कई बार बिना हेलमेट के भी पेट्रोल दे दिया जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल को सकारात्मक बताया है।*

### एक बेहतर निर्णय है

यह एक बढ़िया निर्णय है। सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाना बहुत जरूरी है। हालांकि बागसेवनिया रोड स्थित कुछ पेट्रोल पंप पर इसका पालन नहीं किया जा रहा है।



सुमित रघुवंशी

### हेलमेट बहुत जरूरी

लोगों की सुरक्षा के लिए हेलमेट बहुत जरूरी है। सभी को नियम का पालन करना चाहिए। अधिकतर पेट्रोल पंप पर हेलमेट होने पर ही पेट्रोल दिया जा रहा है।



जय बतनानी

---

*आसंदी से असंसदीय शब्दों को लेकर जताई आपत्ति*

## नगर निगम अध्यक्ष को हटाने संभाग कमिश्नर से मिले कांग्रेसी पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के खिलाफ कार्रवाई के लिए विपक्षी दल के कांग्रेसी पार्षद शुक्रवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने हाल ही में हुई परिषद बैठक में आसंदी से असंसदीय शब्दों का उपयोग करने और सम्राट अशोक के नाम पर आपत्ति को लेकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि अशोका गार्डन का नाम बदलकर रामबाग किया गया है।

दरअसल, 24 जुलाई को परिषद बैठक में दो प्रस्तावों को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि अशोका गार्डन के नामकरण का प्रस्ताव विभाग से प्राप्त नहीं था। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति ली और सम्राट अशोक के नाम पर बने इस अशोका गार्डन के नामकरण के नियम पूछे। फिर भी इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया।

### सांप्रदायिक शब्द बोले, नवाब को गद्दार कहा

*कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि शहर की समस्याओं पर चर्चा करवाने की जगह भाजपा पार्षद देवेन्द्र भार्गव से भोपाल हमीदिया अस्पताल, हमीदिया कॉलेज, हमीदिया स्कूल के नाम बदलने का प्रस्ताव पढ़वाया गया। प्रस्ताव पढ़ने के दौरान भोपाल नवाब को गद्दार कहा। अध्यक्ष से यह शब्द विलोपित करने का आग्रह किया, लेकिन अध्यक्ष ने ही आसंदी से भोपाल नवाब को गद्दार कहना शुरू कर दिया।*




कमिश्नर के सुधार करने की हिदायत के बाद भी मनमानी

## आदमपुर छावनी में पांच दिन से बंद पड़ा कचरा प्रोसेसिंग का काम, ब्लैक लिस्ट होगी कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदमपुर छावनी में कचरा प्रोसेसिंग का काम पांच दिन से बंद पड़ा है, जिसको देखते हुए नगर निगम ने खुद के संसाधनों से काम शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि इंदौर की सुसज्जा कंपनी काम छोड़कर भाग गई है। शुक्रवार को निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन ने आदमपुर छावनी पहुंचकर कंपनी को टर्मिनेट कर ब्लैक लिस्टेड करने की बात कही, जिसके बाद कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने की तैयारी शुरू कर दी है। शहर के कचरे की डंपिंग साइड आदमपुर छावनी में पिछले 8 महीने से इंदौर की सुसज्जा कंपनी एग्रीमेंट के हिसाब से कचरे की प्रोसेसिंग नहीं कर रही थी। हाल ही में कमिश्नर ने कंपनी के अधिकारियों से मुलाकात कर काम में सुधार लाने को कहा था। इसके बाद भी कचरा प्रोसेसिंग का काम नहीं बढ़ा।

**निगम ने खुद के संसाधनों से शुरू किया काम**



*रिमांडर के बाद भी कई पात्रों ने नहीं दी आमद*

## पुलिस आरक्षक भर्ती 2023 में अब वेटिंग लिस्ट वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस आरक्षक भर्ती 2023 में चयनित 800 से ज्यादा उम्मीदवारों ने प्रशिक्षण केन्द्रों में अपनी आमद नहीं दी है। रिमाइंडर भी जारी किया गया था। लिहाजा अब जल्द ही उनकी दावेदारी खत्म हो जाएगी और वेटिंग लिस्ट में शामिल उम्मीदवारों को मौका दिया जाएगा। देखा जाए तो आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में 4274 चयनित अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण के लिए नियुक्तिपत्र जारी किए गए थे।

### 3461 ने ही प्रशिक्षण केन्द्र में दी है आमद

इनमें अब तक 3461 ने ही प्रशिक्षण केन्द्र में आमद दी है। 800 से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी आमद दर्ज नहीं कराकर मंशा स्पष्ट कर दी है कि वो ज्वाइन नहीं करना चाहते। दरअसल इसी भर्ती परीक्षा में घोटाला भी सामने आया है, जिसको लेकर अलग-अलग जिलों में एफआईआर दर्ज है। इसकी अलग से जांच चल रही है। ऐसे में जिन लोगों ने बिना किसी ठोस कारण के चयिनत होने के बाद भी ज्वाइन नहीं किया है।

*निगम कमिश्नर, स्मार्ट सिटी सीईओ सहित कई जिम्मेदार अधिकारी रहे मौजूद*

सुबह 11 बजे प्लेटिनम प्लाजा के सामने अटल पथ पर पहुंचे

## न्यायमूर्ति सप्रे ने 3 घंटे में देखे 8 ब्लैक स्पॉट, अफसरों से पूछे एक्सीडेंट के मुख्य कारण क्या हैं, लेफ्ट टर्न, जेब्रा क्रॉसिंग व सिग्नल को भी देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने शुक्रवार को वे ब्लैक स्पॉट देखे, जहां सबसे ज्यादा हादसे हुए हैं। इनमें वो जगह भी शामिल हैं जहां फिर से हादसा होने का खतरा है। उन्होंने करीब 3 घंटे में 8 ब्लैक स्पॉट का जायजा लिया और अफसरों से चर्चा की। लेफ्ट टर्न, जेबरा क्रॉसिंग और सिग्नल को भी देखा। कुछ स्पॉट पर उन्होंने अफसरों से पूछा कि यहां एक्सीडेंट होने की क्या वजह है? न्यायमूर्ति सप्रे सुबह 11 बजे प्लेटिनम प्लाजा के सामने अटल पथ पर पहुंचे।



### तरुण पुष्कर तिराहे का 20 मिनट तक किया निरीक्षण

*प्लेटिनम प्लाजा चौराहे पर न्यायमूर्ति सप्रे ने हादसों की जानकारी ली। यहां करीब 20 मिनट तक निरीक्षण किया। तरुण पुष्कर तिराहे पर लेफ्ट टर्न की जगह कम होने की बात सामने आई। एडिशनल डीसीपी कौल बोले कि स्मार्ट पोल शिफ्टिंग के बाद लेफ्ट टर्न सही किया जा रहा है। वे रेडक्रास हॉस्पिटल के पहले चौराहे पर पहुंचे। उन्हें बताया कि चौराहे की रोटरी को बेहतर कर रहे हैं। यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगी है। इसे अच्छी जगह पर शिफ्ट करने पर विचार कर रहे हैं।*

सुधार की जरूरत बताई

### कोर्ट के सामने के लेफ्ट टर्न भी देखे

उन्होंने जिला कोर्ट के सामने चौराहे पर भी लेफ्ट टर्न को सुधारने की जरूरत बताई। इसके बाद पर्यावास भवन के पास उस ब्लैक स्पॉट को देखा, जिसे डेढ़ साल पहले की बंद किया गया था। यहां से टीम सीधे भेल चौराहे पर पहुंची। फिर रायसेन रोड स्थित रत्नागिरी चौराहे का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने हादसों की वजह, मृतकों की संख्या और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अतिक्रमण हटाने और ब्लैक स्पॉट को जल्द समाप्त करने को कहा।

# नशे से दूरी-है जरूरी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ ने डीजीपी को भेंट किया सर्टिफिकेट

### ब्रिटिश पॉर्लियामेंट में 13 सितंबर को सम्मान समारोह में शामिल होंगे मकवाणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस के नशे के विरुद्ध 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक नशे से दूरी-है जरूरी राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान ने अपनी व्यापकता, प्रभावशीलता तथा वृहद स्तर पर जनसहभागिता के चलते वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के 57 जिलों के 1175 थानों द्वारा संचालित 'नशे से दूरी-है जरूरी' अभियान में लगभग 23 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष सहभागिता तथा



सोशल मीडिया माध्यमों से 6.35 करोड़ लोगों ने सहभागिता की।

### नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

डीजीपी मकवाणा ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, अन्य सहयोगी विभाग, विभिन्न संगठनों के अथक प्रयास से यह अभियान एक जनआंदोलन बन गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य कभी भी कोई विश्व रिकॉर्ड बनाना नहीं था। हमारा असली मकसद था कि अधिक से अधिक लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाए। यदि इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है, तो यह हम सभी पुलिसकर्मियों, सहयोगी संस्थाओं और प्रदेश की जनता के समर्पण का परिणाम है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस के सीईओ ने मध्यप्रदेश पुलिस के इस अनूठे जन जागरण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान अपने उद्देश्य में सफल रहा।

### डीजीपी को सर्टिफिकेट प्रदान किया

शुक्रवार को पुलिस मुख्य वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस के सीईओ तथा प्रेसीडेंट संतोष शुक्ला ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और एडीजी नारकोटिक्स केपी व्यंकटेश्वर राव से भेंट कर सर्टिफिकेट प्रदान किया। उन्होंने 13 सितंबर को ब्रिटिश पार्लियामेंट में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में डीजीपी मकवाणा को आमंत्रित भी किया।

# दिनदहाड़े सूने फ्लैट का ताला तोड़कर नगदी सहित सवा लाख का माल चोरी

### ट्रॉसपोर्ट नगर की कोकता मल्टी में वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता मल्टी ट्रॉसपोर्ट नगर में सूने फ्लैट का ताला तोड़कर बदमाश 35 हजार रुपए की नगदी, सोने के जेवरात सहित सवा लाख रुपए का माल चुराकर ले गए। बदमाशों ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने गृहणी की शिकायत पर नकबजनी का मामला दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ज्योति कारा पति दीपक कारा (29) सी-17 फ्लैट नंबर-306, कोक्ता मल्टी, ट्रांसपोर्ट नगर में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह जनरल स्टोर का संचालन करती हैं। दो दिन पूर्व 30 जुलाई बुधवार सुबह उनके पति अपने काम पर चले गए। जबकि सुबह करीब 11 बजे वह भी फ्लैट के गेट पर ताला लगा जनरल स्टोर चली गई थी। दोपहर 3 बजे वह जनरल स्टोर्स से घर लौटी तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। फ्लैट के अंदर जाकर देखने पर पता चला कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। बदमाश घर से सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, सोने की झूमकी, सोने का ब्रेशलेट चुराकर ले गया है। चोरी गए जेवरात की कीमत करीब 90 हजार रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा बदमाश घर से 35 हजार रुपए की नगदी भी चुराकर ले गए। बदमाश उनके घर से करीब सवा लाख रुपए का माल बटोरकर ले गए हैं।



### खिड़की की रॉड काटकर घुसे बदमाश, पचास हजार का घरेलू सामान चोरी

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित इंद्रविहार पंचवटी कॉलोनी में सूने मकान की खिड़की की रॉड काटकर घुसे बदमाश पचास हजार रुपए का घरेलू सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। लता पाटकर (66) मकान नंबर ई-15/3 इंद्रबिहार पंचवटी कॉलोनी में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह गृहिणी है। करीब 1 महीने पहले वह गायत्री मंदिर थाना देहात जिला विदिशा चली गई थी। वहां से 29 जुलाई को दोपहर करीब ढाई बजे भोपाल लौटी। इस दौरान पता चला कि घर के मुख्य गेट का ताला लगा था, लेकिन उसके पास की खिड़की की लोहे की राड टूटी हुई थी। रॉड काटकर अज्ञात बदमाश टीसीएल कंपनी की टीवी, नीचे रखे स्पीकर सहित वायफाई का बॉक्स, गैस का बर्नर, पीतल की 10 कटोरी तथा 2 कटोरे एवं 1 ट्रे चुराकर ले गया। तबियत खराब होने के कारण वह अपना इलाज कराने के बाद गुरुवार को थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की।

## खबर संक्षेप



### नारी शक्ति घर-घर जाकर करेंगी कीर्तन

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल समिति की अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि सावन माह में और गणेश उत्सव पर घर-घर जाकर भजन कीर्तन करेंगे एवं भगवान शिव का अभिषेक करने के बाद घर-घर में हर परिवार से नशा छोड़ने के लिए संकल्प कराएंगे। अर्जुन नगर में सब एकता और भाईचारे से भगवान शिव की आराधना करें, जिससे कल्याण होगा। इस अवसर पर अनीता पांडे, सुनीता सैनी, राज बाई सैनी, कांति यादव, मल्होत्रा यादव, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, बंबू यादव, राधा माझी, पुष्पा प्रजापति, बबली शर्मा आदि शामिल थीं।

### सहायक जेल अधीक्षक 15 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

**भोपाल।** उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने खाचरोद उप जेल के सहायक जेल अधीक्षक को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी सहायक अधीक्षक ने जेल में बंद कैदी को मारने-पीटने से बचाने के एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। उज्जैन निवासी जितेंद्र गोमे ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त आनंद कुमार यादव को शिकायत की थी। उनका कहा था कि मेरा साला कनवर सिसौदिया उपजेल खाचरोद में बंद है। सहायक जेल अधीक्षक सुरेंद्र सिंह राणावत द्वारा साले को मारने पीटने से बचाने के एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की है।

### नगर में आज बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**औबेदुल्लागंज।** 33/11 केवी औबेदुल्लागंज सबस्टेशन पर 11 केवी विशनखेड़ा घरेलू फीडर की खराब वीसीबी को बदलने के लिए शनिवार दोपहर 12:30 से शाम 5:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी, साथ ही 11 केवी हिरानिया एवं 11 केवी मछली बाजार फीडरों को भी 1 से 1:30 घंटे आवश्यकता पड़ने पर बंद किया जाएगा।

### शोभायात्रा के लिए कार्यकारिणी गठित

**औबेदुल्लागंज।** यादव समाज के तत्वावधान में 29वां कृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष संजय यादव खिल्लीखेड़ा, उपाध्यक्ष विवेक यादव खिल्लीखेड़ा, उपाध्यक्ष राहुल यादव बिशनखेड़ा, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव, सचिव उत्सव यादव, सहसचिव ओमप्रकाश नंदवंशी आदि को कमेटी का सदस्य बनाया है। नगर में 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 9427 | | |
| दिनः | 190 | 03 | 238 |
| रातः | 350 | 86 | 259 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 500 | 54 | 770 |
| रातः | 126 | 99 | 469 |

### क्लब में हुई दोस्ती के बाद कोर्टयार्ड होटल में किया दुष्कर्म

# यासीन मछली के खिलाफ एमपी नगर थाने में अब दुष्कर्म का केस

### चार महीने दैहिक शोषण के बाद शादी से मुकरा यासीन मछली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमडी ड्रग्स तस्करी के मुख्य आरोपी यासीन मछली के खिलाफ एक और दुष्कर्म और दैहिक शोषण का प्रकरण दर्ज कराया गया है। आरोप है कि यासीन अहमद उर्फ यासीन मछली ने क्लब में युवती से दोस्ती की थी। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर होटल कोर्टयार्ड ले गया और शारीरिक संबंध बनाए थे। करीब 4 महीने दैहिक शोषण करने के बाद आरोपी शादी की बात से मुकर गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 29 साल की युवती भोपाल में रहती है और प्राइवेट काम करती है। उसने एमपी नगर पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसकी मुलाकात क्लब पार्टी में यासीन अहमद उर्फ यासीन मछली से जून 2024 में हुई थी। फिर यासीन से धीरे-धीरे दोस्ती हो गई। दोस्ती होने के बाद यासीन ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और होटल कोर्टयार्ड लेकर पहुंचा। वहां उसने युवती से शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने उसका विरोध किया तो उसने कहा था कि जल्द ही शादी कर लेंगे। इसके बाद वह उसे कार में यहां वहां घुमाने लगा और कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए।



### शादी के लिए दबाव बनाया तो दी धमकी

पुलिस ने बताया कि करीब चार महीने तक दैहिक शोषण करने के बाद युवती ने यासीन पर शादी का दबाव बनाया तो वह शादी करने की बात से मुकर गया। दबाव बनाने पर वह धमकियां देने लगा था। खुद को पुलिस और राजनेताओं का करीबी बताकर वह धमकाता था कि उसके खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं हो सकेगी। लिहाजा पीड़िता ने पुलिस को शिकायत नहीं की। गत दिनों युवती को पता चला कि यासीन मछली ड्रग्स मामले में फंस चुका है। उसके मोबाइल में युवतियों सहित युवकों के प्रताड़ना के वीडियो हैं, तो उसने एमपी नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी यासीन मछली के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### मोबाइल में नहीं मिला वीडियो

यासीन मछली के मोबाइल में युवक और युवतियों को प्रताड़ित करने के जो वीडियो मिले हैं, उसमें पीड़िता का वीडियो नहीं था। अनुमान है कि एमपी नगर पुलिस थाने में उसके खिलाफ शिकायत होने के बाद अब अन्य युवतियां भी उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करा सकती है। उल्लेखनीय है कि आरोपी यासीन मछली और शाहवर राजधानी के क्लब में बड़ी बड़ी पार्टियां आर्गनाइज करते थे। इन पार्टियों में एमडी ड्रग्स सहित अन्य नशे का कारोबार करते थे। पहले आरोपी युवतियों को फ्री में नशे कराते थे। बाद में उनसे ही तस्करी कराने लगते थे।

### मछली परिवार से जुड़े पांच लोगों के गन लाइसेंस होंगे सस्पेंड

एमडी ड्रग्स में पकड़े गए यासीन और उसके परिवार के सदस्यों के शामिल होने के बाद क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को मछली परिवार से जुड़े 15 लोगों के नाम भेजे हैं, जिनके नाम शस्त्र लाइसेंस हो सकते हैं। पत्र मिलने के बाद शस्त्र शाखा ने भी रिकॉर्ड खंगालना शुरू कर दिया है, जिसके तहत पांच लोगों के शस्त्र मिलने का पता चला है, जिसके तहत आठ शस्त्र रखने की अनुमति दी गई है। इन शस्त्र लाइसेंस को सस्पेंड करने से पहले नोटिस जारी किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक अब तक शस्त्र शाखा को सोहेल, शहरयार, शफीक, शाहिद और शावेज के नाम शस्त्र लाइसेंस मिले हैं। जिन पर आठ शस्त्र चढ़े हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के बाद अपराधों में लिप्त लोगों का रिकॉर्ड सर्च किया जा रहा है, जिनके नाम मिलेंगे, उनके शस्त्र सस्पेंड किए जाएंगे। जिले में अपराधों में लिप्त लोगों के लाइसेंस सस्पेंड किए जाते हैं।

### सरकारी जमीन पर बनी कोठी भी तोड़ेंगे

बुधवार को जिला प्रशासन की टीम ने मछली परिवार के सरकारी जमीनों पर बने मैरिज गार्डन, फार्म हाउस, कारखाना, वेयरहाउस, बकरा और मुर्गी फार्म और मदरसे को जमींदोज करने के बाद सील की गई कोठी को भी तोड़ने की तैयारी चल रही है। एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया का कहना है कि सरकारी जमीन पर बनी कोठी को तोड़ने के लिए दोबारा से टीम जाएगी।

### पूजा गर्ल्स हॉस्टल में मेस के हलवाई ने खाया जहर, मौत

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर इंद्रपुरी में पूजा गर्ल्स हॉस्टल में हलवाई ने जहर खा लिया। उल्टियां करने पर तत्काल उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रायसेन से भोपाल के लिए निकल गए थे। शुक्रवार को परिजन की मौजूदगी में शव का पीएम कराया गया। पुलिस के अनुसार केशल शिल्पी पिता बंशीलाल शिल्पी (28) मूलतः रायसेन का रहने वाला था। वह पूजा गर्ल्स हॉस्टल में रहता था और वहीं मेस में खाना बनाने का काम करता था। पुलिस का कहना है कि परिजन से पूछताछ के बाद बाद आत्महत्या के कारण का पता चल सकेगा।

### मृतक के पास से नहीं मिला कोई दस्तावेज, बाएं हाथ पर है टैटू का निशान

# भदभदा पुल के पास मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ पुलिस ने भद्भदा पुल के पास से शुक्रवार दोपहर अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। अंदर वाहन नहीं जाने के कारण करीब पांच सौ मीटर तक पुलिस को स्टेचर पर शव ले जाना पड़ा। पुलिस ने शव मर्चूरी में रख दिया है। शव की शिनाख्ती के प्रयास किया जा रहे हैं।



एएसआई नंद किशोर दुबे ने बताया कि शुक्रवार दोपहर सूचना मिली कि भद्भदा पुल के नीचे पानी में किसी युवक का शव पड़ा है। वे कांस्टेबल विनीत यादव के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकालने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, लेकिन ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे शव की शिनाख्त की जा सके। मृतक की उम्र करीब 40 साल के आसपास बताई जा रही है। मृतक के शरीर पर शर्ट नहीं थी। वह नीले रंग की पेंट पहने हुए है। उसके बाएं हाथ पर निशान बना है। अनुमान है कि वह सिक्ख समाज का है। जिस जगह शव मिला, वहां शव वाहन पहुंचने का रास्ता नहीं था। लिहाजा एएसआई नंद किशोर दुबे और कांस्टेबल विनीत यादव शव वाहन में रखा स्टेचर लेकर पहुंचे और ड्राइवर की मदद से शव को सड़क तक लाया गया।

### नई दिल्ली में थल सेनाध्यक्ष सचिवालय में तैनात थे

# लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान को सुदर्शन चक्र कोर की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान ने लेफ्टिनेंट जनरल प्रित पाल सिंह से सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली और वे इसके 29वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग बने। अपने 34 वर्षों के सैन्य कॅरियर में उन्होंने सेना में विभिन्न चरणों पर सक्रिय युद्ध भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने वेलिंगटन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, महू स्थित उच्च कमान पाठ्यक्रम और नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित पाठ्यक्रमों में भाग लिया है। वे ऊँचाई वाले क्षेत्रों से लेकर आतंकवाद विरोधी अभियानों तक विभिन्न सैन्य क्षेत्रों का व्यापक अनुभव लेकर आए हैं।



लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद चौहान ने विभिन्न महत्वपूर्ण कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़ी नियुक्तियों में कार्य किया है, जिनमें डिवीजन, कोर और रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय में विभिन्न भूमिकाएं शामिल हैं। सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभालने से पूर्व, वे नई दिल्ली में थलसेनाध्यक्ष सचिवालय में तैनात थे।

### सोहाया गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

# हमारी सरकार डॉक्टर की कमी खत्म करने मेडिकल कॉलेज खोल रही है: शिवाजी पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

मैं मानता हूं कि हॉस्पिटल्स में अमले की कमी है, लेकिन यह कमी हमारी वजह से नहीं है। हमारे पास रुपए की कोई कमी नहीं है। वजह यह है कि डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र में आना नहीं चाहते है। इसका मुख्य कारण है कि डॉक्टर्स की कमी है, लेकिन हम इसे दूर करने में लगे हुए है। इसके लिए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोल रहे हैं। जब डॉक्टर्स बढ़ेंगे तो कमी स्वत ही खत्म हो जाएगी। यह बात राज्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को बैरसिया के सोहाया गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के मौके पर कही।



उन्होंने कहा मै इंजीनियर हूं। एक समय था, जब इंजीनियर ग्रामीण क्षेत्र में आना पसंद नहीं करते थे। आज ग्रामीण क्षेत्र में पंचातय सचिव की नौकरी तक कर रहे हैं। इसकी वजह इंजीनियर ज्यादा हो गए हैं। ऐसे ही आने वाले समय में डॉक्टर्स की संख्या बढ़ने वाली है। इसके बाद डॉक्टर की कमी खत्म होना स्वाभाविक है।

### तीन करोड़ से हुआ तैयार

बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि मुझे सोहाया गांव में संभावना दिखाई देती है। यही वजह है कि शुरुवात में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए सोहाया गांव का चयन किया। तीन करोड़ रुपए की लागत से यह सर्व सुविधायुक्त 6 बिस्तरीय भवन बनकर तैयार है। इससे इस क्षेत्र के करीब 20 गांवों की जनता को लाभ मिलेगा।

### बोरवन पार्क आने-जाने में हो रही थी दिक्कत

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर हुए गड्ढों में भरा मलबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

बोरवन पार्क पगड़ी रस्म हाल जाने वालीं सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण पगड़ी रस्म एवं पार्क में जाने वाले लोग आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई बार नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी आज तक उन गड्ढों को नहीं भरा।

शुक्रवार को वार्ड 5 के पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उक्त गड्ढों में मलबा डालकर भरा, ताकि आमजनों को आने जाने में परेशानी न हो। पार्षद अशोक मारण, ब्लॉक प्रवक्ता महेश गुरबानी, कांग्रेस नेता जगदीश सांवले, अशोक गोकलानी, अनिल



टेकचंदानी, नरेंद्र केवलानी, राजकुमार धानुक, शम्मी गंगवानी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर पार्षद अशोक मारण ने कहा कि महापौर एवं विधायक की घोषणा के बाद भी उक्त सड़क आज तक नहीं बनी, यहां तक कि कमिश्नर द्वारा भी आश्वस्त किया गया था की उक्त सड़क की मरम्मत की जाएगी, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### छात्र परिषद के चुनाव प्रजातांत्रिक पद्धति से किए आयोजित

# कैसे होती है वोटिंग, 600 विद्यार्थियों ने स्कूल में मतदान करके जानी प्रक्रिया, सुनील अहिरवार बने हैड ब्यॉय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में शुक्रवार को छात्र परिषद के चुनाव प्रजातांत्रिक पद्धति द्वारा आयोजित किए गए। विष्णु गेहानी ने कहा कि छात्र परिषद प्रजातांत्रिक की सीढ़ी है, जिसके तहत हम चुनाव करवाते हैं। विद्यालय में चुनाव का उद्देश्य बच्चों को चुनाव प्रक्रिया अवगत करना है।

इस प्रक्रिया में वोटिंग लिस्ट व अंगुली पर इंक प्रक्रिया की व्यवस्था की गई थी, चार वोटिंग बूथ बनाए गए थे, जिसमें सुविधानुसार





विद्यार्थी मतपत्र पर सील लगाकर योग्य उम्मीदवार को वोट दे रहे थे, इस प्रक्रिया में 600 विद्यार्थी उपस्थित थे। चुनावी प्रक्रिया प्राचार्या सुतापा जायसवाल, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी एवं रुपाली मेशराम की देखरेख में संपन्न करवाई गई। चुनावी प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए जगदीश आसवानी ने कहा कि छात्र परिषद के चुनाव विधिवत तरीके से संपन्न करवाए गए हैं, चुनाव करवाने का मुख्य उद्देष्य यही है के इससे आप सभी वोट देने की प्रक्रिया से अवगत हो जाएंगे।

### ये हैं विजयी प्रत्याशी

साधु वासवानी स्कूल के विजयी प्रत्याशियों में हैड ब्वॉय सुनील अहिरवार, डिप्टी हैड ब्वॉय शुभम त्रिपाठी, स्पोटर्स सेकेट्री कृष्णा मालवीय, कल्चरल सेकेट्री करन वीधानी, डिसीप्लेन सेकेट्री आशीष बारेसा, हेल्थ एंड हाईजिन सेकेट्री हर्षित विश्वकर्मा, टूरिज्म सेकेट्री राज सेन, परफेक्ट सेकेट्री लक्ष्य हासले ने वोट जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### ग्वालियर में आयोजित हुई स्पेल बी प्रतियोगिता

# एमजीपी स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 2024-25 में आयोजित स्कूल स्पेल बी प्रतियोगिता में अपनी भाषाई दक्षता, शब्द ज्ञान और समझ का शानदार परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा पहली से पांचवीं तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 16 छात्रों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इसी क्रम में कक्षा 11वीं के छात्र आशीष प्रताप सिंह एवं करण शेवानी ने सीबीएसई स्किल एक्सपो 2025 में अपने अभिनव प्रोजेक्ट दृष्टिबाधित नागरिकों के लिए स्मार्ट



असिस्टिव वेयरेबल का सफलतापूर्वक प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 100 से अधिक प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया था, जिनमें मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल को श्रेष्ठतम सूची में चयनित होने का अवसर प्राप्त हुआ। यह आयोजन ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल में संपन्न हुआ।

सीनियर अधिकारी नियुक्त कर किया जांच कराने आग्रह

# सिंह ने कहा, मालथौन में आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा, राजस्व मंत्री वर्मा ने दिया जांच कराने का आश्वासन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जरिए खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन में सरकारी जमीनों पर कब्जा किए जाने का मामला उठाया। उन्होंने आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने के मामले में एक सीनियर अधिकारी की नियुक्ति कर एक महीने में जांच कराने का आग्रह किया। साथ ही इस तरह की अनुमति पर रोक लगाने की मांग की।


उन्होंने कहा कि 500 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है, जिसकी खरीद-फरोख्त हो चुकी है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने माना कि मालथौन में जमीनों पर कब्जा है। उन्होंने भूपेंद्र सिंह के प्रस्ताव पर सीनियर अफसर भेज कर जांच के लिए सदन में आश्वासन दिया।




आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन गलत तरीके से खरीदी गईः भूपेंद्र

विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जरिए खुरई विधानसभा का मामला उठाया

## रद्द होना चाहिए सभी रजिस्ट्रियां



विधायक भूपेंद्र सिंह ने मालथौन के गोविंद सिंह राजपूत द्वारा आदिवासियों की जमीनों को दबाव और लालच देकर खरीदने, सरकारी जमीनों पर कब्जा करने का मामला उठाया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन गलत तरीके से खरीदी गई है। ये सभी रजिस्ट्रियां रद्द होना चाहिए। बता दें, गोविंद को भूपेंद्र ही भाजपा में लेकर आए थे, लेकिन अब उनके साथ पटरी नहीं बैठ रही। यह लड़ाई अब विधानसभा तक पहुंच गई।

### जनजातियों की जमीन बचाने को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गयाः कैलाश

भूपेंद्र सिंह के ध्यानाकर्षण के दौरान विजय शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का हंगामा जारी था। इसे देखते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक ओर भाजपा के विधायक द्वारा जनजातियों की जमीन बचाने को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया है, दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के लोग जनजातियों की जमीन पर कब्जे पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों में खासी तकरार हुई।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल ने उठाया पीएचई में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा

### जब तक नियमित भर्ती नहीं होती तब तक अस्थाई तौर पर व्यवस्था की जाए



भोपाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में उप यंत्री और सहायक यांत्रियों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब तक नियमित भर्ती नहीं होती तब तक अस्थाई तौर पर व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को दिक्कत का सामना न पड़े। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चुटकी ली। उन्होंने कहा कि खंडेलवाल को सवाल उठाने की जरूरत नहीं पड़ना चाहिए थी। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं, इसलिए मंत्री को उनसे बात कर समस्या दूर करना चाहिए थी। इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह हमारे अध्यक्ष की सादगी है। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मैं विधायक भी हूं, इसलिए मैं सवाल कर रहा हूं। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने बता दिया कि पद मिल जाता है तो पावर कम हो जाता है।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा, सवाल की मर्यादा का ध्यान रखा



विधानसभा के स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल सदन के सदस्य हैं और उन्होंने सवाल की मर्यादा का ध्यान रखा है। खंडेलवाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं यह एक अलग पक्ष है। विधानसभा के सदस्य हैं और सदस्य होने के नाते हुए अपने क्षेत्र की समस्या उठा रहे हैं। पीएचडी मंत्री संपतिया उइके ने सवाल के जवाब में कहा कि 14 सब इंजीनियर वहां रखे गए हैं और यहां 22 सब इंजीनियर होने चाहिए, जिसमें से 13 सब इंजीनियर एक सहायक यंत्री है। प्रदेश में उप यंत्री के 242 में से 113 पद भरे हुए हैं बाकी रिक्त है। पदोन्नति न होने के कारण बहुत से पद रिक्त हैं। जैसे ही पदोन्नति होगी रिक्त पदों को भरा जाएगा।

## पीएचई मंत्री उइके के खिलाफ कमीशनखोरी संबंधी शिकायत मिलने से सरकार का इंकार

### कहा, पीएमओ से नहीं आया कोई पत्र



भोपाल प्रदेश सरकार ने पीएचई में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार और मंत्री संपतिया उइके के विरुद्ध कमीशनखोरी की शिकायत मिलने से इंकार किया है। सरकार ने विधानसभा को दी जानकारी में बताया है कि पीएचई विभाग के इस मिशन को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को कोई शिकायत नहीं हुई है। न ही विभाग के प्रमुख अभियंता ने जिलों से सात दिन में इस मामले की जांच को लेकर कोई रिपोर्ट मांगी है।

### कांग्रेस के कटारे ने पूछा था सवाल



कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने विधानसभा में सरकार से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में की गई पूर्व विधायक किशोर समरीते की शिकायत की कॉपी मांगी थी। साथ ही प्रमुख अभियंता द्वारा तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट देने के लिए जारी किए गए निर्देश की जानकारी भी मांगी थी। उन्होंने पूछा कि क्या पिछले दिनों कैबिनेट बैठक के लिए विभाग द्वारा इस विषय पर चर्चा का बिंदु मुख्य सचिव को भेजा था?

### मंत्री ने कहा, जांच का सवाल ही नहीं

जवाब में पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने विधायक को लिखित जवाब में बताया है कि किशोर समरीते नाम के व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए किसी तरह की जांच और रिपोर्ट मांगने का सवाल नहीं होता।

*खाद की कमी और नैनो यूरिया को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा*

## कांग्रेस विधायकों ने सदन में प्रदर्शन कर कहा 'किसानों को खाद दो', 'नैनो यूरिया बंद करो'

मध्य प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के पांचवें दिन की शुरुआत भी हंगामेदार रही। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने खाद की खाली बोरियां और नैनो खाद की प्रतीकात्मक बोतलें लेकर सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि लाखों किसान खाद के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं। महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने जमा हुए कांग्रेस विधायकों ने 'किसानों को खाद दो', 'नैनो यूरिया बंद करो' जैसे नारे लगाकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक खाद-बीज की बोरियों के साथ ही हाथों में सफेद तख्तियां लिए नजर आए। इन तख्तियों पर सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादे लिखे थे।



### मिट्टी की स्थिति के अनुरूप नहीं नैनो यूरियाः सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किसान की आय दोगुनी करने के वादे पर सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि सरकार नैनो यूरिया को बढ़ावा दे रही है, जो किसानों की जरूरतों और मिट्टी की स्थिति के अनुरूप नहीं है। किसान नैनो यूरिया से परेशान हैं, उन्हें उनकी जरूरत और मिट्टी की स्थिति के आधार पर खाद चाहिए, लेकिन सरकार नैनो यूरिया थोप रही है।

### *कब होगी किसानों की दोगुनी आयः नितेंद्र सिंह*

*किसानों की आय दोगुनी करने के वादे पर कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने सरकार पर किसानों से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खाद की किल्लत ने किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ दिया है। इस बार रबी और खरीफ दोनों मौसमों में खाद की कमी रहने के साथ हर जिले में वितरण में भ्रष्टाचार देखा गया। नितेंद्र सिंह राठौर ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द ही खाद संकट का समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन करेगी।*

### एडवांस खाद स्टोरेज नवाचार हुआ सफलः सारंग



मप्र खाद की किल्लत पर विधानसभा में कांग्रेस के प्रदर्शन पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश में खाद की स्थिति नियंत्रण में है। प्रदेश में एडवांस खाद स्टोरेज नवाचार सफल हुआ है। किसानों को पर्याप्त खाद दी जाएगी। खाद की कहीं कोई कमी नहीं है। कुछ स्थानों पर दिक्कत आने वाली स्थिति बन तो उसे भी ठीक कर लिया जाएगा। कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी।

### कांग्रेस का खाद-बीज जनता ने बंद कर रखाः रामेश्वर



विधानसभा में खाद को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को न जनता खाद देना चाहती है, न बीज देना चाहती है। कांग्रेस का बीज तो पहले से ही खराब हो चुका है। इसलिए हम देख रहे हैं कि कांग्रेस पिछले 10-15 साल से खरपतवार की तरह उगती है और खत्म हो जाती है। इस तरह देखें तो गाजर घास और कांग्रेस घास में कोई फर्क नहीं है। किसानों के लिए खाद भी उपलब्ध है, बीज भी उपलब्ध है और वो भी गुणवत्ता के साथ उपलब्ध है। खाद-बीज में अगर कोई कालाबाजारी कर रहा है, तो वह पकड़ा जा रहा है, डंडे खा रहा है और जेल भेजा जा रहा है। मोहन सरकार किसानों की भलाई और उनके हित के लिए काम कर रही है।

भोपाल मेट्रो का शुभारंभ और पीएम मित्र पार्क धार का करेंगे भूमिपूजन

विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का मिल रहा आशीर्वाद

## प्रधानमंत्री मोदी के मप्र आगमन की तिथि शीघ्र होगी निर्धारित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मिल रहा आशीर्वाद सभी प्रदेशवासियों के लिए उत्साहवर्धक है। प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ और धार में आरंभ होने वाले प्रधानमंत्री मित्र पार्क के भूमिपूजन में स्वयं उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान करने की मौखिक सहमति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी से प्रदेश के किसान सम्मान कार्यक्रम में भी सहभागिता के लिए अनुरोध किया है। इन तीनों कार्यक्रमों के लिए शीघ्र ही प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा तिथि निर्धारित की जाएगी। डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान प्रदेश के चहुमुखी विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी से भेंट कर मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया।



**सीएम ने किया जन संवेदना समिति की स्मारिका का विमोचन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में जन संवेदना समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल एवं वरिष्ठ पत्रकार सतीश सक्सेना सहित अन्य लोग शामिल हुए।

कार्यमंत्रणा समिति में लिया गया निर्णय

## विधानसभा में मनेगी दिवंगत मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्षों की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की जन्म जयंती मध्यप्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि सभा के साथ मनाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर यह नवाचार करने का निर्णय मानसून सत्र में कार्यमंत्रणा समिति में लिया गया।

इस परंपरा की शुरूआत दो अगस्त को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जन्म जयंती के साथ होगी। यह कार्यक्रम शनिवार सुबह 10.30 बजे सेंट्रल हॉल में होगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के विशेष आमंत्रण पर स्व. पं. रविशंकर शुक्ल के पौत्र पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल उपस्थित रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष का मत है कि प्रदेश के विकास एवं संसदीय परंपरा को समृद्ध करने वाले दिवंगत मुख्यमंत्रियों और विधानसभा अध्यक्षों का पुण्य स्मरण उनकी जन्म जयंती पर अवश्य होना चाहिए। इस परंपरा से नई पीढ़ी में उन नेताओं के कृतित्व एवं प्रदेश के विकास में उनके योगदान की जानकारी पहुंच सकेगी। यह अतीत को भविष्य से जोड़ने की एक पहल है। इसी क्रम में आगामी तीन अगस्त को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बेरिस्टर गुलशेर अहमद की जयंती भी विधानसभा के सेंट्रल हॉल में मनाई जाएगी।

## सपा कार्यकर्ता विधानसभा घेराव करने निकले, पुलिस ने रोका, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बढ़ती बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं पर अत्याचार सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार का प्रदर्शन के साथ ही विधानसभा घेराव का प्रयास किया। सुबह 10 बजे पार्टी प्रदेश कार्यालय से शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन पैदल मार्च करते हुए शिवाजी चौक तक पहुंचा।

मार्ग में जगह-जगह पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। चार लेयर में पुलिस बल, तीन लेयर की बैरिकेडिंग और वाटर कैनन समेत गिरफ्तारी के लिए बसें तैनात की गई थीं। जैसे ही सपा कार्यकर्ता शिवाजी चौक पहुंचे, पुलिस रोक लिया। जिसके बाद राज्यपाल के नाम 18 सूत्रीय ज्ञापन एएसपी को सौंपा। निराकरण नहीं होने की स्थिति में पूरे प्रदेश में चरणबद्ध जनआंदोलन की बात कही। इस दौरान पूर्व मंत्री (उत्तर प्रदेश) बादशाह सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जनता के मूल मुद्दों पर दोनों ही दलों की चुप्पी लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने कहा, मप्र की जनता अब जाग चुकी है, कांग्रेस और भाजपा दोनों ने जनआवाजों को कुचलने का काम किया है।




### निर्देशों का पालन देखने के लिए भी निर्देश की आवश्यकता!

सार्थक एप पर अनुचित रूप से फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी और अतिथि विद्वानों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने को भी कहा गया है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दृष्टि से महाविद्यालयों में एकल संकाय को बहुसंकाय में उन्नयन करने की कार्रवाई को जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा भी कई निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन इनका पालन सही तरीके से अब तक कितना हो रहा है, यह देखने के लिए किसी को निर्देश की आवश्यकता दिखाई पड़ती नजर आ रही है। वैसे साहब की मर्जी।

### कक्षाओं में प्रवेश का अंतिम अवसर न छोड़ें विद्यार्थी

राजधानी सहित प्रदेशभर के कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने बुधवार को अंतिम अवसर देने के लिए तारीखें जारी कर दी हैं। प्रदेश के कॉलेजों में अभी बड़ी संख्या में सीटें खाली भी हैं और ऐसे विद्यार्थियों की संख्या में भी अच्छी खासी है, जो प्रदेश के बाहर या अंदर दूसरे कॉलेजों अथवा विश्वविद्यालयों में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में यह अवसर उनके लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। हालांकि, अधिकांश विद्यार्थी अपने शैक्षणिक करियर के साथ ही बेहतर दिशा और भविष्य के लिए पहले से ही काफी सजग रहते हैं, फिर भी यह अंतिम अवसर उनके लिए महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है, इसलिए अपने विवेक, ज्ञान और जानकारी का इस्तेमाल समय रहते कर लेना चाहिए।

### ऐडी-चोटी का जोर नहीं आया काम

स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित संस्था के एक बड़े अधिकारी आखिकार सेवानिवृत्त हो गए। हालांकि सेवावृद्धि के लिए उन्होने ऐडी-चोटी का जोर लगाया था, लेकिन उनकी दाल नहीं गली। हालांकि इनाम स्वरूप सलाहकार की जिम्मेदारी मिल गई है। मगर अधिकारी इससे थोड़े खफा नजर आ रहे हैं। विभागीय गलियारों में चर्चा है कि उन्हें आला अधिकारियों और अपनी लंबी पहुंच से बड़ी उम्मीद थी, मगर अब इससे संतुष्टि करनी पड़ी। बताया जाता है कि अधिकारी लंबे समय से जमे हुए थे और एक दशक से अधिक समय तक इन्हें कोई नहीं हटा सका। इसके अलावा अन्य प्रभार भी इनकी झोली में आए। मगर साहब का कुर्सी से मोह भंग नहीं हुआ।

### साहब की पकड़ बड़ी लंबी है

राजधानी का लोक शिक्षण संचालनालय कई बार मान्यता को लेकर सुर्खियों में रहता है। यहां पदस्थ एक बड़े अधिकारी करीब 10 वर्षों से पूरी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। विभाग को अब तक मान्यता की व्यवस्था संभालने के लिए पूरे विभाग में और कोई अन्य अधिकारी योग्य नजर नहीं आया है। यहां तक कि इन्हे मान्यता की व्यवस्था में सलाह भी पसंद नहीं है। जब-जब किसी अधिकारी ने इस ओर चेहरा किया है, उनकी लोक शिक्षण संचालनालय विदाई ही हुई है, क्योंकि साहब की पकड़ बड़ी लंबी है। ऐसे में कई अधिकारी आए और गए, लेकिन मान्यता वाले साहब एक ही जगह जमे हुए हैं।

संजीव सक्सेना

आमजन को समय से पूर्व दी जाए बांधों से जल छोड़ने की जानकारी

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

## प्रदेश के सभी बांधों एवं जलाशयों की निरंतर करें निगरानीः मंत्री सिलावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी बांधों एवं जलाशयों की निरंतर निगरानी की जाए और सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। विभाग के अधिकारी, जिला प्रशासन एवं सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करें। सभी जिलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष प्रभावी रूप से कार्य करें और अतिवृष्टि एवं बाढ़ की जानकारी राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष को भेजते रहें।

बांधों से जल छोड़ने की जानकारी सभी संबंधियों को दी जाए और विशेष रूप से मुनादी करवाकर व अन्य साधनों से आमजन को समय से पूर्व उपलब्ध कराई जाए। मंत्री सिलावट ने शुक्रवार को मुख्य अभियंता बोधी कार्यालय स्थित राज्य बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्रदेश में वर्षा और जलाशयों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा की। मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि मानसून के इस चुनौतीपूर्ण समय में पूर्ण सजगता और सक्रियता के साथ कार्य करें, जिससे प्रदेश में कोई भी अप्रत्याशित घटना न हो और न ही किसी प्रकार से जान-माल का नुकसान हो। बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन राजेश राजौरा, मुख्य अभियंता आरडी अहिरवार सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### अब तक 711.30 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज

मंत्री सिलावट ने कहा है कि प्रदेश में बारिश की स्थिति अच्छी है। इस मानसून में मध्यप्रदेश में अब तक 711.30 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है, जो प्रदेश की औसत वर्षा से 59% अधिक है। राज्य के पूर्वी हिस्से में औसत से 62% अधिक एवं पश्चिमी हिस्से में औसत से 55% अधिक वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश के प्रमुख बांधों में जल भराव की स्थिति भी अच्छी है। इस वर्षाकाल में प्रदेश के प्रमुख बांधों में 72.75% जलभराव हो चुका है। प्रदेश के 18 बांधों के जल द्वार खोले जा चुके हैं। बांधों के जल ग्रहण क्षेत्र में वर्षा के पूर्वानुमान एवं जल आवक के अनुसार निकासी की जा रही है, जिससे बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है। जल निकासी की निरंतर आमजन और सभी संबंधितों को समय से पूर्व सूचना दी जा रही है।

### प्रदेश के बांधों में बारिश से जलभराव की स्थिति

जबलपुर जिले में बरगी बांध 62.01 प्रतिशत, रायसेन जिले में बारना 78.9 प्रतिशत, नर्मदापुरम में तवा बांध 82.45 प्रतिशत, सीहोर में कोलार बांध 64.37 प्रतिशत, खंडवा में इंदिरा सागर बांध 88.80 प्रतिशत एवं ओंकारेश्वर बांध 94.85 प्रतिशत भर चुका है। शहडोल स्थित बाणसागर में 63.68 प्रतिशत एवं सीधी स्थित महान बांध में 80.81 प्रतिशत, पेंच छिंदवाड़ा में 63.38 प्रतिशत, संजय सरोवर सिवनी में 69.80 प्रतिशत एवं बालाघाट स्थित राजीव सागर में 32.05 प्रतिशत जल भराव है। पारसडोह 60.64 प्रतिशत, माही मेन और माही सब्सिडरी बांध में क्रमशः 42.32 प्रतिशत एवं 20.17 प्रतिशत, भोपाल जिले में स्थित केरवा एवं कलियासोत बांध में क्रमशः 52.78 एवं 60.91 प्रतिशत, सम्राट अशोक सागर हलाली 61.75 प्रतिशत, संजय सागर बांध 70.71 प्रतिशत और राजघाट 73.18 प्रतिशत, गांधी सागर बांध 52.42 प्रतिशत, मोहनपुरा 75.59 प्रतिशत और कुण्डलिया 42.08 प्रतिशत, बाणसुजारा बांध 53.43 प्रतिशत, पन्ना में पवई बांध 50.67 प्रतिशत, आवदा बांध 100.00 प्रतिशत, हरसी 105.52 प्रतिशत, अपर काकेटो 44.94 प्रतिशत, काकेटो 100.98 प्रतिशत, मड़ीखेड़ा 74.30 प्रतिशत, मोहिनी पिकअपवेयर 58.99 प्रतिशत जल भराव की स्थिति में हैं।

# धर्मांतरण के मामले में सियासी घमासान तेज, केरल के सांसद पहुंचे दुर्ग जेल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

आदिवासी लड़कियों के धर्मांतरण के मामले में शुक्रवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे केरल के सांसद नन से मिलने के लिए दुर्ग सेंट्रल जेल पहुंचे। करीब घंटेभर रहने के बाद वे बाहर निकले। इस मामले को लेकर चार दिन पहले कांग्रेस के सांसदों का डेलिगेशन ननों से मिला। इसके बाद सीपीआई नेता वृंदा करात और उनकी पार्टी की महिला विंग ने जेल पहुंचकर ननों से बात की। शुक्रवार को कांग्रेस, सीपीएम और केरल के बीजेपी के वरिष्ठ नेता दुर्ग सेंट्रल जेल पहुंचे। शुक्रवार को केरल से कांग्रेस के चार सांसद कोडिकुन्निल सुरेश, एंटो एंटनी, डीन कुरियाकोसे और हिबी ईडन दुर्ग सेंट्रल जेल पहुंचे। वहीं सीपीएम की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद पीके श्रीमथी और पूर्व मंत्री सीएस सुजाता ने भी जेल में दोनों ननों का हाल जाना। बीजेपी की ओर से केरल प्रदेश उपाध्यक्ष शॉन जॉर्ज और दो अन्य नेताओं ने जेल में ननों से मुलाकात की। कुछ कम्यूनिस्ट नेता भी ननों से मिले। कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने ननों से मुलाकात के बाद कहा कि यह फर्जी और बनावटी केस है।

### कोर्ट में है पूरा मामला निर्णय वहीं होगा



ऐसी बातों पर प्रदर्शन करके कांग्रेस क्या बताना चाहती है, इस विषय को लेकर कांग्रेस ही समझे। क्या न्यायालय के ऊपर दबाव बनाना चाहते हैं। न्यायालय में पूरा मामला विचाराधीन है, वहीं निर्णय होना है। प्रदर्शन से क्या न्यायालय को प्रभावित करना चाहते हैं। बिरनपुर में हत्या हुई थी तो क्यों नहीं आए थे। सभी विषयों को समान रूप से उठाना चाहिए। एक पक्ष के साथ क्यों खड़े हो, इस विषय पर जांच होगी।

- विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन

### *नन की तबीयत खराब, दी जा रही मानसिक यातनाएं*

*कांग्रेस के सांसदों ने आरोप लगाया कि जेल में एक नन की तबीयत खराब है। उन्हें दवा दी जा रही हैं, लेकिन मानसिक यातना दी जा रही है। युवती को कथित तौर पर जबरन ले जाने का आरोप लगाया जा रहा है। जबकि युवती ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह अपनी मर्जी से जा रही थी। हम सरकार से मांग करते हैं कि जो लोग ननों से मारपीट के आरोप में सामने आए हैं, उन पर भी कठोर कार्रवाई हो। इधर बीजेपी के केरल उपाध्यक्ष शॉन जॉर्ज ने इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण से देखा और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि नन केरल से हैं, तो यह उनका कर्तव्य बनता है कि वे उनकी स्थिति को समझें और कानूनी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करें।*

# पत्नी अगर नपुसंक कहती है तो यह कोई अपराध नहीं पति की याचिका खारिज



एजेंसी ▸▸| मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में सुनवाई करते हुए बड़ी टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि तलाक की कार्यवाही में पत्नी के लगाए गए नपुंसकता के आरोप मानहानिकारक नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की अपनी अलग रह रही पत्नी के खिलाफ दायर शिकायत खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक मामलों में एक महिला द्वारा पति पर लगाए गए नपुंसकता के आरोप उस स्थिति में मानहानि नहीं माने जाते, जब वह अपने हितों की रक्षा के लिए ऐसे आरोप लगाती है। न्यायमूर्ति एस.एम. मोदक की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम याचिका में नपुंसकता के आरोप बहुत प्रासंगिक हैं।अदालत ने याचिकाकर्ता की उस शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी अलग रह रही पत्नी और उसके परिवार के खिलाफ मानहानि का मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि पत्नी द्वारा शुरू की गई तलाक की कार्यवाही में उसे नपुंसक करार दिया गया था।

## पेज एक का शेष...

### 7.5% बढ़कर 1.96 ....

यह वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में प्राप्त 2.1 लाख करोड़ रुपए के औसत से कम था।

### उपराष्ट्रपति पद के ...

का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। इसमें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम की बात करें तो 1974 के नियम 40 के अनुपालन में निर्वाचन आयोग को इस निर्वाचक मंडल के सदस्यों की एक अद्यतन सूची, उनके नवीनतम पते सहित, तैयार करने और बनाए रखने का अधिकार है। इससे पहले चुनाव आयोग ने बताया था कि उसने उप राष्ट्रपति चुनाव, 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इन सदस्यों को एक सतत क्रम में सूचीबद्ध किया गया है। सभी सदस्यों को वर्णमाला क्रम में उनके संबंधित सदनों के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के आधार पर व्यवस्थित किया गया है।

### समय की कसौटी पर...

नहीं है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कई अहम अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भारत की स्थिति स्पष्ट की। अमेरिका की तरफ से कुछ भारतीय कंपनियों पर ईरान से व्यापार के चलते लगाए गए प्रतिबंधों पर बोलते हुए रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने इन प्रतिबंधों को नोट किया है और इस पर गौर कर रहे हैं। जहां तक भारत-रूस संबंधों का सवाल है, हमारे बीच एक स्थिर और समय-परीक्षित साझेदारी है। ट्रंप के डेड इकोनॉमी वाले बयान पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उस ठोस एजेंडे पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसके लिए भारत और अमेरिका प्रतिबद्ध हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की मांग को लेकर व्हाइट हाउस की प्रवक्ता के बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि व्हाइट हाउस ही इसका जवाब दें।

**निमिषा प्रिया के केस पर कहा-सजा पर अमल फिलहाल टल गया:** यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रहीं भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है। भारत सरकार मामले में हरसंभव सहायता दे रही है। हमारी लगातार कोशिशों के कारण सजा पर अमल फिलहाल टल गया है। हम इस पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और जरूरत के हिसाब से सभी मदद दे रहे हैं। हम कुछ मित्र देशों के संपर्क में भी हैं।

### ट्रंप के 'मिस कैलकुलेशन' ...

खासकर तब जब भारत अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रहा है। एसबीआई रिसर्च की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यह नीति अमेरिका की अर्थव्यवस्था को कई तरह से नुकसान पहुंचाएगी। टैरिफ के कारण अमेरिकी उपभोक्ताओं को सालाना औसतन 2,400 डॉलर का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है। वहीं, कम आय वाले परिवारों पर इसका असर तीन गुना तक हो सकता है। इसके अलावा, रिपोर्ट बताती है कि इस नीति से अमेरिकी जीडीपी में गिरावट आ सकती है। डॉलर कमजोर हो सकता है।

### रक्षा संबंधों पर लगेगी ...

के लिए अमेरिका के सामने भारत एकमात्र विकल्प है। अगर अमेरिका भारत जैसे प्रमुख साझेदार को अपने पाले में नहीं रख पाता है तो चीन को रोकने की उसकी रणनीति को धक्का लगेगा। टैरिफ के चलते सबसे ज्यादा असर जेनेरिक दवाओं के बाजार पर पड़ सकता है। भारत अमेरिका की लगभग 47% मांग को पूरा करता है। अगर टैरिफ के चलते भारतीय दवाओं की सप्लाई प्रभावित होती है तो अमेरिका में दवाओं की किल्लत और कीमतों में भारी उछाल आ सकता है।

### संघ प्रमुख डॉ.....

बनाया गया था, जो मालेगांव विस्फोट कांड की जांच कर रही थी। वह कहते हैं कि मालेगांव में विस्फोट तो हुआ, लेकिन उसकी जांच गलत दिशा में मोड़ दी गई। मुजावर कहते हैं कि उन्हें इसी मामले में उनके अधिकारियों ने संघ प्रमुख डॉ. भागवत तो गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। न मानने पर मुझे ही निलंबित कर कुछ झूठे मामलों में फंसा दिया गया। उन्होंने कहा कि अपने मामले की जांच के दौरान ही उन्होंने मालेगांव कांड में चल रही फर्जी जांच के दस्तावेज एनआइए कोर्ट को सौंप दिए थे। अब उन्हें इंतजार है कोर्ट द्वारा उनके दस्तावेजों पर की गई टिप्पणी का।

### संबित पात्रा बोले...

अधिकारी महबूब मुजावर के बयान से साफ होता है कि उन्हें मजबूर किया गया कि किसी भी तरह भगवा आतंकवाद को लेकर मोहन भागवत को गिरफ्तार किया जा सके। लेकिन उन्होंने कानून और संविधान की रक्षा के तहत संघ प्रमुख की गिरफ्तारी से इंकार कर दिया क्योंकि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था।

### हाई कोर्ट ने जीएमसी...

एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी करने के स्थान पर महज जुर्माना लगाने का निर्णय लिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि दोबारा मेरिट लिस्ट बनाई जाए। नए सिरे से इंटरव्यू लिए जाएं। यह प्रक्रिया तीन माह के भीतर पूरी कर ली जाए। वहीं, जुर्माना राशि दो लाख में से 80 हजार मप्र पुलिस कल्याण कोष में, 40 हजार राष्ट्रीय रक्षा कोष में, 20 हजार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण में, 20 हजार हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी गई है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो भोपाल के पुलिस आयुक्त को कानूनी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र कर दिया गया है। दरअसल, भोपाल निवासी मनोहर सिंह को गांधी मेडिकल कॉलेज में अस्पताल प्रबंधक, सहायक प्रबंधक व डिप्टी रजिस्ट्रार की नौकरी से अयोग्य करार देते हुए वंचित कर दिया गया। जिसके विरुद्ध पहले अभ्यावेदन दिया गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। पूर्व डीन भार्गव की ओर से प्रस्तुत शपथ पत्र में कहा गया था कि याचिकाकर्ता का ओबीसी प्रमाण पत्र डिजिटल नहीं था, जबकि कोर्ट ने रिकॉर्ड से पाया कि वह डिजिटल था। क्यूआर कोड के जरिए वेबसाइट से भी उसका वैरिफिकेशन हो गया।

### चंद्रशेखर नागदा को ....

से शुरू होकर नीमच के मेडिकल कॉलेज तक पहुंची। मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करते हुए देहदान से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही सलामी भी दी गई। यह नीमच जिले में पहला अवसर था जब किसी देहदान करने वाले व्यक्ति को इस तरह का राजकीय सम्मान मिला। यह समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

### शाहरुख को 'जवान'...

और विक्रांत मैसी भी शामिल हैं। दोनों को अपनी फिल्मों 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' और '12वीं फेल' के लिए सराहना मिली थी। शाहरुख खान जवान के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'कटहल' को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला।

### जेडीएस के निष्कासित ...

रोए। मामले में विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट शनिवार को सजा की घोषणा करेंगे। मामला 48 साल की एक महिला से जुड़ा हुआ है, जो हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में सहायिका के रूप में काम करती थी। 2021 में उसके साथ कथित तौर पर दो बार दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने इस कृत्य को मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड भी किया।

### रेवन्ना जेडीएस...

होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए। रेवन्ना 2024 के लोकसभा चुनावों में हासन संसदीय क्षेत्र पर जीत हासिल करने में विफल रहे थे।

### मंत्री विजय शाह के...

करने वाले मंत्री सदन के अंदर कैसे बैठे हैं? उन्होंने शाह के इस्तीफे की मांग की। बरैया के बोलते ही विपक्ष के सभी सदस्य गर्भगृह में जाकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। सत्तापक्ष ने भी जवाब दिया। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने सदस्यों को समझाने की कोशिश की। इसके बाद सदन की कार्रवाई पहले दस मिनट, फिर एक घंटे और लगभग डेढ़ बजे सोमवार 4 अगस्त की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सिंघार-विजयवर्गीय...

लगाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को उन्हें मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करना चाहिए। जवाब में विजयवर्गीय ने कहा कि जो कांग्रेस पाकिस्तान और चीन की भाषा बोलती है, सेना के शौर्य पर सवाल उठाती है, उसे इस मसले पर बात करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस को गद्दार तक कह दिया। इस पर हंगामा होने लगा।

### कार्यवाही शुरू होने के ...

बीच सत्तापक्ष भी हंगामा करने लगा। इसके बाद स्पीकर तोमर ने सदन की कार्रवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी।


**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. RS/444/0760/13819/2025

// इश्तहार //

आवेदक विश्वपाल सिंह भदौरिया आ. मानसिंह भदौरिया निवासी ग्राम बंजारी कोलार रोड़ भोपाल द्वारा ग्राम बंजारी स्थित खसरा नंबर 15 - 16/6/1 क्षेत्रफल 1200 व. फु. भूमि का बंटवारा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 14/08/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार तहसील - कोलार, भोपाल**

**जाहिर सूचना**

खसरा क्रमांक 191/2 स्थित भूमि ग्राम बदरखां सड़क, पटवारी हल्का नं. 07, विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध में

मैं, अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री स्वरूप सिंह मारन आत्मज श्री मानसिंह मारन निवासी 103/1, प्रताप वार्ड, गांधी नगर, भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता अविकसित एवं अव्यपवर्तित भूमि जो कि खसरा क्रमांक 191/2 पर कुल रकबा 0.1700 हेक्टेयर में से रकबा 0.085 हेक्टेयर अर्थात 0.21 एकड़ भूमि जो कि ग्राम बंदरखा सड़क, पटवारी हल्का नं. 07, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है। उक्त वर्णित भूमि रकबा 0.085 हेक्टेयर अर्थात 0.21 एकड़ को मेरे पक्षकार उपरोक्त विक्रेता / भूमि स्वामी से क्रय करने जा रहे हैं और इस बावत मेरे पक्षकार ने टोकन राशि का भुगतान भी कर दिया है इसलिये यदि उपरोक्त क्रय की जाने वाली भूमि संपूर्ण या उसके किसी हिस्सा भाग से किसी भी शासकीय / अर्द्धशासकीय कार्यालय / विभाग, बैंक, वित्तीय संस्था, संस्था, व्यक्तिगत या अन्य किसी का किसी प्रकार का कोई हित, स्वत्व, संबंध या किसी प्रकार का कोई लेन-देन हो अथवा उक्त संपत्ति कहीं रहन, भार, सम्यक, बंधक आदि हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित दस्तावेज मेरे कार्यालय (नीचे लिखे पते पर) में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व, या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और मेरे पक्षकार इस संपत्ति की शेष विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवाने के लिये स्वतंत्र होंगे। सर्वसाधारण को सूचित व ज्ञात हो।

भवदीय **निहाल जाटव** अधिवक्ता
कार्यालय- मुकेश इंटरप्राईजेस, तहसील कार्यालय के सामने, भोपाल मो. 8305502285, 7415119041






हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
**Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644




आवश्यकता
सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद-वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10th +12th) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें - 9685327774
R-02-08-2025

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473





**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


## शब्द पहेली - 5946



**बाएँ से दाए**
1.अपनापन का विलोम-5
4.हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7.गीत (अंग्रेजी-2)
8.गलीचा,कारपेट-3
9.किनारा,छोर-2
10.झगड़ा,कहासुनी-4
11.समय,वक्त-2
13.बेबस-3
14.राष्ट्र,स्वदेश-2
15.पुत्र,लड़का-3
17.प्राप्त करना-2
19.सेंधमार-5
22.चरित्र,व्यवहार-2,3
25.जीव,दूत,जासूस-2
26.आत्मबलि देना-3
28.ताकत,जोश,बल-2
29.कराह,टीस,लालसा-3
30.वहम,संदेह-2
32.आह भरना-4
34.दूर्वा,घास-2
36.चोंगा,गाऊन-3
37.सफर,जात्रा-2
38.दयालु,कृपालु-4
39.निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.पांव, पैर-2
2.भिखारी,मंगता-3
3.अस्वीकृत करना-3,2
4.माला का मोती-3
5.बुरी आदत-2
6.नाटक से परिपूण-4
7.हल्का काला,श्याम-5
10.व्यवस्थित-4
12.बुरी आदत-2
16.अनुकृति-3
17.तांबूल,पत्ता-2
18.रुखसार,कपोल-2
20.डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21.जोड़,योग-2
22.चतुर्थ-2
23.आनंद ध्वनि करना-4
24.महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25.चमकीला-5
26.नीच,नराधम -4
27.विनाश, नेस्तनाबूत-2
31.रंग (अंग्रेजी-3)
33.पराजित करना-3
35.गौरेया, एक चिड़िया-2
37.दोस्त,मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 5945 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5956

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5955 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

ट्रांसपोर्टर बोले- रेलवे वैगनों में हो रही धांधलियां, सुरक्षा और राजस्व को निगल रहा भ्रष्ट तंत्र

# ट्रांसपोर्ट व्यवसायी को नहीं मिल पा रहा वैगन का मासिक या वार्षिक आवंटन, कई जगहों में दलालों का बोलबाला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे देश की रीढ़ मानी जाती है यह न केवल यात्री परिवहन का प्रमुख माध्यम है, बल्कि माल ढुलाई के क्षेत्र में भी इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन इसी माल ढुलाई व्यवस्था के एक अभिन्न अंग, रेलवे वैगनों के आवंटन और संचालन में आज ऐसी गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार उत्पन्न हो चुका है, जो न केवल ईमानदार रोड ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को हाशिए पर डाल रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा बन गया है। रेलवे के नियमों के अनुसार माल ढुलाई के लिए वैगन का आवंटन एक निष्पक्ष और आवश्यकता आधारित प्रक्रिया होनी चाहिए। लेकिन हकीकत यह है कि बिना ऊंचे स्तर पर जान-पहचान या भ्रष्टाचार के सहारे, आम व्यापारी या ट्रांसपोर्ट व्यवसायी को वैगन का मासिक या वार्षिक आवंटन मिलना लगभग असंभव हो गया है। कई जगहों पर दलालों का बोलबाला है, जो मोटी रकम लेकर वैगन दिलवाने का व्यवसाय चला रहे हैं।





### पीसीसी से अधिक वजन-ओवरलोडिंग

रेलवे बोर्ड वर्ष 2019 की अनुमेय वहन क्षमता (पीसीसी) चार्ट के अनुसार बॉक्सएन वैगन की पीसीसी -57.8 टन, बीसीएनएचएल वैगन की पीसीसी 63 टन निर्धारित है परंतु ग्राउंड रिपोर्ट्स और ट्रांसपोर्टरों से प्राप्त जानकारियों से पता चलता है कि इन वैगनों में औसतन 15 से 25 फीसदी तक अधिक वजन लादा जा रहा है। यानी एक बॉक्सएन वैगन में 65 से 72 टन तक का भार डाला जा रहा है। यह न केवल रेलवे ढाँचे को नुकसान पहुँचा रहा है, बल्कि बड़े स्तर पर दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ा रहा है।

### ओवरलोडिंग और पारदर्शिता के अभाव में काम



रेलवे को भारत की प्रगति की धुरी कहा जाता है, लेकिन जब यह प्रणाली भ्रष्टाचार, ओवरलोडिंग और पारदर्शिता के अभाव में काम करने लगे तो उसका असर न केवल व्यापार, बल्कि सुरक्षा और राजस्व पर भी पड़ता है। हम सरकार से अनुरोध करते है कि इस अनदेखे संकट को गंभीरता से लिया जाए और तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**राजेंद्र कपूर**
अध्यक्ष, ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

### प्रतिबंधित और अवैध माल का निर्बाध परिवहन

*एक और चिंताजनक पहलू यह है कि कई बार प्रतिबंधित, विस्फोटक या अनधिकृत सामग्रियां भी इन वैगनों के माध्यम से बेधड़क एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई जाती हैं। बिना निगरानी और चेकिंग के यह प्रक्रिया राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कहीं न कहीं रेलवे के अंदरूनी सिस्टम में भी लापरवाही या मिलीभगत है।*

### राजस्व का नुकसान और ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में असंतुलन

*संभावित आर्थिक हानि का विश्लेषण - भारतीय रेलवे द्वारा 2023-24 में कुल माल ढुलाई 91500 मिलियन टन, अनुमानित अवैध या अघोषित ट्रांसपोर्ट 3-5 फीसदी (45-75 मिलियन टन), औसतन फ्रेट दर 1.60 - 2.30 रुपए प्रति टन प्रति किलोमीटर, संभावित वार्षिक राजस्व हानि 3000 -5000 करोड़ रुपए। यदि इस ओवरलोडिंग पर लगे दंड शुल्क और टैक्स चोरी को जोड़ दिया जाए, तो यह हानि कई हजार करोड़ को पार कर सकती है।*

### एक न्यायसंगत परिवहन प्रणाली के लिए जरूरी

*उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया जाए, जो वैगन आवंटन प्रणाली और ओवरलोडिंग की विस्तृत जांच करें। जीएसटी इनवॉइस, ई-वे बिल और सामग्री विवरण को रेलवे मालवाहन में भी अनिवार्य किया जाए। वैगन आवंटन को डिजिटल, पारदर्शी और सार्वजनिक बनाया जाए। सीबीआईसी, डीजीजीआई और रेलवे सतर्कता निदेशालय की संयुक्त निगरानी होनी चाहिए। ईमानदार ट्रांसपोर्टरों को बराबरी का अवसर दिया जाए, जिससे देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली संतुलित व सुरक्षित बनी रहे।*

रक्षाबंधन से पहले होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग और फूड इंडस्ट्री को तोहफा

# फिर घटे कमर्शियल सिलेंडर के दाम, भोपाल में 1630 रुपए का हुआ 19 किलो वाला गैस सिलेंडर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



रक्षाबंधन पर्व के पहले भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर के करोड़ों उपभोक्ताओं जो 19 किग्रा वाले गैस सिलेंडर के उपभोक्ता है को सरकारी तेल कंपनियों ने तोहफा दिया है। कंपनियों ने शुक्रवार की सुबह 19 किलो ग्राम वजनी वाला कॅमर्शियल सिलेंडर को सस्ता कर दिया है। जिससे राजधानी भोपाल में इस सिलेंडर के दाम में 34 रुपए घटे और यह 1670 रुपए से घटकर 1626 रुपए हो गया है। आरके डिस्ट्रीब्यूटर्स गैस एजेंसी संचालक आर.के.गुप्ता के अनुसार सरकारी तेल कंपनियों द्वारा कॅमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम घटाने का फायदा होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग और फूड इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को होगा। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी कंपनियों ने पहली तारीख को एलपीजी गैस सिलेंडर को दामों को अपडेट किया है। ऑयल कंपनियों ने सुबह गैस सिलेंडर के दामों में कटौती की घोषणा की है। कॅमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में घटौती का सिलसिला पांच महीनों से जारी है। लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर के दाम जस के तस बने हुए है। उनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## विमानन टरबाइन ईंधन की कीमत में 3 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क दरों में उतार-चढ़ाव के अनुरूप शुक्रवार को विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमत 2,677.88 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.9 प्रतिशत बढ़कर 92,021.93 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है।

अप्रैल से शुरू हुई तीन मासिक कटौतियों के बाद जुलाई में यह बढ़ोतरी हुई है। तीनों कटौतियों में कुल मिलाकर कीमतों में 12,239.17 रुपए प्रति किलोलीटर की कटौती हुई थी। इसके बाद की बढ़ोतरी (8,949.38 रुपए प्रति किलोलीटर) ने लगभग तीन-चौथाई लाभ खत्म कर दिया है। एटीएफ की कीमत में वृद्धि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार युद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों में आई तेजी के अनुरूप है। इस वृद्धि से वाणिज्यिक एयरलाइनों पर बोझ बढ़ेगा, जिनके लिए ईंधन परिचालन लागत का लगभग 40 प्रतिशत है। मूल्य वृद्धि के प्रभाव पर एयरलाइनों से तत्काल कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हो सकी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 83,549.23 रुपए प्रति किलोलीटर से बढ़ाकर 86,077.14 रुपए प्रति किलोलीटर कर दी गई, जबकि चेन्नई और कोलकाता में इसकी कीमत क्रमशः 95,512.26 रुपए और 95,164.90 रुपए प्रति किलोलीटर कर दी गई। स्थानीय करों जैसे वैट के प्रभाव के आधार पर दरें शहर दर शहर अलग-अलग होती हैं।

## खबर संक्षेप

### एलेक्सा थर्ड-जेनरेशन 'इको शो फाइव' लांच

**नई दिल्ली।** अमेजन भारत में एलेक्सा के साथ थर्ड-जनरेशन इको शो 5 स्मार्ट डिस्प्ले लांच किया है। इसमें एक नया डिजाइन दिया गया है। बिल्ट-इन कैमरा के साथ 5.5' का कंपैक्ट स्मार्ट डिस्प्ले घर की आसानी से निगरानी करता है। एलेक्सा के साथ स्मार्ट होम कंट्रोल दिए गए हैं। पिछली जनरेशन के मुकाबले दोगुने बेस और स्पष्ट वोकल्स के साथ यह अभी तक का सबसे अच्छी साउंड वाला इको 5 है। यह फंक्शनैलिटी के साथ मनोरंजन भी प्रदान करता है।

### बीएलटी का आईपीओ 4 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** बीएलटी लॉजिस्टिक्स का आईपीओ खुलने की तारीख 4 अगस्त, 2025 है और यह 6 अगस्त, 2025 को बंद होगा। बीएलटी लॉजिस्टिक्स का आईपीओ एक बुक बिल्ड इश्यू है। कंपनी आईपीओ के ज़रिए लगभग 9.72 करोड़ जुटाएगी , जिसमें 9.72 करोड़ रुपए के नए शेयर और 10 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर शामिल हैं। बीएलटी के आईपीओ का मूल्य बैंड 71 से 75 रुपए प्रति शेयर है। खुदरा कोटा 35 फीसदी , क्यूआईबी 50 फीसदी और एचएनआई 15 फीसदी है।

### फ्रेडन का शुद्ध मुनाफा 64 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** फ्रेडन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने पहली तिमाही के शानदार नतीजे दर्ज किए हैं, जिसमें शुद्ध लाभ साल-दर-साल 64 फीसदी बढ़कर 6.77 करोड़ रुपए हो गया। कुल आय 52 फीसदी बढ़कर 119.86 करोड़ हो गई, जबकि एबिटडा 62 फीसदी बढ़कर 16.99 करोड़ हो गया। कंपनी के पास 200 करोड़ से ज़्यादा की मज़बूत ऑर्डर बुक है और इसकी क्रेडिट रेटिंग आईवीआर बीबीबी, स्टेबल में अपग्रेड हो गई है। इसके अलावा, फ्रेडुन ने अपने बोर्ड में दो नए स्वतंत्र निदेशक, अंशु अग्रवाल और सोनल देसाई को पाँच साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया है।

### रेनो ग्रुप ने अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त

**नई दिल्ली।** रेनो ग्रुप ने चेन्नई स्थित ज्वॉइंट प्लांट में निसान की शेष 51 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है। इस अधिग्रहण के साथ रेनो प्लांट का एकमात्र मालिक बन गया है। आरएनएआईपीएल अब रेनो ग्रुप के समेकित फाइनेंशियल स्टेटमेंट में पूरी तरह से एकीकृत हो जाएगा। रेनो ग्रुप की महत्वपूर्ण घोषणाओं के बीच यह बड़ा कदम उठाया गया है, जैसे फ्रांस के बाहर रेनो ग्रुप के सबसे बड़े डिज़ाइन सेंटर की ओपनिंग जिसकी घोषणा अप्रैल में की गई थी तथा नए रेनो ट्राइबर का लांच की।

भारतीय उद्योग व्यापार की कल होगी बैठक

# जीएसटी आसान बनाने, ई-कॉमर्स ट्रंप टैरिफ पर व्यापारी करेंगे 'मंथन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कारोबारियों के प्रमुख संगठनों में से एक भारतीय उद्योग व्यापार मंडल 3 अगस्त को 44 वें स्थापना दिवस पर व्यापारी दिवस मनाने जा रहा है। इस दिन देश भर से जुटने वाले कारोबारी जीएसटी सरलीकरण, ई-कॉमर्स, ट्रंप टैरिफ जैसे विभिन्न कारोबारी मुद्दों पर करेंगे। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय कानून व न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय सड़क परिवहन और कॉरपोरेट मंत्रालय के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा शामिल हो सकते हैं।

### जीएसटी आसान बनाने और ई-कॉमर्स पर अंकुश की मांग

मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम में कारोबारी जीएसटी, ई-कॉमर्स, ट्रंप टैरिफ समेत विभिन्न कारोबारी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को अब जीएसटी का सरलीकरण कर तीन ही श्रेणियां रखनी चाहिए। शून्य श्रेणी में सभी खाद्य पदार्थों को रखा जाए चाहे उनका वजन या पैकिंग कुछ भी हो। बाकी दो श्रेणियां 5 और 18 फीसदी की होनी चाहिए। गुप्ता ने कहा कि अमेरिका द्वारा 25 फीसदी टैरिफ लगाने से भी कारोबारी चिंतित है। इस पर भी इस कार्यक्रम में चर्चा की जाएगी कि कैसे इसका सामना किया जाए और कैसे अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में कारोबार के अवसर तलाशे जाएं? मंडल के वरिष्ठ महासचिव हेमंत गुप्ता ने कहा कि ई-कॉमर्स से छोटे कारोबारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि ये एमआरपी से कम कीमत पर उत्पाद बेच रहे हैं। इसलिए ई-कॉमर्स के गलत कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए बैंक व बीमा क्षेत्र की तर्ज पर एक नियामक नियुक्त किया जाए।

# बढ़ी हुई क्रय दर से 'सांची' दुग्ध उत्पादकों के घर-परिवार में आई 'खुशियों की बहार'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




मध्यप्रदेश स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध 6 दुग्ध संघ भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और बुंदेलखंड दुग्ध संघ अंतर्गत दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से बढ़ी हुई क्रय दर से दूध क्रय किए जाने से 'सांची' दुग्ध उत्पादकों के घर-परिवार में खुशियों की बहार आ गई है। गौरतलब है कि एमपीसीडीएफ और संबद्ध दुग्ध संघों का संचालन राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा सम्भालने के बाद से दूध क्रय दरों में वृद्धियां की गई है, इस वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ सभी पशुपालकों को भी मिल सकेगा। इतना ही नहीं बढ़ी हुई दर से दूध क्रय करने का नियमित भुगतान भी माह में तीन बार निर्धारित तिथियों में किया जा रहा है। दुग्ध संघों द्वारा वृद्धि दर से दूध क्रय कर निर्धारित तिथियों में नियमित भुगतान होने से दूध उत्पादकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ह्दय से धन्यवाद दिया गया है।

### दूध क्रय दर वृद्धि सराहनीय कदम

*त्यौहारों के दृष्टिगत दुग्ध उत्पादकों को लाभांवित करने उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा रूपए 800 प्रति किग्रा फैट (दूसरी बार वृद्धि), ग्वालियर दुग्ध संघ द्वारा रूपए 820 प्रति किग्रा फैट (तीसरी बार वृद्धि), बुंदेलखण्ड दुग्ध संघ द्वारा रूपए 820 प्रति किग्रा फैट (दूसरी बार वृद्धि) की गई है। इसके पहले अन्य दुग्ध संघों यथा भोपाल, जबलपुर, इंदौर में वृद्धि कर दुग्ध उत्पादकों को लाभांवित करने का सराहनीय कदम उठाया गया था। उल्लेखनीय है कि सांची द्वारा अपने दुग्ध उत्पादकों के दूध क्रय में वृद्धि कर आर्थिक मजबूत करने जैसे सराहनीय निर्णय ऐसे समय पर लिए जा रहे है, जब अन्य निजी कंपनियों व क्रेताओं द्वारा दूध के क्रय की दरों में कमी की जा रही है।*

नया मोड़ ला सकते हैं 9 कैरेट वाले सोने के गहने

# आसमान छूती कीमतों के बीच बीएसआई का निर्णय उपभोक्ता के लिए साबित होगा किफायती



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय मानक ब्यूरो (बीएसआई) द्वारा 9 कैरेट सोने को अनिवार्य हॉलमार्किंग प्रणाली में शामिल किए जाने के निर्णय उपभोक्ता हित में सार्थक और दूरदर्शी कदम है। यह कदम देश के आभूषण बाजार में एक नई गहमागहमी उत्पन्न करेंगी। यह कहना है कि राजधानी के सराफा कारोबार से जुड़े व्यापारियों का। सराफा व्यापारी आनंद सोनी ने कहाकि 24 और 22 कैरेट सोने की आसमान छूती कीमतों के बीच यह निर्णय आम उपभोक्ता को किफायती विकल्प उपलब्ध कराएगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और नकली या मिश्रित धातु वाले गहनों पर रोक लगेगी।

### ग्राहकों के लिए क्या बदलेगा

*बीआईएस के अनुसार ग्राहकों को अब कम कीमत में हॉलमार्क युक्त गहनों का विकल्प मिलेगा। यह बाजार में नकली या निम्न-गुणवत्ता के आभूषणों की संख्या में कमी लाएगा। साथ ही, खुले बाजार में गैर-कानूनी गहनों की बिक्री पर रोक लगाएगा।*

### ज्वेलर्स के लिए नई संभावनाएं

*आनंद सोनी ने कहाकि अब हम 9 कैरेट में हल्के डिजाइन और वॉल्यूम-आधारित कलेक्शन पर काम कर सकते हैं। ई-कॉमर्स मंचों पर भी लो-कॉस्ट हॉलमार्क गहनों का ट्रेंड बढ़ेगा, जिससे पूरे क्षेत्र को नई गतिशीलता मिलेगी। सरकार ने 9 कैरेट सोने के आभूषणों के प्रमाणन के तरीके में और भी बड़े बदलाव किए हैं। अब 9 ग्राम सोने पर भी आधिकारिक हॉल मार्किंग मिल सकेगी। इसका मतलब है कि सस्ते सोने के आभूषण भी गुणवत्ता की गारंटी के साथ मिलेंगे।*

## मेघालय पाइन एप्पल फेस्टिवल 2025 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेघालय पाइनएप्पल फेस्टिवल, 2025, अपने तीसरे संस्करण के साथ शुक्रवार को नई दिल्ली में एक बार फिर लौटा। यह पर्व न केवल मेघालय की कृषि सफलता का उत्सव है, बल्कि भारत के किसानों के उज्ज्वल भविष्य की झलक भी है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया, जिनके साथ मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा तथा भारत सरकार और मेघालय सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

चौहान ने कहाकि दिल्ली की हवाओं में मेघालय की महक महसूस की जा रही है। यहां की फिजाएं आज मेघालय के अनानास से सराबोर हैं। मुझे पहले से पता था कि मेघालय में बहुत अच्छा अनानास होता है, लेकिन जब आज मैंने खाया, तो खाता ही रह गया। ऐसा रस और ऐसी मिठास मैंने किसी अनानास में नहीं देखी। मैं भारत सरकार की ओर से यह भरोसा देता हूं कि जब भी मेघालय से आवाज आएगी, भारत सरकार और कृषि मंत्रालय हमेशा साथ खड़े रहेंगे।

## मंडी बोर्ड में सेवारत चीफ प्रोग्रामर चौबे सेवानिवृत अधिकारी-कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई



**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड में सेवारत चीफ प्रोग्रामर संदीप कुमार चौबे अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर मंडी बोर्ड परिसर में उन्हें सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। चौबे का योगदान मध्यप्रदेश की मंडियों में हमेशा याद रखा जाएगा। इन्होंने ई-अनुज्ञा, ई- मंडी एमपी फार्म गेट एप, फ्लाइंग एस्कॉर्ट एप ,उपस्थित एप जैसे कई नवाचार मध्य प्रदेश की मंडियों को दिए। चौबे ने एमआईएस शाखा में रहते हुए डाटा का संकलन उत्कृष्ट रूप से किया गया है। मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक ने एक अच्छे अधिकारी के रूप में याद रखे जाने वाले व्यक्ति के रूप में संबोधित किया गया और इनके कुशल जीवन के लिए मंगलकामनाएं की।

## हस्तकला सेतु योजना को मिला जीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अहमदाबाद।** हस्तकला सेतु योजना जो कि गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्तालय की एक पहल है और जिसे भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान , अहमदाबाद द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है, को 'जीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड गुजरात चैप्टर' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हस्तशिल्प के प्रचार-प्रसार और भौगोलिक संकेतक टैगिंग में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 'आर्थिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और वैश्विक पहचान के लिए जीआई का उपयोग' के दौरान प्रदान किया गया, जिसका आयोजन बौद्धिक संपदा प्रतिभा खोज परीक्षा और गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। यह सम्मान गुजरात की पारंपरिक हस्तकलाओं के संरक्षण, शिल्पकारों को टिकाऊ आजीविका के निर्माण में समर्थन देने, तथा उनकी विशिष्ट कला को संरक्षित रखते हुए उन्हें बदलते बाजारों में नए अवसर दिलाने के प्रति इस परियोजना की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है मेसर्स श्रीमती रेखा राय, स्टोन क्वारी (गिट्टी) 3.50 हेक्टेयर (क्षमता -5,500 क्यूबिक मीटर) खसरा नं. 7 ग्राम रसूलिया पठार तहसील हुजूर जिला भोपाल में प्रस्तावित स्टोन क्वारी की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति संबंध में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक-सार का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर भोपाल, कार्यालय जिला पंचायत भोपाल, ग्राम रसूलिया पठार. तहसील हुजूर जिला भोपाल, कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भोपाल, कार्यालय जनपद जिला भोपाल, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड़ क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास, ई-5, अरेरा कालोनी भोपाल मुख्यालय / क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, भोपाल में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। उक्त परियोजना के कार्यपालक-सार की जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बेवसाइट www.mppcb.mp.gov.in पर भी उपलब्ध है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों (Concerned Regulatory Authority) / क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल, के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक 03.09.2025 दिन बुधवार को 11:30 बजे से उत्खनिपट्टा क्षेत्र ग्राम रसूलिया पठार तहसील हुजूर जिला भोपाल में आयोजित की गई है, जिसमें भी सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल**

# आईईएस यूनिवर्सिटी के एलुमनाई ने विश्व स्तर पर परचम लहराया

**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी मध्यभारत के सर्वाधिक विश्वसनीय विश्वविद्यालय के रूप में सम्मानित है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के छात्रों ने देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपना परचम लहराया। आईईएस के छात्र भारत की टॉप एमएनसी के साथ विदेशो में जिनमे दुबई, युएसए, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन (लंदन), मलेशिया, कनाडा, सिंगापुर आदि जैसे कई देशों की टॉप एम एन सी में कार्यरत होकर वही कई छात्रों ने स्टार्टअप द्वारा भी संस्था को गौरवान्वित किया। आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा 2025 बैच के छात्र का शानदार प्लेसमेंट जारी है। आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्रो का शानदार प्लेसमेंट जारी है।



## बिजनेस न्यूज

### दि ओरिएंटल स्कूल में चतुर्थ इंवेस्टिचर सेरेमनी काआयोजन



**भोपाल।** दि ओरिएंटल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए छात्र परिषद के गठन के लिए चतुर्थ इंवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर आशीष रिखे, ओजीआई समूह के चेयरमैन प्रवीण ठकराल एवं चेयरपर्सन सुनीता ठकराल उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसके बाद हेड बॉय अनहद सिंह शाह और हेड गर्ल खुशी शर्मा के नेतृत्व में छात्र परिषद सदस्यों ने पद और कर्तव्य की शपथ ली। इस मौके ब्रिगेडियर रिखे ने कहा कि स्कूल जीवन सबसे सुंदर समय होता है इसका भरपूर उपयोग करें। सही और उचित में फर्क समझें और हमेशा वही करें जो उचित हो। दूसरों को भी बेहतर बनने में सहायता करें। प्राचार्या ने छात्र नेताओं को शुभकामनाएं दीं और उन्हें नेतृत्व, सेवा और अनुशासन का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का समापन छात्र प्रतिनिधियों को बैज व सैश प्रदान कर सम्मानित करते हुए हुआ।

### फेनेस्टा ने मध्य प्रदेश में खोला 12वां शोरूम



**भोपाल।** ब्रांड फेनेस्टा ने मध्यप्रदेश के नीमच में कंपनी का 12वां शोरूम के लांच कर अपने रीटेल फुटप्रिंट का विस्तार किया है। जो देश भर में विश्वस्तरीय फेनेस्ट्रेशन समाधान उपलब्ध कराने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह नया शोरूम इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह उपभोक्ताओं को फेनेस्टा के संपूर्ण पोर्टफोलियो का व्यापक एवं प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें आधुनिक डिज़ाइनां में तैयार किए गए यूपीवीसी, एलुमिनियम विंडोज़ एवं डोर्स, सोलिड पैनल डोर और फॉसेड्स एवं प्रीमियम हार्डवेयर शामिल हैं। फेनेस्टा के बिजनेस हेड साकेत जैन ने कहाकिनीमच में नए शोरूम का लांच करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह एक उभरता मार्केट है जहां उपभोक्ताओं की जरूरतें तेजी से बढ़ रही हैं।

### होंडा ने नई सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स की बुकिंग शुरू की

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने नई सीबी 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स लांच कर बाइक प्रेमियों को खुश कर दिया है। यूथ को ध्यान में रखते हुए सीबी 125 हॉर्नेट को स्टाइलिश लुक और दमदार परफॉर्मेंस के साथ पेश किया गया है जो कहती है 'राइड योर रिज'। वहीं शाइन 100 डीएक्स अब और भी बेहतर फीचर्स और प्रीमियम स्टाइलिंग के साथ है, जैसे ग्राहक उम्मीद करते हैं - 'सॉलिड है'। सीबी 125 हॉर्नेट की शुरुआती कीमत 1,12,000 रुपए है और शाइन 100 डीएक्स 74,959 रुपए में उपलब्ध है ।



### सैमसंग ने लांच किया वॉक-ए-थॉन इंडिया का तीसरा संस्करण

**गुरुग्राम।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने 'वॉक-ए-थॉन इंडिया' के तीसरे संस्करण की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 25 अगस्त को होगी। यह अभियान भारत में लोगों को एक सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। वॉक-ए-थॉन के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं और यह चैलेंज केवल भारतीय यूजर्स के लिए है और 1 अगस्त से 30 अगस्त, 2025 तक चलेगा। प्रतिभागियों को 30 दिनों में 2,00,000 कदम पूरे करने होंगे ताकि वे रोमांचक पुरस्कारों के लिए योग्य हो सकें। सभी फिनिशर्स को सुनिश्चित पुरस्कार मिलेंगे।

**कार्यालय संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल**
**भदभदा रोड भोपाल-462003**

E-mail: flvanynp.bplamp.gov.in, Phone & Fax 0755-2674278

क्रमांक/भंडार/2431 भोपाल, दिनांक 25/7/25

// ई-निविदा सूचना //

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू भोपाल में साफ-सफाई के उपयोग हेतु समस्त सफाई सामग्री क्रय हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निर्माताओ/अधिकृत विक्रेताओ से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज/प्रपत्र वेवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु 500/- (पांच सौ रुपये) ऑनलाइन पोर्टल पर Credit card / Debit card / Internet banking भुगतान कर वेवसाइट https://mptenders.gov.in क्रय किये जा सकेगे।

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने की तिथि 31.07.2025
2. Bid Submission start date 31.07.2025 Time 04:00 PM
3- Pre-Bid Meeting date 12.08.2025 Time 11:00 AM
4. Bid Submission end date 20.08.2025 Time 04:00 PM
5. Bid Opening date 21.08.2025 Time 04:00 PM

संचालक
वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू
भोपाल

G-16566/25

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## चिंतन

# अदालतों में बेनकाब हो रही जांच एजेंसियों की विफलताएं

क्या हमारी जांच एजेंसियां कॉम्पिटेंट नहीं रह गई हैं। मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव ब्लास्ट केस की जांच में जिस तरह आरोपित बरी हो गए, उससे लगता है कि पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसी एजेंसियों ने सुबूत जुटाने में कानूनी बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया। आखिर घटना तो घटी है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में लोकल ट्रेन में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिसमें 178 से अधिक लोग मारे गए थे, उसी तरह मालेगांव ब्लास्ट में भी 7 लोग मारे गए थे व 93 लोग घायल हुए थे। जिन मामले में आतंकी कनेक्शन हैं, उसकी जांच में भी ऐसी लापरवाही आखिर क्यों? ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि एनआईए, सीबीआई, एसआईटी जैसी विशेषज्ञ जांचकर्ता वाली एजेंसियां अपने काम में कोताही बरतती होंगी, या उन्हें तकनीकी जांच का तरीका नहीं मालूम है। इसके बाद भी अगर आतंकी कनेक्शन वाले ब्लास्ट केसों में आरोपित बरी हो जा रहे हैं, हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे ही। आखिर अदालतों में जांच एजेंसियों की विफलताएं क्यों बेनकाब हो रही है? करीब 17 वर्ष पहले 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें भगवा आतंकवाद का जुमला कांग्रेस की तरफ से उछला था। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने इस मामले में अभियुक्त रहीं बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर व कर्नल पुरोहित समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी अभियुक्तों को निर्दोष करार देते हुए कहा, 'यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जिसमें आम नागरिकों की जान गई, लेकिन अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए निर्णायक सबूत पेश नहीं कर पाया।' न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, 'केवल शक के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं किए जा सकते।' अदालत की टिप्पणी जांच एजेंसियों के कामकाज की कलई खोलती है। अदालत ने ऐसी ही सख्त टिप्पणी मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में भी सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए की थी। मालेगांव ब्लास्ट किसने करवाया, 17 साल बाद भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है। इसी तरह मुंबई सीरियल ब्लास्ट के गुनहगारों का भी पता नहीं लगाया जा सका है। एक ही महीने में आए इन दो फ़ैसलों ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मालेगांव का मामला इसलिए भी अधिक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बड़ा बन गया, क्योंकि पहली बार ऐसी घटना में हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। इसके अलावा, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी धमाके की साज़िश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया था। वे उस समय भारतीय सेना में कार्यरत थे। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अभी कुछ ही दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सुप्रीम कोर्ट ने उसकी कार्यप्रणाली व कनविक्शन रेट को लेकर फटकार लगाई थी। ऐसा लग रहा है कि जांच एजेंसियां गंभीरता से तथ्यों के आधार पर काम नहीं कर रही हैं, परसेप्शन व शक को अधिक तरजीह दे रही हैं, शायद इसलिए केस अदालतों में नहीं ठहर रहे हैं। सरकार की ओर से लोकसभा में दिए गए आंकड़े के मुताबिक, ईडी की सफलता दर सिर्फ 0.13 फीसदी है 5892 मामले दर्ज किए, जिसमें 77% में साक्ष्य नही और केवल 8% दोषी करार दिए गए। पिछले दस सालों में ईडी ने राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से केवल दो में ही केस बने। जांच एजेंसियों को आत्मावलोकन करना चाहिए और मुंबई-मालेगांव ब्लास्ट के दोषियों का पता लगाना चाहिए।



रूस त्रासदी
प्रमोद भार्गव

# भूकंप-सुनामी दे रहे खतरनाक संदेश

रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

तीन साल से भी अधिक समय से यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस में 8.8 तीव्रता के भीषण भूकंप ने नई त्रासदी खड़ी कर दी है। रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। इसे समुद्री सुनामी कहा गया था। इस सुनामी से जापान के फुकुशिमा, दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र का कूलिंग सिस्टम निष्क्रिय करना पड़ा था। कामचटका में चार नवंबर 1992 को आए 9.0 तीव्रता के भूकंप के कारण भारी क्षति हुई थी। इस भूकंप से जनहानि इसलिए नहीं होने पाई, क्योंकि भूकंप क्षेत्र से रूस का बड़ा शहर पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्सकी लगभग 119 किमी की दूरी पर है। यहां की आबादी 18 लाख हैं।

भूकंप के बाद आने वाली सुनामी के खतरे से जापान, चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर के तटवर्ती देशों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जापानी और अमेरिकी भूकंप वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भूकंप की आरंभिक तीव्रता 8.0 थी, किंतु अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस तीव्रता का आकलन 8.8 किया और इसे 20.7 किमी भू-गर्भ से आना बताया है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केन्द्र के समन्वयक डेव स्नाइडर का कहना है कि सुनामी जैसी लहरों का प्रभाव कई घंटों या एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है। किंतु जब लहरें किनारे के निकट पहुंचती हैं, तब उनकी गति धीमी पड़ जाती है। किंतु किनारे पर इनके एकत्रीकरण से जल प्रलावन की आशंका बढ़ जाती है। इस कारण पानी की ये लहरें धरती पर पहुंचती हैं और आगे- पीछे होती रहती हैं। दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में हमारा भी हाथ होता है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मान्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। 2011 में जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चलता है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी



अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर हैं। जापान, इक्वाडोर और नेपाल समेत पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है,जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। जापान के कुमामोतो में आया भूकंप जमीन से 20 किमी और क्योटो का 10 किमी नीचे था। जबकि नेपाल में जो भूकंप आया था, वह जमीन से महज 15 किमी नीचे था। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगें जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। दरअसल, सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे भी आते हैं,लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है,इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती है। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

यूरोपीय देशों में दो शताब्दियों के भीतर बेतहाशा अमीरी बढ़ी है। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण इसी अमीरी की उपज है। यह कथित विकासवादी अवधारणा कुछ और नहीं, प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन कर, पृथ्वी को खोखला करने के ऐसे उपाय हैं, जो ब्रह्मांड में फैले अवयवों में असंतुलन बढ़ा रहे हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था

राजेश माहेश्वरी



# डिजिटल भुगतान से आर्थिक विकास को मिली नई गति

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए एक नोट, 'बढ़ता रिटेल डिजिटल भुगतानः इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व' के अनुसार, भारत तेज भुगतान में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार एकीकृत भुगतान इंटरफेस है, जिसे यूपीआई के नाम से जाना जाता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने देश में लोगों के पैसे भेजने और प्राप्त करने के तरीके को बदल दिया है। आज, भारत में यूपीआई के माध्यम से हर महीने 18 बिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन होते हैं। यूपीआई अब केवल एक भुगतान प्रणाली नहीं है। यह सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में नवाचार के लिए एक वैश्विक मानक है। आज यूपीआई का स्तर उल्लेखनीय है। अकेले जून 2025 में, इसने 24.03 लाख करोड़ रुपए से अधिक के भुगतान किए। इसके जरिए 18.39 बिलियन ट्रांजेक्शन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 बिलियन लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक साल में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यूपीआई प्रणाली अब 491 मिलियन लोगों और 65 मिलियन कारोबारियों को सेवाएं देती है। यह 675 बैंकों को एक ही मंच पर जोड़ती है, जिससे लोग बिना किसी चिंता के आसानी से भुगतान कर सकते हैं कि वे किस बैंक का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के डिजिटल भुगतान का दायरा अभूतपूर्व वृद्धि के साथ पूरी दुनिया में अग्रणी बन चुका है। इस डिजिटल भुगतान की लहर ने विशेष रूप से वंचित एवं ग्रामीण समुदायों के वित्तीय लेनदेन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-एनपीसीआई, फिनटेक कंपनियों, बैंकों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खास तौर पर टियर-2 और टियर-3 शहरों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू और कश्मीर जैसी पिछड़े और संवेदनशील क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती करने के लिए 2021 में आरबीआई ने पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड- पीआईडीएफ की स्थापना की। अब तक इस फंड के माध्यम से लगभग 4.77 करोड़ डिजिटल टच पॉइंट देशभर में तैनात किए जा चुके हैं। ये टच पॉइंट डिजिटल भुगतान की सुविधाओं को छोटे से छोटे गांव, कस्बा, सरकारी दफ्तर और व्यापारी केंद्रों तक पहुंचाने में सहायक हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की प्रगति को मापने के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक यानी आरबीआई-डीपीआई विकसित किया है, जो हर छह महीने में प्रकाशित होता है। यह सूचकांक मार्च 2025 तक 493.22 पर पहुंच गया, जो देशभर में डिजिटल भुगतान के अपनाने, बुनियादी ढांचे और प्रदर्शन में निरंतर बढ़ोत्तरी को दर्शाता है। यह संकेत है कि भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से सशक्त हो रहा है। यूपीआई की मदद से लाखों छोटे विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार कर पा रहे हैं, जिससे नकद लेनदेन की निर्भरता कम हो रही है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए कम-मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देना, टीआरईडीएस के माध्यम से छूट देने की व्यवस्था और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए व्यापारी छूट दर को युक्तिसंगत बनाना जैसे कदम डिजिटल भुगतान को अधिक सुलभ और लाभकारी बना रहे हैं। यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान का सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला माध्यम बना हुआ है। डिजिटल भुगतान की इस तेजी के साथ भारत ने खुद को एक अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी के रूप में स्थापित कर लिया है। डिजिटल रुपया और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान नेटवर्क के विकास से वित्तीय लेनदेन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्वरित होंगे। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म्स को और देश-विदेश में विस्तार देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भारत एक ग्लोबल डिजिटल पेमेंट हब बन सके। भारत यूपीआई को ब्रिक्स समूह में एक मानक बनाने के लिए भी प्रयास कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो इससे रिमिटेंस में सुधार होगा, वित्तीय समावेशन में तेजी आएगी और डिजिटल भुगतान में वैश्विक तकनीकी अग्रणी के तौर पर भारत की छवि मजबूत होगी। भारत के डिजिटल भुगतान सशक्तिकरण ने न केवल आर्थिक लेनदेन को सरल बनाया है, बल्कि गरीब और पिछड़े वर्गों को भी वित्तीय दुनिया का हिस्सा बनाया है। यह डिजिटल इंडिया की सफलता की कहानी है, जो रोजाना करोड़ों नागरिकों की जिंदगी में सुधार लाकर भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रही है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## सटाका




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। – **कुणाल सिंह ठाकुर**

## करंट अफेयर

# रूस के हमले में 31 लोगों की मौत के बाद कीव में शोक दिवस


**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच बच्चों समेत 31 लोगों की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को शहर में आधिकारिक शोक दिवस मनाया गया। इस हमले में 150 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों में सबसे कम उम्र का पीड़ित दो वर्ष का था, तथा घायलों में 16 बच्चे शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2022 में शहर पर हवाई हमले शुरू होने के बाद से कीव पर एक ही हमले में मारे गए और घायल हुए बच्चों की यह सबसे अधिक संख्या है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी बमबारी से शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया जबकि 100 से अधिक अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें घर, स्कूल, किंडरगार्टन, चिकित्सा सुविधाएं और विश्वविद्यालय शामिल हैं। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बाद नागरिक क्षेत्रों पर हमले बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित पश्चिमी नेताओं के आह्वान को नजरअंदाज करते हुए रूस ने हाल के महीनों में यूक्रेनी शहरों पर अपने हमलों को बढ़ा दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि जुलाई में रूस ने यूक्रेन के खिलाफ 5,100 से ज्यादा ग्लाइड बम, 3800 से ज्यादा ड्रोन और विभिन्न प्रकार की लगभग 260 मिसाइलें दागी थीं, जिनमें से 128 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं।



## ऑफ बीट

# नजरें मिलते ही भांप जाता, कुत्ता पढ़ सकता है आपका दिमाग

**लंदन।** कुत्ते एक शानदार साथी होते हैं क्योंकि आपने गौर किया होगा कि जब आप रो रहे होते हैं तो वे अपने सिर को थोड़ा झुका कर आपको सांत्वना दे रहे होते हैं... जब आप तनाव में होते हैं तो वे दबे पांव आपके समीप आ जाते हैं और जब आप बहुत परेशानी में होते हैं तो वे आपका कभी साथ नहीं छोड़ते। मनुष्य और कुत्ते के हजारों वर्षों के साथ का यह नतीजा है कि वे हमारी आवाज, चेहरे के भावों, यहां तक हमारे मस्तिष्क की रासायनिक गतिविधियों के साथ सामंजस्य कायम कर लेते हैं। लंदन साउट बैंक यूनिवर्सिटी ने अपने नए रिसर्च के बाद यह दावा किया है। यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता प्रोफेसर लौरा एलिन पिगॉट ने बताया, जब आपके कुत्ते के साथ आपकी आंख मिलती है तो उसे यह भांपने में चंद सेकेंड भी नहीं लगते है कि आपके भीतर कौन सी भावनाएं उत्पन्न हो रही हैं। यदि आप अपने कुत्ते को देखकर खुश होते हैं तो इस खुशी के कारण भी आपके मस्तिष्क में प्रेम करने वाले हार्मोन अर्थात ऑक्सीटोसिन का स्राव होने लगता है। इस असाधारण मनोवैज्ञानिक बुद्धिमत्ता का आगाज मस्तिष्क से ही होता है। कुत्ते के दिमाग में चंद ऐसे क्षेत्र होते हैं जो मानव की तरह आवाजों को लेकर संवेदनशील होते हैं।



## ट्रेंड

### खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



देशभर के अन्नदाताओं के कल्याण और खाद्य सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बजट को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इससे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बढ़ावा मिलने के साथ ही हमारे किसान भाई-बहनों की आय भी बढ़ेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### तिलक को श्रद्धांजलि



देश की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले 'लोकमान्य' बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनके तेजस्वी विचार सभी देशवासियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### शुरुआत अपने घर से



बड़े बदलाव की शुरुआत हमेशा अपने घर से ही करनी होती है और हमने यही किया है। आज पहले महिला एवं बाल विकास विभाग को साफ़ किया, कर्मचारियों को जागरूक किया। क्योंकि जब हम खुद बदलाव को जीते हैं तभी समाज को प्रेरित कर सकते हैं।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### नशा विरोधी पाठ्यक्रम



'युद्ध, नशे के विरुद्ध' अब सिर्फ़ नारा नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। आज से पंजाब के स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नशा विरोधी पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।



## सीएम ने की भोपाल में श्रीराम संग्रहालय बनाने तुलसी मानस प्रतिष्ठान को 5 करोड़ रुपए की विकास राशि देने की घोषणा

# गुरु गोविंददेव गिरि महाराज को मिला पद्मभूषण युगतुलसी पं. रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा तुलसी जयंती के अवसर पर मानस भवन में दो दिवसीय तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गोस्वामी तुलसीदास जी का 528वां जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। तुलसीदासजी ने रामचरित मानस के जरिए देश को एक ऐसी काव्यधारा प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु गोविंददेव गिरि महाराज को पदमभूषण युगतुलसी पंडित रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया। साथ ही उन्होंने भोपाल में श्रीराम संग्रहालय बनाने के लिए तुलसी मानस प्रतिष्ठान को 5 करोड रुपए की विकास राशि देने की घोषणा भी की।




## हनुमंत जी के बाल्यकाल से लेकर लंका दहन की गाथा कहती 'हनुमान लीला'

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर.... भगवान शंकर के रुद्र अवतार हनुमान जी ने जहां अपने बाल्यकाल में सूरज को निगलने का दुस्साहस किया था, वहीं बड़े होकर लंका दहन के रूप में उन्होंने अपना विराट स्वरुप भी दुनिया को दिखाया और श्री राम की अर्धांगिनी माता सीता का पता लगाया, साथ ही राम-रावण के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर असत्य पर सत्य की जीत का उदाहरण प्रस्तुत किया। हनुमान जी की इसी लीला पर आधारित करीब 1 घंटा 40 मिनट की प्रस्तुति को 40 कलाकारों ने बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया। 'हनुमान लीला' के इस मनभावन प्रस्तुति का निर्देशन किया चंद्र माधव बारीक ने।






## प्रीति मान की रचनात्मकता प्रदर्शित



## क्लासिकल म्यूजिक, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट पर आधारित फोटोग्राफ्स से सजी दीर्घा


एलाइंस फ्रांसिस में 'इंटीरियरयटी ऑफ रागा' पर आधारित फोटोग्राफी एग्जीबिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलाइंस फ्रांसिस में 'इंटीरियरयटी ऑफ रागा' पर आधारित फोटोग्राफी एग्जीबिशन शुक्रवार से शुरू हो गई, जिसमें प्रीति मान के 24 फोटोग्राफ्स एग्जीबिट किए गए। इन सभी फोटोग में इंडियन म्यूजिक, क्लासिकल म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट और इन इंस्ट्रूमेंट को सुधारने की तकनीक के फोटो शामिल किए हैं।

प्रीति कहती हैं कि मैं पिछले 15 साल से फोटोग्राफी करती आ रही हूं और मेरा मुख्य विषय आर्ट एंड कल्चर है, इसीलिए मेरा फोकस क्लासिकल म्यूजिक और डांस पर ही रहता है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में मैं अपनी एग्जीबिशन क्लासिकल डांस पर आधारित रखूंगी, जिसमें नृत्य की विभिन्न मुद्राओं के साथ-साथ उनके हाव-भाव भी शामिल होंगे।





## भारत भवन में शुरू हुआ तीन दिवसीय संतवाणी समारोह और कृष्णा सेट्टी के चित्रों की एकल प्रदर्शनी

# 375 कलाकृतियों में दिखा फिगरेटिव से एब्सट्रैक्ट तक का रचनात्मक सफर

## भक्ति की गहराई में महफिल को सूफी रंग से सराबोर करती गायन प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में शुक्रवार को कला और भक्ति का अद्भुत मिलाजुला रूप देखने को मिला। एक तरफ जहां प्रसिद्ध वरिष्ठ कलाकार और कला समीक्षक सीएस कृष्णा सेट्टी के चित्रों की प्रदर्शनी शुरू हुई, वहीं दूसरी तरफ कालजयी संतों के भक्ति गीतों पर आधारित संतवाणी समारोह का शुभारंभ हुआ। इस संयोग ने कला और भक्ति के क्षेत्र में नए आयाम को स्थापित किया, जिससे उपस्थित दर्शकों को एक अनोखा अनुभव हुआ। सीएस कृष्णा सेट्टी की कला में गहरी सोच और संवेदनशीलता की झलक मिलती है, जो उनके चित्रों में दिखाई देती है। वहीं, संतवाणी समारोह में भारतीय संतों की अमर धारा के गीतों ने श्रोताओं के दिलों में भक्ति का उमंग जगाया। यह समागम न केवल कला के प्रेमियों को आकर्षित करने वाला था, बल्कि यह संस्कृति और अध्यात्म के संगम को भी प्रदर्शित कर रहा था।



### हर दर्शक को चित्र देखकर उसका टाइटल देने का अवसर मिलना चाहिए

अपने विचारों को रंगों और रूपाकारों में ढालने वाले सेट्टी के चित्रों की एकल प्रदर्शनी का शुभारंभ बहुकला केंद्र की मॉर्डन आर्ट गैलरी में हुआ। जिसमें 375 कलाकृतियों में उनके फिगरेटिव से एब्स्ट्रैक्ट तक के रचनात्मक सफर को देखा जा सकता है। वे बताते हैं कि बचपन से ही मुझे ड्राइंग का शौक था, एक समय ऐसा भी था जब उन्हें यह तक नहीं मालूम था कि 50 वर्ष पहले आर्ट कॉलेज नामक कोई संस्थान भी होता है। कॉलेज में मैंने पोर्ट्रेट बनाना शुरू किया और मेरा रुझान फिगरेटिव से एब्स्ट्रैक्ट फॉर्म की ओर बढ़ता गया। आज मैं एब्सट्रैक्ट आर्ट को ही अपनी आत्मभिव्यक्ति का मुख्य माध्यम मानता हूं। सबसे खास यह है कि इन चित्रों को कोई टाइटल नहीं दिया। उनका मानना है कि हर दर्शक को चित्र देखकर स्वयं उसका अर्थ निकालने और टाइटल देने का अवसर मिलना चाहिए।



### संतवाणी समारोह में भक्ति रस की दो सुरमयी सभाओं का आयोजन

अंतरंग सभागार में संतवाणी समारोह के पहले दिन भक्ति रस की दो सुरमयी सभाओं का आयोजन हुआ, शुभारंभ वाणी राव की स्वरांजलि से हुआ उन्होंने संत ब्रह्मानंद के भजन जपत मन आनंद शिव-शिव... की प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने गुरु नानक का भक्ति पद प्रीतम जानलेहु मन माही... को भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत किया। भक्ति की इस यात्रा को उन्होंने साधो मानत नहीं मन मोरा... जैसे पद से आगे बढ़ाया और अंत में रामचरितमानस की चौपाइयों मंगल भवन अमंगल हारी... की गूंज से समापन किया।



### भक्ति, सूफी और शास्त्रीय संगीत का स्वर

वहीं, सुलेखा भट्ट ने भक्ति, सूफी और शास्त्रीय संगीत की विविध धारा से जुड़े पदों को स्वर दिया। सुलेखा ने संत कबीर के प्रसिद्ध पद जरा हल्के गाड़ी हांको... और लगन बिन जागे न निर्मोही... की सधे हुए स्वरों में प्रस्तुति दी, इसके बाद उन्होंने अमीर खुसरो का सूफियाना कलाम नैना अपने पिया से लगा आई रे... प्रस्तुत किया। भक्ति की गहराई को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने सांवरे आय जैयो... जैसी मीरा की वाणी को गाया।

# 'रेजोनैक्ट' लय, ध्वनि के माध्यम से अभिनेता के भीतर की आवाज को मंच पर करता है साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### थिएट्रिक्स 27 में 'रेजोनैक्ट' के रूप में रंगयात्रा का शुभारंभ

विहान ड्रामा वर्क्स की थिएटर कार्यशाला श्रृंखला थिएट्रिक्स के 27वें संस्करण रेजोनैक्ट का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ, जिसमें ध्वनि और शरीर की परस्पर भाषा की खोज की गई थी। रेजोनैक्ट उसी यात्रा का अगला पड़ाव है जहां अभिनय संवाद से नहीं, भीतर गूंजते अनुभव से शुरू होता है।

कार्यक्रम का पहला सत्रः लय, स्पंदन और सामूहिकता की ओर बढ़ता कदम था, जिसमें 30 से अधिक युवा रंगकर्मी, अभिनेताओं और कलाकारों ने भाग लिया।

सत्र की शुरूआत चाल पर आधारित विभिन्न वार्मअप गेम्स से हुई जो केवल देह की नहीं, ध्यान और प्रवाह की भी तैयारी थी।

इसके बाद नेम गेम विदाउट ओवरलैपिंग और अन्य रचनात्मक आइस-ब्रेकिंग एक्टिविटीज ने समूह में सहजता और ऊर्जा का संचार किया।







### अभिनय संवाद से नहीं, भीतर गूंजते अनुभव से शुरू होता है...

कार्यशाला में रेजोनैक्ट मेथड का मूल परिचय और उसकी प्रक्रिया समझाई गई जो निर्देशक, लेखक और रंग प्रशिक्षक सौरभ अनंत द्वारा प्रस्तावित एक अभिनव पद्धति है। इसका व्यावहारिक मार्गदर्शन रंग-प्रशिक्षिका और अभिनेत्री श्वेता केतकर द्वारा किया जा रहा है। यह मेथड थिएटर को एक संवेदनात्मक और सामूहिक अनुभव में बदलने की कोशिश है, जहां लय, ध्वनि और देह के माध्यम से अभिनेता भीतर की आवाज को मंच पर साकार करता है और यह अभिनय संवाद से नहीं, भीतर गूंजते अनुभव से शुरू होता है।

# चौपाल स्टेज का चैप्टर 5 का आयोजन कल हसीब खान भी होंगे पैनल का हिस्सा

## देशभर से चुने गए 15 युवा कलाकार देंगे सिंगिंग, डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, पोएट्री, रैपिंग की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकप्रिय ऑडियंस-बेस्ड टैलेंट शो चौपाल स्टेज का अगला अध्याय यानी चैप्टर 5 कल, 3 अगस्त को लॉर्ड ऑफ द ड्रिंक्स, भोपाल में शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें देशभर से चुने गए 15 युवा कलाकार इस मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में सिंगिंग, डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, पोएट्री, रैपिंग जैसे आर्टफॉर्म्स देखने को मिलेंगे। 200 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के बाद इन कलाकारों को फाइनल लिस्ट में शामिल किया गया है। खास बात ये है कि यह एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक कम्यूनिटी इवेंट है, जहां विजेता का चयन चौपाल की चिट्ठी के जरिए दर्शकों के वोट से होगा।

### इस बार पैनल में कई चर्चित चेहरे आएंगे नजर

स्टैंडअप कॉमेडियन हसीब खान, कंटेंट क्रिएटर युवराज सक्सेना, एंकर निधि कौशिक, और शो के संस्थापक आयुष खरे व मोहित सक्सेना समेत कई चर्चित चेहरे नजर आएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकल टैलेंट को प्लेटफॉर्म देना और आर्टिस्ट्स को सीधे ऑडियंस से जोड़ना है। इससे पहले के चैप्टर्स में भी शहर के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था।

# फिटब्लिस बाय श्रुति कपूर.... एक साल बेमिसाल... सात दिन चलेगा कॉर्निवाल

◆ कॉर्निवाल में आएंगी अभिनेत्री जेक्लीन फर्नांडीज, साथ ही शामिल होंगे सुचेता पाल, शिवोहम, वृंदा भट्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का फिटब्लिस बॉय श्रुति कपूर जिम सफलता का पहला साल सेलीब्रेट करने जा रहा है। 2 से 7 अगस्त तक इस जिम में फिटब्लिस कार्निवाल होने जा रहा है जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री जेक्लीन फर्नांडीज सहित रणवीर सिंह, शाहरुख खान दीपिका पादुकोण कैटरीना कैफ अमिताभ बच्चन आदि के पर्सनल फिटनेस ट्रेनर और माइंड कुछ भी शिरकत करेंगे। शुक्रवार को फिटब्लिस में एक पत्रकार वार्ता में ग्रुप की चेयर पर्सन डॉ. साधना कपूर और फिट ब्लिस की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. श्रुति कपूर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि उनका पहला उद्देश्य भोपाल के लोगों को फिट रखने के साथ साथ उनके स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना है।

### घुटनों या स्पाइन की इंजुरी ठीक करने में पिलाटे है उपयोगी

उन्होंने कहा कि मेरा मूल मंत्र लक्जरी मीट्स वेलनेस पैशन मीट्स फिटनेस है। जिसमें हम सात दिन का कार्निवाल सेलिब्रेट करेंगे, उन्होंने कहा कि भोपाल में एक छत के नीचे अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ लेकर अपने आपको कैसे फिट रखना है यह भोपाल वासियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। साधना कपूर ने बताया कि फिटब्लिस हर उम्र के लोगों के लिए है, यहां 10 साल से 80 साल तक के लोग अपने आपको फिट रखने का संकल्प लेकर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां न सिर्फ फिटनेस बल्कि घुटनों या स्पाइन की इंजुरी ठीक करने में भी पिलाटे का उपयोग किया जा रहा है।

## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

भगवान शिव की भाव-भंगिमाओं, झूले की छवियों को अपनी हथेलियों पर सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में सावन माह की सांस्कृतिक गरिमा को समर्पित मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो गया, जहां विद्यार्थियों ने अपनी कला और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भगवान शिव की भाव-भंगिमाओं, पर्यावरण संरक्षण, तथा झूले की पारंपरिक छवियों को मेहंदी के माध्यम से अपनी हथेलियों पर सजाया। सावन में झूला केवल एक पारंपरिक गतिविधि नहीं, बल्कि भारतीय ग्रामीण संस्कृति में प्रेम, उल्लास और नारी गरिमा का प्रतीक माना जाता है इस भाव को विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता से सजीव कर दिया। विशेष बात यह रही कि इस प्रतियोगिता में छात्राओं के साथ-साथ छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन सांस्कृतिक समावेश और लिंग समानता का संदेश बन गया।

## वनमाली की 113वीं जयंती पर वनमाली सृजन केन्द्रों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

रायपुर लखनऊ में होंगे वनमाली सृजन पीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कथाकार, शिक्षाविद् एवं विचारक जगन्नाथ प्रसाद चौबे वनमाली की 113वीं जयंती के अवसर पर वनमाली सृजन केन्द्रों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में सुदूर अंचलों, गांव-कस्बों में कला, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों को बढ़ावा देने प्रदेश सहित देशभर में स्थापित सैकड़ों सृजन केंद्रों के अध्यक्षों, संयोजकों एवं सदस्यों द्वारा रचनात्मक भागीदारी की।




### वनमाली का पुस्तकालय मेरे लिए जादुई पुस्तकालय था

पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष चौबे ने कहा कि हमारे घर में वनमाली का पुस्तकालय मेरे लिए जादुई था। उन्होंने स्थानिकता से लेकर वैश्विक साहित्य को बड़ी संजिदगी से सहेज कर रखा था। वह मुझे अनमोल धरोहर के रूप में मिला। उसी पुस्तकालय से मैं समृद्ध हो पाया। इस अवसर पर संतोष चौबे ने रायपुर और लखनऊ में वनमाली सृजन पीठ स्थापित करने की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 50 नए वनमाली सृजन केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

**थाई करी, सांबल सीफूड राइस, कुरकुरा चिकन चेउंग फन, एवोकाडो एंड फिलाडेल्फिया चीज का लुत्फ उठा सकेंगे भोपालवासी**



# जहांनुमा पैलेस में थाई, चाइनीज, जापानीज सहित साउथ एशियन फूड के न्यू आउटलेट्स हुए लॉन्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांबल सीफूड राइस, याकी नूडल्स, कुरकुरा चिकन चेउंग फन, कुरकुरा झींगा चेउंग फन, एवोकाडो एंड फिलाडेल्फिया चीज, स्मोक्ड सैल्मन, क्रीम चीज, एवोकाडो चिकन करेज रोल जैसे साउथ एशियन फ़ूड्स की ढेरों वैरायटी जिनका नाम सुनकर ही मुंह में पानी आ जाए, ऐसे स्पेशल स्वाद का लुत्फ भोपालवासी उठा सकेंगे शहर के जाने माने हेरिटेज होटल जहांनुमा पैलेस में। दरअसल, यहां शुक्रवार से थाई, चायनीज, जापानी फूड सहित साउथ एशियन फूड्स के नए स्वाद लाए गए हैं। इन स्वाद को लेकर आए हैं शेफ सुदाश करकी।



### पैड थाई नूडल्स, वोक टॉस्ड फ्राइड राइस, एवोकाडो और रॉ पपीता के स्टार्टर हैं खास

शेफ कहते हैं भोपालवासी हमेशा से स्वाद प्रेमी रहे हैं, जिनके लिए अनेकों राज्यों के फूड फेस्ट हमेशा से लॉन्च किए गए हैं, लेकिन इस बार हमारा फोकस साउथ एशिया पर था जिसमें हम थाई, जापानीज, चायनीज और साउथ एशिया के अनेकों देशों की खास रेसिपीज लेकर आए हैं। इसमें थाई करी, चिकन, झींगा से बने नॉन वेज आयट्म्स, पैड थाई नूडल्स, मसालेदार हक्का नूडल्स, वोक टॉस्ड फ्राइड राइस, घर का बना चिकन, स्पेशल डिमसम, मिर्च तेल में फ्राइड राइस, एवोकाडो और रॉ पपीता के स्टार्टर के साथ ही डेजर्ट में जापानी चीज केक, बेल्जियम ट्रेस लेचेस, एप्पल क्रम्बल टार्ट विथ वेनिला, क्रीमी फिलाडेल्फिया चीज खास व्यंजन हैं जो भोपालवासियों को जरूर पसंद आएंगे।

## पुणे में आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बवाल

# हिंसक झड़प के बाद आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तालुका के यवत गांव में एक युवक की कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। गांव में एक सप्ताह पहले ही एक घटना हो चुकी थी, इसलिए वहां पहले से ही माहौल तनावपूर्ण था। पुलिस ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस की टीम क्षेत्र में मौजूद है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। पुणे एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि यहां यवत गांव में दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने व्हाट्सएप/फेसबुक पर एक आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया है। शिकायत के बाद युवक को थाना लाया गया। गांव के प्रतिनिधियों के साथ बैठक शुरू की।

### दौंड तालुका के यवत गांव में भारी पुलिस बल तैनात, युवक हिरासत में





**पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे**

दो समूहों के बीच झड़प के बाद पुलिस को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पोस्ट अपलोड करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

**लोग सड़कों पर उतरे पुलिस ने संभाला मोर्चा**

एसपी ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत में तोड़फोड़ का प्रयास किया। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है और गांव में गश्त की जा रही है। स्थिति अभी शांतिपूर्ण है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी भी दी।

### समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट से तनाव बढ़ा

यवत इलाके में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया। पोस्ट के खिलाफ आक्रोश में आकर लोगों ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। 26 जुलाई को यवत के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन हो रहा था। इस दौरान दो पक्षों में टकराव हुआ और तनाव की स्थिति बन गई।

**दोनों गुटों की तरफ से पथराव**

भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने गुरुवार को एक जनसभा भी की और उस समय तक हालात नियंत्रण में रहे,लेकिन आज बवाल तब हुआ, जब विशेष समुदाय से जुड़े एक युवक ने उस घटना का वॉट्सएप स्टेटस लगाया।

**प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक स्थल पर की तोड़फोड़**

एसपी ने कहा कि लड़के को पुलिस स्टेशन लाया गया। कुछ गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। एक सप्ताह पहले एक घटना घटी थी, इसलिए यहां स्थिति पहले से ही तनावपूर्ण थी। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवकों ने एक ढांचे में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया।

**सीएम बोले: दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

इस घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक शख्स ने बहुत ही आपत्तिजनक स्टेटस लगाया था। हंगामे की वजह से पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है।

---


## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने खारिज की कंगना रनौत की मांग



**चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रनौत की तरफ से दायर उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बठिंडा की अदालत में आपराधिक मानहानि की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी।

### मैनपुरी में हादसा,परिवार के 5 लोग नहीं रहे



**मैनपुरी।** जिले के बेवर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर ग्राम नगला ताल के पास एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार 5लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। जीटी रोड हाईवे पर आवागमन करीब एक घंटे तक बंद रहा। छिबरामऊ जा रही कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार करते हुए कानपुर-आगरा लेन में पहुंच गई।

### मंत्री का विभाग बदलने से साख नहीं बचेगी



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने कहा कि किसी मंत्री का विभाग बदलने से महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार की छवि नहीं सुधरेगी और मंत्रिमंडल के सभी 'दागी' सदस्यों को जाना होगा। राउत की टिप्पणी मंत्री माणिकराव कोकाटे के कृषि मंत्रालय से खेल एवं युवा कल्याण विभाग में जाने के बाद आई है।

### अलीगढ़ में 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ी



**अलीगढ़।** अतरौली में नरौना गांव में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों ने चूरन समझ कर गेहूं में डालने वाली दवा खा ली। इससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। रसोइया ने जब बदबू आयी तो उन्हें शक हुआ। कंपोजिट विद्यालय की प्राध्यापक को जानकारी दी। गांव में लोगों को बताकर एंबुलेंस से आठ बच्चों को अतरौली सीएचसी लेकर गए।

### वाराणसी-बरेली का पावर फेल, मार्ग बाधित रहा



**हरदोई।** वाराणसी बरेली वाराणसी एक्सप्रेस का पावर फेल हो जाने से लखनऊ मुरादाबाद रेल मार्ग करीब एक घंटे बाधित रहा। दूसरे इंजन को लगाकर ट्रेन को आगे हरदोई की और रवाना किया गया। इस दौरान पीछे से आ रही तीन ट्रेनें भी प्रभावित हो गईं। 14235 अप एक्सप्रेस में सुबह 8:33 पर ईंधन में तकनीकी खराबी आ गई।

---

## राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग ने अधिकारियों को दिया निर्देश

# राहुल : मेरे पास एटम बम है, छोड़ूंगा नहीं
# आयोग : ये बे-सिर पैर की बातें, ध्यान न दें

**पारदर्शी-भरोसेमंद चुनाव के लिए उठाए जा रहे जरूरी कदम**

◆ *पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें*



सीधे लोकसभा से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले बयान पर चुनाव आयोग (ईसी) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आयोग ने सभी चुनाव अधिकारियों से कहा है कि वे ऐसे 'गैर-जिम्मेदाराना और निराधार' बयानों पर ध्यान न दें और पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपना काम करते रहें। चुनाव आयोग ने कहा कि इस तरह के आरोप आजकल रोजाना लगाए जाते हैं और इनका कोई ठोस आधार नहीं होता।

अधिकारियों को चाहिए कि वे इन बयानों से प्रभावित हुए बिना, ईमानदारी से चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दें। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए वह लगातार निगरानी कर रहा है और जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बता दें कि हाल ही में राहुल गांधी ने कहा था कि भारत में वोट की चोरी हो रही है और चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा कम हुआ है। इसी के जवाब में चुनाव आयोग ने यह बयान जारी किया है।

**चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया**

**ईसी ने सभी आरोपों को नकारा**

- आयोग ने 12 जून 2025 को राहुल को इस मामले पर मेल भेजा, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए।
- इसी दिन आयोग ने उन्हें पत्र भी भेजा, जिसका कोई जवाब नहीं मिला।
- राहुल ने अब तक किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयोग को कोई पत्र नहीं भेजा।
- यह अजीब है कि वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं और अब आयोग व उसके कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया है।
- आयोग ने ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों को नजरअंदाज करते हुए अपने सभी कर्मचारियों से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करने की अपील की है।

*आयोग का कहना है कि बिहार में 'सर' प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक प्रावधानों और पारदर्शी नियमों के तहत जारी है*

**राहुल ने यह कहा था**

### देश में चुनावों की चोरी हो रही, यह सच



राहुल गांधी ने 23 जुलाई को आरोप लगाया था कि देश में चुनावों की चोरी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने कर्नाटक की एक लोकसभा सीट का गहराई से अध्ययन किया है और वोट चोरी की पूरी प्रक्रिया का पता लगा लिया है। कर्नाटक में हमने एक सीट को चुना और उसकी वोटर लिस्ट को डिजिटल फॉर्मेट में कन्वर्ट किया।राहुल का कहना है कि 'हमें इसका कागजी सबूत मिल गया है। हम इसे जनता और चुनाव आयोग के सामने रखेंगे। राहुल ने सर को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल ने कहा कि वोट चोरी हो रहे हैं और यह ओपन एंड शट केस है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इस मामले में पुख्ता सबूत मौजूद हैं।

**बेंगलुरु में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस**

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि कांग्रेस नेता 5 अगस्त को बेंगलुरु में एक प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन का तरीका और स्थान अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा होगी। डी. के. शिवकुमार ने बताया कि प्रदर्शन रैली, मार्च या धरने के रूप में होगा।

**राहुल के बयान पर भड़के मंत्री रिजिजू**

### संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे, कांग्रेस की 'गंदी सोच' उजागर



राहुल के बयान को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल संवैधानिक संस्थाओं को धमकी दे रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की एक बहुत बड़ी साजिश है। उनका यह रवैया और सोच बेहद खतरनाक है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष एक सुनियोजित और दुर्भावनापूर्ण योजना के तहत संवैधानिक संस्थाओं की छवि को खराब करने में जुटा है। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र पर हमला है।

**झूठा आरोप लगा रहे, संसद नहीं चलने दे रहे**

रिजिजू ने विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने और झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि विपक्षी सांसद जैसे ही बहस शुरू होती है। वेल में आ जाते हैं और संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते।

**बार- बार देश विरोधी बयान दे रहे**

राहुल पर सीधा हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल बार-बार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं, जो कि बिल्कुल गलत है।

**राहुल कोई बच्चे नहीं, कुछ तो समझ होनी चाहिए**

ट्रंप के बयान को राहुल ने सही बताया था। रिजिजू ने कहा राहुल बच्चे नहीं हैं। उन्हें ये मालूम होना चाहिए कि इससे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है।

**देश का सम्मान बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी**

रिजिजू ने कहा कि राहुल देश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। विपक्ष के कई सदस्यों ने भी कहा है कि यह सही नहीं है। सभी देश का सम्मान करें।

---

**हंगामे के बाद संसद की कार्यवाही स्थगित**




## कांग्रेस ने 'एसआईआर' की पारदर्शिता पर जताया संदेह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष का हंगामा सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद भी जारी रहा। सदन की कार्यवाही अब सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने सर पर कहा कि विपक्ष दोनों सदनों में इसकी चर्चा की मांग कर रहा है। हमें इसकी पारदर्शिता पर संदेह है। आप कह रहे हैं कि 65 लाख में से 36 लाख लोग लापता हैं। हम चाहते हैं कि अगर चुनाव आयोग पारदर्शिता बरत रहा है और सरकार को भरोसा है तो सदन में इस पर चर्चा करें, हमारे सवालों को स्पष्ट करें, हमें विश्वास में लें। अगर मतदाताओं के अधिकार छीने जाएंगे तो हम चुप कैसे बैठ सकते हैं?

**राज्यसभा की कार्यवाही भी स्थगित**

राज्यसभा में शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। विपक्ष अपनी मांगों को लेकर अड़ा रहा जिसके चलते सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**राज्यसभा वेल में सीआईएसएफ का आना बेहद आपत्तिजनक: खरगे**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को पत्र लिखा है। उन्होंने सदन के वेल में सीआईएसएफ जवानों के आने की घटना को 'बेहद आपत्तिजनक' बताया और कहा कि संसद में ऐसी घटना हैरान करने वाली है।

### राज्यसभा में भी नहीं होगी 'सर' पर चर्चा



बिहार में वोटर लिस्ट संशोधन (सर) का मुद्दा छाया हुआ है। लोकसभा में इस पर चर्चा से इनकार करते हुए स्पीकर ओम बिरला ने कहा था कि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का मामला है। आरजेडी सांसद मनोज झा ने स्थगन प्रस्ताव दिया था। उपसभापति हरिवंश ने चर्चा से इनकार करते हुए कहा कि यह सदन के अधिकार क्षेत्र के दायरे में नहीं आता है। उपसभापति ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक इकाई है और संसद में उसके कामकाज पर चर्चा नहीं हो सकती है।

---

**पीएम मोदी पर थरूर की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

भाजपा नेता राजीव ने दायर किया था मानहानि केस

# नेता और जज की होनी चाहिए मोटी चमड़ी लोगों को ज्यादा 'टची' नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी पर बयान देने को लेकर मानहानि मुकदमे का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट ने राहत के संकेत दिए। अदालत ने कहा कि नेताओं और जजों को मोटी चमड़ी का होना चाहिए। 2018 में थरूर ने कहा था कि एक आरएसएस नेता ने ही नरेंद्र मोदी की तुलना 'शिवलिंग पर बैठे बिच्छू' से की थी। इसी बयान को लेकर भाजपा नेता राजीव बब्बर ने मानहानि का केस दायर किया था। इसकी कार्यवाही रोकने की मांग थरूर ने की थी, जिसे हाई कोर्ट में खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

**हाईकोर्ट ने असम्मान बताया था**



जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि आखिर सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को इतना टची नहीं होना चाहिए। ऐसे बयानों को दिल से नहीं लगाना चाहिए। थरूर ने बेंगलुरु लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए उपरोक्त बात कही थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि उनका बयान पीएम मोदी और आरएसएस की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।

**सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी**

### गंभीर गतिविधियां रोकें, वरना पूरा हिमाचल गायब हो जाएगा

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते जलवायु असंतुलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को सख्त चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा अगर बेतरतीब विकास और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां नहीं रुकीं, तो एक दिन पूरा हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है। हिमाचल में बदलते पर्यावरण बदल रहा है।

**4 हफ्ते में रिपोर्ट पेश करें :** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल सरकार को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्तों में पर्यावरण और इकोलॉजी को सुधारने के कदमों की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

### जीवितों के नाम पर न चलाएं सरकारी योजनाएं



**चेन्नई ।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह किसी भी जीवित व्यक्ति के नाम, किसी पूर्व मुख्यमंत्री या वैचारिक नेता की तस्वीर, राजनीतिक दल के प्रतीक, झंडे अथवा चिह्न का उपयोग सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में न करे। कोर्ट ने यह अंतरिम आदेश एआईएडीएमके सांसद सी.वे. शन्मुगम और वकील इनियन की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है।

**कांग्रेस ने बुलाया कानूनविदों का महासंगम**

## 'लीगल कॉन्क्लेव' में आज होगी लोकतंत्र संविधान और संस्थागत जवाबदेही पर गहन चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार और सूचना का अधिकार विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय विधिक कॉन्क्लेव का आयोजन शनिवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का मुख्य विषय है 'संवैधानिक चुनौतियां: दृष्टिकोण और मार्ग'। कानून के जानकारों का महासंगम तब हो रहा है जब राहुल गांधी ने संवैधानिक पद पर रहते हुए चुनाव आयोग जैसी दूसरे संवैधानिक संस्था के खिलाफ लगातार हमला जारी रखा हुआ है। कॉन्क्लेव को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संबोधित करेंगे। इनके अतिरिक्त कांग्रेस के प्रमुख नेता व पदाधिकारी प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, कोषाध्यक्ष अजय माकन, तथा कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व न्यायाधीश, विधिक शिक्षाविद् और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी संबोधित करेंगे। कुल 41 विशिष्ट वक्ताओं की सूची में कई राष्ट्रीय महत्व के व्यक्तित्व शामिल हैं।

---

**क्लर्क रहा व्यक्ति निकला धनकुबेर**

## 24 घर और 30 करोड़ की संपत्ति, 15 हजार थी सैलरी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में भ्रष्टाचार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कोप्पल में कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड में क्लर्क रहे एक व्यक्ति ने करोड़ों की संपत्ति बना ली। शख्स का नाम कलकप्पा निदगुंडी है। इसकी महीने की सैलरी तो केवल 15 हजार थी। लेकिन वह अपने, अपनी पत्नी और भाई के नाम पर करोड़ों की प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड करा चुका है। कर्नाटक लोकायुक्त अधिकारियों ने पद के दुरुपयोग और घोषित आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के



संदेह में छापेमारी की, जिसके बाद इसका खुलासा हुआ। निदगुंडी के पास 30 करोड़ की संपत्ति है, जिसमें 24 मकान, चार प्लॉट और 40 एकड़ जमीन शामिल हैं। लगभग 30 लाख रका 350 ग्राम सोना और 1.5 किलो से अधिक चांदी भी बरामद की गई। 2कारें और 2 दुपहिया वाहन भी मिले।

**आईआईटी आईएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने कहा**

# तकनीकी ज्ञान और कौशल का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें

एजेंसी ▶▶ धनबाद

आईआईटी आईएसएम धनबाद के 45 वें दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

अपने संबोधन में उन्होंने संस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और देश के तकनीकी विकास में आईआईटी आईएसएम के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने विभिन्न संकायों के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक और डिग्रियां प्रदान कीं। मंच पर जब राष्ट्रपति ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

**1880 छात्रों को डिग्रियां दी, 94 को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज दिए**

**मंत्रोच्चार और राष्ट्रगान से की शुरुआत**





इस अवसर पर राज्यपाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, आईआईटी आईएसएम के निदेशक, संकाय सदस्य, सांसद दुल्लू महतो धनबाद विधायक राज सिन्हा झरिया विधायक रागिनी सिंह बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता उद्योग जगत के विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मंत्र उच्चारण और राष्ट्रीय गान के साथ शुरू हुआ, जिससे पूरा माहौल उत्साह और गर्व से भर गया।

**स्वर्ण पदक राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक हो**

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि स्वर्ण पदक सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। उन्होंने छात्रों को नैतिकता, नवाचार और सेवा भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### तकनीकी दक्षता ही नहीं, व्यक्तित्व निर्माण भी करे तकनीकी शिक्षा

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी आईएसएम धनबाद जैसे संस्थान न केवल तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, बल्कि देश को ऐसे युवा दे रहे हैं जो आने वाले समय में भारत को वैश्विक मंच पर अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य संवेदनशील और नैतिक व्यक्तित्व का निर्माण भी होना चाहिए। 1880 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की गई, जबकि उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए 94 विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से नवाजा गया।

## हिमाचल की लाहौल घाटी में फटा बादल

# लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर से बहने लगा सैलाब, आवाजाही ठप, बीआरओ कैंप में घुसा मलबा

लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई। इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा और पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई।

एजेंसी ▶▶ लाहौल

हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में बादल फटने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। हालांकि, किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन सीमा सड़क संगठन (बीआओ) के कैंप में मलबा घुसा है और यहां पर मौजूद जवानों ने भागकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार, लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई।

इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा और पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई। बादल फटने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल है।

**1** मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ में बड़े पत्थर बहे

**2** दहशत में लोग, जान-माल का नुकसान नहीं

### धुंधी के पास जमीन धंसी

लेह मनाली हाईवे अटल टनल से चार किमी पहले धुंधी के पास पुल से पहले बंद है। यहां पर जमीन धंस गई है। सुबह वन वे रास्ता खुला था, लेकिन फिर से लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है। ऐसे में अब केलांग की तरफ जाने के लिए लोगों को रोहतांग पास होकर जाना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति पुलिस ने बताया कि भूस्खलन के चलते सड़क बंद हो गई है और टनल के नॉर्थ पोर्टल और सोलंग बैरियर पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।



सड़क पर मलबा आने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया।

### सड़क बहाली काम में जुटा बीआरओ

घाटी में बीती रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही थी, लेकिन सुबह जिस्पा क्षेत्र में अचानक तेज गर्जना के साथ भारी पानी आया, जिससे ग्रेफ कैंप के पास मलबा और पानी भर गया। बीआरओ की टीमें मौके पर पहुंचकर सड़क बहाली के कार्य में जुट गई हैं। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा न करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि जिसपा, यांगला एवं तिन्दी मुख्य मार्ग में बादल फटने एवं बाढ़ की घटनाएं सामने आई हैं। जिस्पा एवं तिन्दी में बीआरओ की ओर से सड़क बहाली का कार्य शुरू हो चुका है।

### अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक रोकी

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा को तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। भारी बारिश के बाद तीर्थयात्रा के दोनों मार्गों पर मरम्मत और रखरखाव का काम जारी होने के कारण यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह पहलगाम मार्ग से तीर्थयात्रा स्थगित रही और तीर्थयात्रियों के किसी नए जत्थे को गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि बालटाल मार्ग से यात्रा की अनुमति दी गई।

### भूस्खलन से 317 सड़कें बाधित

हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन से कई इलाकों में सड़कें, बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक 317 सड़कें बाधित रहीं। इसके अतिरिक्त 360 बिजली ट्रांसफार्मर व 259 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा 174 सड़कें आपदा प्रभावित मंडी जिले में बंद हैं। चंबा जिले में 142 बिजली ट्रांसफार्मर व कांगड़ा में 134 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं।

### सारना गांव में मकान जमींदोज

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत बोडू सारना पंचायत के सारना गांव के निवासी ओम प्रकाश का आशियाना भारी बारिश के कारण गिरा गया। हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ। मंडी में पंडोह बांध के पास भूस्खलन के बाद चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है।



## खबर संक्षेप

### गूगल पर कोर्ट ने लगाया 10 लाख रुपए का जुर्माना!

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में एक पुलिस अफसर की निजता भंग करना गूगल के लिए महंगा साबित हुआ। कोर्ट ने गूगल को 12,500 डॉलर (लगभग 10.8 लाख रुपए) का मुआवजा देने का आदेश दिया। दरअसल, गूगल स्ट्रीट व्यू कार ने 2017 में उस अफसर की एक पूरी तरह नग्न तस्वीर उसके घर के पिछवाड़े से खींच ली थी। हैरानी की बात यह रही कि उस समय अफसर अपने निजी परिसर में मौजूद था, जिसकी चारों ओर 6 फीट 6 इंच ऊंची दीवार थी।



### कुलगाम में आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सेना के जवानों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। 2-3 आतंकियों के घिरे होने की सूचना मिली है। जम्मू-कश्मीर जोन पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि कुलगाम जिले के अखल इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है। एसओजी, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवान मौके पर डटे हुए हैं। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है।



## लॉस एंजिल्स में एक और काउंसलेट खुलेगा

## अमेरिका और भारत के बीच जारी तनाव के बीच यूएस में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा का ऐलान

# 8 नए कांसुलर सेंटर खुलेंगे, दोनों देशों के आपसी रिश्ते रहेंगे मजबूत

*अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि नए भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में खोले जाएंगे। उन्होंने इसके साथ दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते को मजबूत करने की जरूरत को भी रेखांकित किया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के मध्य टैरिफ को लेकर बढ़ते तनाव के बीच भारत ने अमेरिका से अपने रिश्तों को कायम रखा है। भारत ने अमेरिका में 8 नए कांसुलर एप्लिकेशन सेंटर, यानी वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र खोलने की घोषणा की है। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि नए भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में खोले जाएंगे। उन्होंने इसके साथ दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते को मजबूत करने की जरूरत को भी रेखांकित किया। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों पर क्वात्रा ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते के मूल में लोगों के बीच के आपसी संबंध हैं। हम जल्द ही लॉस एंजिल्स में एक और भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र भी खोलेंगे।

विनय क्वात्रा ने नए केंद्रों की शुरुआत होने की सूचना दूतावास के एक्स हैंडल से दी। बता दें, इन नए केंद्रों की शुरुआत का ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और भारत टैरिफ के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी टैरिफ नीतियों को लेकर चर्चा में हैं और उन्होंने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सख्ती दिखाने का ऐलान करने के बाद जब भारत ने अपने हितों से समझौता न करने का रुख साफ किया तो ट्रंप के सुर भी बदलते दिखे। अब उन्होंने एक हफ्ते का विस्तार और किया है।

### *भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र शनिवार को भी खुले रहेंगे*

**बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खुलेंगे**



### कांसुलर सेवाओं बेहतर और सुव्यवस्थित होंगी

विनय क्वात्रा ने कहा कि 1 अगस्त, 2025 से अमेरिका में हमारी कॉन्सुलर सेवाओं में बड़ा विस्तार होगा। इससे सेवाएं बेहतर होने के साथ-साथ कई सकारात्मक बदलाव भी आएंगे। नए केंद्रों के खुलने से, व्यापक कॉन्सुलर सेवाएं प्रदान करने और संबंधित वितरण क्षमताएं न केवल बेहतर होंगी, बल्कि इनका विस्तार भी होगा। इन केंद्रों पर काम शुरू होने के बाद प्रवासी भारतीयों को मिलने वाली सेवाओं की डिलीवरी तेज और अधिक सुलभ बनेगी।

### लोगों के बीच भी आपसी संबंध मजबूत

भारतीय राजदूत ने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत-अमेरिका साझेदारी के मूल में लोगों के बीच आपसी संबंध हैं। बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने से हम न केवल अपने दोनों देशों के बीच संबंधों को, बल्कि लोगों के बीच आपसी संबंधों को भी, विशेष रूप से बोस्टन और लॉस एंजिल्स के क्षेत्रों में और मजबूत कर पाएंगे।

### 54 लाख भारतीय अमेरिका में रह रहे

*विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय मूल के लगभग 54 लाख लोग अमेरिका में रहते हैं। इनमें 20.7 लाख अनिवासी भारतीय (पर्सन्स ऑफ इंडियन ओरिजन) भी शामिल हैं। भारतीय मूल के लोग अमेरिका में तीसरा सबसे बड़ा एशियाई जातीय समूह हैं। ऐसे में वाणिज्यिक गतिविधियों से जुड़े कामकाज के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्य दूतावास के इन नए आवेदन केंद्रों बड़ा लाभ मिलेगा।*

**लोकसभा में बोले विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह**

## अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर नहीं हुई कोई बातचीत



### देश के लिए मुफीद नहीं एफ-35 की खरीद का ये रक्षा सौदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान और चीन की सीमाओं से दो मोर्चों पर एक साथ मिलती युद्ध की चुनौती और भारतीय वायुसेना के युद्धक जखीरे से लगातार घटते जा रहे लड़ाकू विमानों की गंभीर समस्या के बीच शुक्रवार को भारत का एक आधिकारिक जवाब सामने आया है। जिसमें कहीं और नहीं बल्कि संसद में यह कहा गया है कि भारत-अमेरिका के बीच अब तक पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर औपचारिक रूप से कोई बातचीत नहीं हुई है।

यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमान की बिक्री को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई आधिकारिक संवाद नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि इस साल फरवरी महीने में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर इच्छा जताई थी।

### भारत को नहीं चाहिए एफ-35, सु-57?

उधर, सूत्रों ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारत के लिए न तो अमेरिकी स्टेल्थ लड़ाकू विमान एफ-35 फायदे का सौदा होगा और न ही रूस का सु-57 लड़ाकू विमान। अमेरिकी विमान कीमत के नजरिए से काफी महंगा है। जिसकी खरीद होने पर भारत को अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े पैमाने पर बदलाव करना पड़ेगा, इसके ठिकाने यानी बेस अलग होंगे। कंप्यूटर व विमान पर नियंत्रण से जुड़ी अन्य सिस्टम अलग होंगे। सौदे में तकनीक हस्तांतरण की गुंजाइश बेहद कम है। ऐसे में इस दिशा में आगे बढ़ना किसी भी नजरिए से फायदेमंद साबित नहीं होगा। इसके अलावा अमेरिका द्वारा किसी अन्य देश को दिए जाने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों में प्रयोग की जाने वाली किल बटन तकनीक भी भारत के लिए इसे लेकर बनी हुई बड़ी अरुचि में शामिल है। किल बटन में विक्रेता देश विमान की तमाम गतिविधियों (हमलावर, निगरानी मिशन के दौरान विमान के टेकऑफ, लैंडिंग को लेकर रुख शामिल) को अपने मनमाफिक नियंत्रित करता है। जबकि दूसरी ओर रूस का सु-57 लड़ाकू विमान के पांचवीं पीढ़ी का और स्टेल्थ होने में संदेह बना हुआ है। साथ ही ये काफी शोर करता है और केवल डॉग फाइट के लिए ही उचित है। इस हिसाब से भारत अन्य विकल्पों (फ्रांस से विमानों की खरीद) जैसे स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास (एम्का) और अन्य देशों से इनकी खरीद पर विचार कर सकता है।



### एयरो इंडिया शो में भरी थी उड़ान


अमेरिका के एफ-35 और रूस के सु-57 लड़ाकू विमान पहली बार भारत की धरती पर इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु में हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैमानिकी शो एयरो इंडिया-2025 में एक साथ नजर आए थे। इतना ही नहीं दोनों ने बेंगलुरू के आसमान को अपनी हवाई गर्जना से गुंजायमान करते हुए अपने युद्ध कौशल को भी सबके सामने प्रदर्शित किया था।

**पुतिन के करीबी की धमकी से भड़के ट्रंप**

## दो परमाणु पनडुब्बियों को रूस के पास तैनात करने का दिया आदेश

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को दो परमाणु पनडुब्बियों को रूस के पास तैनात करने का आदेश दिया है।



ट्रंप के द्वारा ये आदेश पूर्व रूसी राष्ट्रपति और वर्तमान में रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की धमकियों के जवाब में दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और वर्तमान में रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव के भड़काऊ बयानों को देखते हुए मैंने दो परमाणु पनडुब्बियों को उपयुक्त क्षेत्रों में तैनात करने का आदेश दिया है। यह एहतियात के तौर पर किया गया है ताकि अगर ये मूर्खतापूर्ण और भड़काऊ बयान केवल शब्दों तक सीमित न रहें तो हम तैयार रहें शब्दों का बहुत महत्व होता है और कई बार ये अनजाने में गंभीर परिणामों की ओर ले जा सकते हैं।

## रूसी सेना में जबरन भर्ती किए गए छात्र को बचाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के एक मेडिकल छात्र को कथित रूप से जबरन रूसी सेना में भर्ती किए जाने के मामले में एमडीएमके सांसद दुरई वैको ने केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने और छात्र की जान बचाने की अपील की है। दुरई वैको ने शुक्रवार को चेन्नई में प्रेस से बात करते हुए बताया कि कुड्डालोर जिले के श्रीमुष्णम के रहने वाला तीसरे वर्ष के मेडिकल छात्र किशोर सरवनन को रूसी पुलिस ने एक नशीली दवा से जुड़े मामले में हिरासत में लिया। यह मामला उन लोगों से जुड़ा था जो किशोर के साथ रह रहे थे, लेकिन किशोर का इसमें कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था।

उन्होंने कहा कि किशोर पूरी तरह निर्दोष है और उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है, इसके बावजूद उसे जेल में डाला गया। उसने कई बार खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की और उसके परिवार ने भी भारत सरकार से मदद मांगी, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली।

**एमडीएमके सांसद की अपील**



### छात्र को प्रताड़ित किया जा रहा

सांसद वैको ने बताया कि 12 जुलाई को परिवार को किशोर का एक फोन आया, जिसमें उसने बताया कि उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, मानसिक रूप से यातना दी जा रही है और जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं। किशोर को अब उसकी मर्जी के खिलाफ सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है और जल्द ही उसे यूक्रेन में युद्ध के मोर्चे पर भेजा जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उसे युद्ध के लिए भेजा गया, तो वह शायद जीवित न लौटे।

### आज युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा

किशोर के माता-पिता सरवनन और भामा ने बताया कि अपने बेटे को रूस में पढ़ाई के लिए भेजने के लिए उन्होंने अपनी जमीन तक बेच दी थी। उन्होंन कहा कि अब हमारा बेटा जेल में है। हमें उसकी एक वॉइस मैसेज मिली है जिसमें कहा गया है कि उसे 2 अगस्त को युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा। हम दोनों सरकारों (भारत और रूस) से अपील करते हैं कि कृपया हमारे बेटे को बचाएं और उसे तमिलनाडु वापस लाएं।

## फिलीपींस में भारतीय नौसेना का स्वागत



**मनीला।** दक्षिण पूर्व एशिया में भारतीय नौसेना की चल रही परिचालन तैनाती के एक भाग के रूप में, पूर्वी बेड़े के भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस दिल्ली, शक्ति और किल्टन, जिनकी कमान पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग (एफओसीईएफ) रियर एडमिरल सुशील मेनन के हाथों में है, मनीला, फिलीपींस पहुंचे। फिलीपीन नौसेना के कर्मियों ने इन जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिससे भारत और फिलीपींस के बीच मजबूत और बढ़ते समुद्री संबंधों को बल मिला।

**राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री ने साइबर ठगी को लेकर किया बड़ा खुलासा**

# 2024 में जनता की 22 हजार करोड़ से अधिक की गाढ़ी कमाई डूबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में पिछले 5 साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 2021 से 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में बताया है पिछले पांच साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में करीब 900% की बढ़ोतरी हुई है। गृह मंत्रालय के तहत आई4सी की ओर से संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) के अनुसार, 2024 में पूरे देश में साइबर धोखाधड़ी के कारण नागरिकों को होने वाले नुकसान की कुल राशि 22,845.73 करोड़ रुपए थी। ये साल 2023 में सिर्फ 7,465.18 करोड़ रुपए थी।

**24 लाख** लेयर 1 म्यूल खातों को पहचान कर 4631 करोड़ रुपए से अधिक बचाए

**2021 से** 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए




### *9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड ब्लॉक*

*साइबर अपराधियों के खिलाफ सरकार की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा देते हुए गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक केंद्र सरकार की ओर से 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,63,348 आईएमईआई ब्लॉक किए जा चुके हैं।*

### *11 लाख से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान की*

*बैंकों और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से आई4सी द्वारा 10 सितंबर, 2024 को साइबर अपराधियों की पहचान के लिए संदिग्ध रजिस्ट्री शुरू की गई थी। अब तक बैंकों से हासिल 11 लाख से अधिक संदिग्ध पहचानकर्ताओं के डाटा और 24 लाख लेयर 1 म्यूल खातों को संदिग्ध रजिस्ट्री की भागीदार संस्थाओं के साथ साझा किया गया है और इससे 4631 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हुई है।*




# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

लाइफ Style

# मृणाल

## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई



मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम हैं। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।

हॉलीवुड मसाला

## ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यूनः पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




## माइकल जैक्सन का यूज किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके \$3,400- \$4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा \$8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



## साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर

**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



## पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

टीवी मसाला



## तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

## बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक



सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।

## धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल



**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।

## अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके



**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार'को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2'में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया। इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा.

### अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज

# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।

### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।





### चीफ ऑफ वॉर

18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।

# मकाऊ ओपन : कड़े मुकाबलों में जीत के बाद लक्ष्य और मन्नेपल्ली ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

एजेंसी ▶▶ मकाऊ

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उदीयमान तरुण मन्नेपल्ली ने कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21-14, 18-21, 21-14 से मात दी।

## मन्नेपल्ली की अगली टक्कर मलेशिया के होह से

अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।



## मन्नेपल्ली आठ साल की उम्र से खेल रहे बैडमिंटन

मन्नेपल्ली ने आठ साल की उम्र में तेलंगाना के खम्मम में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। दसवीं कक्षा के बाद वह हैदराबाद आ गए थे। लक्ष्य को विश्व रैंकिंग में 77वें स्थान पर काबिज चेन को हराने में काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन करके 9-4 और फिर 15-8 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करके मुकाबले को निर्णायक गेम तक खींचा। लक्ष्य ने तीसरे गेम में फिर दबाव बनाया और 7-1 की बढ़त बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।



## सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर खत्म

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के चूंग होन जियान और हेकल मुहम्मद से 14-21, 21-13, 20-22 से हारकर बाहर हो गई। चार साल पहले पुलेला गोपीचंद अकादमी से जुड़ने वाले मन्नेपल्ली ने पिछले दौर में हांगकांग के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली चेउक यिउ को हराया था। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले मन्नेपल्ली पहले गेम में एक समय 4-7 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने 12-9 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने 15-11 से लगातार छह अंक बनाकर गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में हू ने जोरदार खेल दिखाया और 6-2 से आगे होने के बाद दबदबा बनाए रखा और अपनी बढ़त को 15-6 तक पहुंचाकर जल्द ही गेम अपने नाम कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में मन्नेपल्ली ने 5-0 की बढ़त बना ली और 19-15 तक अपनी बढ़त बनाए रखी। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद तीन अंक गंवा दिए। मन्नेपल्ली ने हालांकि धैर्य बनाए रखा और हू के बैकहैंड कॉर्नर पर सटीक पुश लगाकर जीत पक्की की और जश्न में अपनी बाहें ऊपर उठा लीं।

## ओवल टेस्ट : भारत की पहली पारी में 224 रन

# 20 रन पर गिरे 4 विकेट, टीम इंडिया ऑलआउट इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों की तूफानी शुरुआत

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत को शुक्रवार को यहां पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के पहले आधे घंटे में पहली पारी में 224 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली और बेन डकेट ने मेहमान टीम के तेज गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। डकेट (43 रन) और क्रॉली (43 गेंद में नाबाद 52 रन) ने मर्जी से चौके जड़े, जिससे इंग्लैंड ने लंच ब्रेक तक एक विकेट पर 109 रन बना लिए। मेजबान टीम भारत से महज 115 रन से पीछे थी। टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने पहले 30 मिनट में 20 रन के अंदर बाकी के चार विकेट गंवा दिए।



## क्राली ने जड़ा अर्धशतक

आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तिकड़ी के पास इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के लिए कोई रणनीति नहीं थी। पर भारत को लंच से 15 मिनट पहले डकेट का विकेट मिलने से राहत मिली। आकाश दीप की गेंद पर एक और रिवर्स हिट लगाने की कोशिश में डकेट विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। इस तरह इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने महज 77 गेंद में 92 रन बना लिए। क्रॉली ने 12 चौके से पांच सिराज की गेंदों पर लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर थर्ड मैन पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। डकेट ने इच्छानुसार शॉट लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर रिवर्स स्कूप शॉट लगाया और इसके बाद सिराज की गेंद पर रैंप ऑफ पर छक्का जड़ दिया। डकेट के आउट होने के बाद कार्यवाहक कप्तान ओली पोप क्रीज पर उतरे। उन्होंने कवर ड्राइव शॉट्स लगाकर शुरुआत की।

## एटकिंसन ने किया तीन बल्लेबाजों को आउट

वहीं दिन का खेल शुरू होने के तुरंत बाद गस एटकिंसन ने तीन भारतीय बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इस तरह दिन की शुरूआत छह विकेट पर 204 रन से शुरू करने वाले भारत ने पहले 30 मिनट में 20 रन के अंदर बाकी के चार विकेट गंवा दिए। करुण नायर (109 गेंद पर 57 रन) और वाशिंगटन सुंदर (26 रन) जल्दी आउट हो गए, जिसके बाद एटकिंसन ने पुछल्ले बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड के लिए एटकिंसन ने पांच जबकि जोस टंग ने तीन विकेट चटकाए।

## स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा को एटकिंसन | 02 | 9 | 0 | 0 |
| राहुल बो वोक्स | 14 | 40 | 1 | 0 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो टंग | 38 | 108 | 6 | 0 |
| गिल रन आउट | 21 | 35 | 4 | 0 |
| नायर पगबाधा बो टंग | 57 | 109 | 8 | 0 |
| जडेजा का स्मिथ बो टंग | 09 | 13 | 1 | 0 |
| जुरेल का ब्रुक बो एटकिंसन | 19 | 40 | 2 | 0 |
| सुंदर का ओवरटन बो एटकिंसन | 26 | 55 | 3 | 0 |
| आकाश दीप नाबाद | 00 | 7 | 0 | 0 |
| सिराज बो एटकिंसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| कृष्णा का स्मिथ बो एटकिंसन | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 38,
कुल: 69.4 ओवर में 224 /10 रन
गेंदबाजी: वोक्स 14-1-46-1, एटकिंसन 21.4-8-33-5, टंग 16-4-57-3, ओवरटन 16-0-66-0, बेथेल 2-1-4-0


क्रिकेट

# बुमराह टेस्ट टीम से रिलीज एशिया कप में खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶ लंदन/नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन टेस्ट का कोटा पूरा करने के बाद शुक्रवार को टीम से रिलीज कर दिया गया। इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट के हितधारकों ने उनके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में भागीदारी पर चर्चा शुरू कर दी है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 31 वर्षीय बुमराह ने तीन मैचों में 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। भारत को अगले साल घरेलू सरजमीं पर टी20 विश्व कप खेलना है और ऐसे में बुमराह के आगामी कुछ समय में एकदिवसीय प्रारूप में खेलने की संभावना काफी कम है। बीसीसीआई ने बताया, 'जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से फारिग कर दिया गया।' बुमराह ने इस श्रृंखला में दो बार (हेडिंग्ले में पहले टेस्ट और लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट) पांच-पांच विकेट लिए। उन्होंने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में अपने करियर में पहली बार एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। बुमराह के नाम अब 48 टेस्ट में 219 विकेट हैं।





## कंधे की चोट के कारण आगे नहीं खेल पाएंगे वोक्स

चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड को तब करारा झटका लगा जब तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए। गुरुवार को मैच के पहले दिन करुण नायर के शॉट पर बाउंड्री बचाने के प्रयास में वोक्स चोटिल हो गए थे और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। वोक्स जब मैदान से बाहर गए तो उनका बायां हाथ स्वेटर में लिपटा हुआ था और वह दर्द से कराह रहे थे।

# सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम, अगुवाई करेंगे शारदुल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और मुंबई के हरफनमौला शारदुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी में सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम अगुवाई करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी में अपने मैच सितंबर में खेलेगी। पश्चिम क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और श्रेयस अय्यर समेत मुंबई के कुल सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। रुतुराज गायकवाड़ मध्यक्रम को मजबूत करेंगे जबकि सौराष्ट्र के हार्विक देसाई और महाराष्ट्र के सौरभ नवले विकेटकीपर होंगे।

- 15 सदस्यीय टीम में यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर शामिल



## दक्षिण क्षेत्र बना था विजेता

*इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है। पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। जब यह टूर्नामेंट ए, बी, सी और डी प्रारूप में खेला जाता था, तो सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता टीमों का चयन करते थे, लेकिन अब टीमों का चयन संबंधित क्षेत्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी का पिछला बार 2023-24 जब क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजन हुआ था तब दक्षिण क्षेत्र इसका विजेता बना था।*

## टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से

टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से होगा। इसके क्वार्टर फाइनल मैचों में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र, जबकि मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है। पश्चिम क्षेत्र की टीम का चयन मुंबई के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने किया। इस समिति में बड़ौदा के प्रयाण दवे, महाराष्ट्र के अक्षय दारेकर, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संदीप मनियार और गुजरात क्रिकेट संघ के कीरत दमानी भी शामिल है। मुंबई क्रिकेट संघ के सचिव अभय हडप बैठक के संयोजक थे।

**पश्चिम क्षेत्र टीम** : शारदुल ठाकुर (कप्तान, मुंबई), यशस्वी जायसवाल (मुंबई), आर्या देसाई (गुजरात), हार्विक देसाई (विकेटकीपर, सौराष्ट्र), श्रेयस अय्यर (मुंबई), सरफराज खान (मुंबई), रुतुराज गायकवाड़ (महाराष्ट्र), जयमीत पटेल (गुजरात), मनन हिंगराजिया (गुजरात), सौरभ नवाले (विकेटकीपर, गुजरात), शम्स मुलानी (मुंबई), तनुश कोटियान (मुंबई), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (सौराष्ट्र), तुषार देशपांडे (मुंबई), अर्जन नगवासवाला (गुजरात)।

## टर्फ जोन का फुटसल टूर्नामेंट आज से

भोपाल। टर्फ जोन रोहित नगर का फुटसल टूर्नामेंट 2025 कल 2 अगस्त से शुरू होगा। आयोजक जे पी झवर ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक, पूर्व चेयरमैन एमपी. टूरिज्म, उपाध्यक्ष भाजपा तथा मौजूदा चेयरमैन बीडीसीए ध्रुव नारायण सिंह उपस्थित रहेंगे एवं टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन में भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों से अनेक फुटसल खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी भाग लेंगे। युवा वर्ग में खेल भावना के प्रसार और स्वास्थ्यवर्धक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने हेतु यह टूर्नामेंट एक विशेष पहल है।




## कार्यालय कलेक्टर जिला विदिशा एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्र./भू-अर्जन/2025/9283 विदिशा, दिनांक 28.7.25

### प्रारंभिक अधिसूचना

### (देखिए धारा 11)

समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में वर्णित भूमि की राज्य शासन के विभाग लोक निर्माण विभाग (मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम) भोपाल के अरिहंत नगर से बंटी नगर ओवर ब्रिज हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की सम्भावना है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भोपाल द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग के पत्र क्र. एफ/17/2023/19/यो/2540 भोपाल दिनांक 25.05.2024 द्वारा प्रदाय की गई परियोजना के निर्माण से विदिशा जिले में अरिहंत नगर से बंटी नगर तक ओवर ब्रिज बन जाने से आवागमन सुगम होगा एवं परियोजना के निर्माण से व्यापक लोकहित निहित है अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इस सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :-

**(1) परियोजना का नाम :-** अरिहंत नगर से बंटी नगर ओवर ब्रिज

**(2) भूमि का विवरण :-**

1. जिला :- विदिशा
2. तहसील :- विदिशा
3. ग्राम / नगर :- ग्राम तमोरिया
4. पटवारी हल्का :- ग्राम तमोरिया
5. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल :- 0.170 हेक्टेयर

**अनुसूची - 01**

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | कुल रकबा | अर्जित रकबा | शेष रकबा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनतकुमार जैन पुत्र स्व श्री कमलचन्द जैन | भूमि स्वामी | 5/2/1/2 | 0.209 | 0.170 | 0.676 |
| | | | 5/2/1/3 | 0.637 | | |

**अनुसूची - 02**

| जिला | तहसील | ग्राम | निजी भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे. में ) | शासकीय भूमि का क्षेत्रफल (हे. में) | धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विदिशा | विदिशा | तमोरिया | 0.170 | - | अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी राजस्व विदिशा/जिला विदिशा | रेल ओवर ब्रिज विदिशा |

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(7) 2014 सात-शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है के द्वारा प्रत्येक जिले में कलेक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर के अनिम्न श्रेणी का होगा और उसके सेवकों, कर्मकारों या उसके निर्देशों के अधीन कार्य करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को उस जिले के भीतर अधिनियम की धारा 12 के उपबंधों को क्रियान्वित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। अतः उक्त अधिसूचना के परिचालन में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन शाखा विदिशा को अधिनियम की धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है। अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भोपाल प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन शाखा जिला विदिशा के निर्देशन में कार्य करते आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।

अधिनियम की धारा 11(4) के पृष्ठ के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात, क्रय विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा 15(1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से **60 (साठ) दिनों के भीतर** किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भू-अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा में) आक्षेप यदि कोई हों, फाइल किए जा सकेंगे।

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा एवं संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम भोपाल कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**(विक्रम ठाकुर)** सहायक महाप्रबंधक एमपीआरडीसी भोपाल

**(सोनल सिन्हा)** संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी भोपाल

**(क्षितिज शर्मा)** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा

**(अंशुल गुप्ता)** कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, जिला विदिशा (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/121366/2025


## नेशनल बैंक ओपन : रूस की वेरोनिका को तीन सेट में हराया

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, 14 डबल-फॉल्ट के बावजूद अंतिम 16 में

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

कोको गॉफ को फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रही। पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट और तीसरे सेट के टाईब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफ ने कुदेरमेतोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से पराजित किया।

## गॉफ का अगला मुकाबला 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से



## मैककार्टनी ने मीरा को हराकर किया उलटफेर

गॉफ का मुकाबला अब कनाडा की 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की की मैरी बोजकोवा को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया। अमेरिका की मैककार्टनी केसलर ने चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा को 7-6 (5), 6-4 से हराकर उलटफेर किया। अगले दौर में केसलर का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोस्त्युक ने ऑस्ट्रेलिया की 15वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 3-6, 6-3, 7-6 (4) से हराया।

## दयाना ने एम्मा को दी मात

यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का ने आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 7-5, 6-4 से हराया। उनका सामना अब कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को 6-0, 7-6 (5) से पराजित किया। एक अन्य मैच में दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने रूस की कामिला राखीमोवा को 7-5, 6-2 से हराया।

## खबर संक्षेप

### वनरक्षकों को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाए: पांडे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग द्वारा बीते रोज विश्व वनरक्षक दिवस के अवसर पर वनरक्षकों ने खेल परिसर 74 बंगला संगोष्ठी का आयोजन किया। प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वनरक्षकों ने बताया कि वनरक्षक जंगल में दिन-रात सेवा देकर वनों, वन भूमि, वन्य प्राणियों की रक्षा करता है। वन्य प्राणियों की शिकारी से रक्षा करने के साथ वनरक्षक नक्सलवाद व वन माफिया से जूझ रहा है। दर्जनों वनरक्षक शहीद हो चुके है लेकिन सरकार वन रक्षकों की सुरक्षा की दिशा में कोई ठोस नीति नहीं बना रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी वनरक्षकों को सुरक्षा के आधुनिक उपकरण प्रदान नहीं किए गए हैं। वनरक्षकों को समय पर पदोन्नति नहीं दी जा रही है और ना ही वनरक्षकों को उच्च स्तर का वेतनमान दिया गया है। वेतनमान में लंबे समय से विसंगति चली आ रही है लेकिन उसका निराकरण सरकार नहीं कर रही है। जिस कारण वनरक्षकों का मनोबल निरंतर गिरता जा रहा है। यदि समय रहते सरकार ने वंन रक्षकों के हितों की रक्षा की दिशा में प्रयास नहीं किया तो वनरक्षकों की वन माफिया हत्या करता रहेगा।

### सनातन और हिन्दुओं को बदनाम करना कांग्रेस की रीति-नीति: मंत्री सारंग

**भोपाल।** इटली की संस्कृति में पलने वाली कांग्रेस, तुष्टिकरण की राजनीति से सत्ता प्राप्त करने वाली



कांग्रेस को हिंदू कांटा ही लगता है। हिंदू धर्मावलंबियों का अपमान और अत्याचार करना कांग्रेस और नेहरू परिवार की अंदरुनी पॉलिटिक्स है। कांग्रेस में जिसे नेहरू परिवार के करीब आना है, वो हिन्दुओं के खिलाफ बात करेगा। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने फिर से हिन्दू आतंकवाद जैसा बयान दिया, वो भूल गए कि कल एनआईए की कोर्ट के फैसले के बाद यह स्पष्ट है कि हिन्दू आतंकवाद जैसा कोई शब्द नहीं है।

---

शिक्षा विभाग की उप सचिव के मकान की बाउड्रीवॉल, कैमरे तोड़े

# आईएएस का मकान तोड़ने को लेकर हुआ विवाद, एसडीएम से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिक्षा विभाग की उप सचिव मंजूषा राय के मकान को लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। उनका मकान दानिश कुंज में स्थित है, जिसे उनके पति विक्रांत प्रवीण राय ने रंजना अहमद से वर्ष 2010 में 41 लाख रुपए के विक्रय अनुबंध कर खरीदा था। जिसे शुक्रवार को करीब 40 हथियार धारी गुंडे बैकहो लोडर की मदद से तोड़ने पहुंचे। जहां उन्होंने मकान की बाउंड्रीवाल और सीसीटीवी कैमरा तोड़ डाला। इसकी सूचना एसडीएम आदित्य जैन को दी गई तो वह मौके पर पहुंचे।

एसडीएम ने बताया कि मंजूषा राय के पास मकान का अनुबंध पत्र है, जबकि मकान रंजना अहमद के बेटे के नाम पर था, जिसने किसी अन्य को बेच दिया है। दोनों को विवाद न करते हुए कोर्ट जाने की सलाह दी गई है। शिक्षा विभाग की उप सचिव मंजूषा राय ने बताया कि उनके पति विक्रांत प्रवीण राय ने रंजना अहमद से वर्ष 2010 में 41 लाख रुपये के विक्रय



अनुबंध पर खरीदा था।जिसमें वह वर्ष 2011 से निवास कर रहे हैं, रंजना अहमद की मौत के बाद उनके बेटे सईद फरीद अहमद परिवर्तित नाम रिदित अरोड़ा को पति विक्रांत ने शेष राशि भुगतान कर दी थी।17 मार्च 2025 में उक्त संपत्ति पर रिदित अरोड़ा का नामांतरण अतिरिक्त तहसीलदार कोलार द्वारा किया गया और 10 जून में उक्त संपत्ति का विक्रय रिदित अरोड़ा द्वारा हितेश भटेजा को कर दिया गया। जिसके विरोध में कोलार एसडीएम न्यायालय में अपील की गई है। शुक्रवार को करीब 40 से अधिक गुंडे पहुंचे और मकान की बाउंड्रीवाल व सीसीटीवी कैमरे तोड़कर फेंक दिए। जिसकी शिकायत एसडीएम आदित्य जैन को की गई।

### *दो करोड़ की जमीन पर अवैध फार्म हाउस काटे जेसीबी से दीवार, गेट तोड़े*

*कोलार तहसील क्षेत्र में भूमाफिया बिना किसी अनुमति के अवैध कालोनी विकसित कर प्लाट बेच रहा था। जिस पर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दीवार, गेट, बिजली के खंभे तोड़ने की कार्रवाई की है। एसडीएम आदित्य जैन ने बताया कि ग्राम पिपलिया कुंजनगढ़ में बिना अनुमति के अवैध कालोनी काटी जा रही थी, जिसकी शिकायत मिलने पर तहसीलदार को नगर निगम और पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। अमले ने मौके पर पहुंचकर देखा तो पता चला कि भूमाफिया द्वारा मां गंगा कृषि फार्म हाउस नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। यह कालोनी करीब एक हेक्टेयर से अधिक भूमि में बनाई जा रही थी, जिसकी कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकि गई है। नगर निगम अमले की मदद से यहां बनाए गए रोड, नाली व अन्य स्थायी संरचनाओं को तोड़ने की कार्रवाई की गई है।*

---

## गांजा तस्करी के दोषी को 4 वर्ष कारावास की सजा, जुर्माना भी

विधिक संवाददाता ⏭ भोपाल

अवैध रुप से गांजा की तस्करी करते हुए पकड़े गए आरोपी देवेंद्र मेस्कर पुत्र भगवान मेस्कर निवासी 28, नर्मदापुरम को एनडीपीएस एक्ट के विशेष



न्यायाधीश डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नीरेंद्र शर्मा और विक्रम सिंह ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार थाना टीटी नगर भोपाल के सहायक उपनिरीक्षक अखिलेश त्रिपाठी ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 12 नवंबर 2023 को अर्जुन नगर मल्टी भोपाल से 4 किलो गांजा अवैध रुप से बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करते हुए आरोपी को पकड़ा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना में घटनास्थल का नक्शा, पंचनामा व साक्ष्य संकलित किए गए। विवेचना अधिकारी ने प्रकरण की विवेचना के बाद जिला न्यायालय में आरोपी के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

## वेद ज्योतिष विज्ञान संगोष्ठी में सम्मानित हुए डॉ. तिवारी

**भोपाल।** श्री वेदामृतम संस्थानम और इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेद ज्योतिष विज्ञान संगोष्ठी में अखिल भारतीय ज्योतिष महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री वेदामृतम संस्थानम जयपुर फाउंडेशन एवं इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर जयपुर द्वारा वेदामृतम सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तिवारी को सम्मान पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. विनीत तिवारी को इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था।

## हज आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त तक बढ़ी

**भोपाल।** हज-2026 के लिए जाने वाले आवेदकों को हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज आवेदन की अंतिम तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर अब 7 अगस्त कर दिया है। यह जानकारी मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने दी, जिससे तय समय में हज के लिए आवेदन किया जा सकता है।

इधर इस बार भोपाल के इंबारकेशन प्वाइंट से हज पर जाने वाले लोगों के लिए निराशा है। सरकार ने यहां से जाने वाली फ्लाइट को खत्म कर दिया है। हज आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त होते ही हज यात्रियों के चयन के लिए डिजिटल कुर्रा प्रक्रिया की जाएगी। इस प्रक्रिया में चयनित होने वाले प्रोविजनल हज यात्रियों को 20 अगस्त तक 1 लाख 52 हजार 300 रुपए की अग्रिम राशि जमा करनी होगी।

---

एटीएस ने किया जबलपुर में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का खुलासा

# अफगानी नागरिक और फॉरेस्ट गार्ड सहित तीन लोग पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




एटीएस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट बनवाकर अवैध रूप से जबलपुर में रह रहे एक अफगानी नागरिक और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों में एक सरकारी कर्मचारी भी है। दरअसल एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड की जबलपुर यूनिट को सूचना मिली थी कि जबलपुर में कुछ अफगानी युवक अवैध रूप से रह रहे थे। इस सूचना पर, अफगानी नागरिक सोहबत खान को गिरफ्तार किया गया जो पिछले 10 सालों से जबलपुर में अवैध रूप से रह रहा था और उसने एक स्थानीय महिला से निकाह भी कर लिया था।

जांच में पता चला है कि सोहबत ने न सिर्फ खुद के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाया, बल्कि वह पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में रह रहे अपने अफगानी साथियों के लिए भी जबलपुर के फर्जी पते पर दस्तावेज तैयार कर पैसे लेकर पासपोर्ट बनवा रहा था। एटीएस को सोहबत से 20 ऐसे अफगानी युवकों की जानकारी मिली है, जिनके पासपोर्ट जबलपुर के पते से बनवाने का प्रयास किया गया था। इनमें से पश्चिम बंगाल निवासी अकबर और इकबाल के पासपोर्ट तो जबलपुर के फर्जी पते से बन भी गए हैं।

### *गिरोह की मदद की*

*सोहबत खान को हिरासत में लेकर उससे इस अवैध कार्य में लिप्त अन्य साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उन लोगों की भी पहचान कर रही है, जिन्होंने जाली दस्तावेज बनाने में इस गिरोह की मदद की। एटीएस को भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए सोहबत और अन्य आरोपियों के बैंक खातों में अब तक लगभग 10 लाख के लेन-देन का ट्रांजेक्शन भी मिला है।*

### *फॉरेस्ट गार्ड भी निकला फर्जीवाड़े में शामिल*

*एटीएस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सोहबत खान के साथ ही दिनेश गर्ग और महेंद्र कुमार सुखदन को गिरफ्तार किया है। दिनेश गर्ग वन विभाग में फारेस्ट गार्ड है और पिछले दो साल से चुनाव सेल में कार्यरत है। जांच में सामने आया है कि सोहबत ने 2015 में जबलपुर से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया था और 2020 में भारतीय पासपोर्ट बनवाया। इसके साथ ही उसने पश्चिम बंगाल निवासी अफगानियों, अकबर और इकबाल का भी जबलपुर के पते से भारतीय पासपोर्ट बनवाया था।*

---

## सोशल मीडिया पर की गई डीएसपी की पोस्ट ने परिवार से बिछड़े रिटायर्ड एसआई को मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के वृद्धाश्रम में रह रहे एक रिटायर्ड एसआई को 42 साल बाद उनका परिवार मिल गया। यह काम डीएसपी संतोष पटेल द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई एक पोस्ट के बाद हुआ। दरअसल 15 जुलाई को डीएसपी पटेल अपनी पत्नी का जन्मदिन मनाने भोपाल के आसरा वृद्धाश्रम पहुंचे थे। यहां उनके ध्यान एक बुजुर्ग की ओर गया तो उन्होंने बातचीत की। बुजुर्ग ने उनको बताया कि वो भी एक पुलिस अफसर रहे ह और उनका नाम पूरन सिंह है।

डीएसपी ने बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया में डाल दिया। यह वीडियो जब बेतूल के लोगों को वाटसएप ग्रुप में पहुंचा तो बुजुर्ग के परिवार का पता चल गया। दरअसल पूरन सिंह अपनी पत्नी के देहांत के बाद मानसिक संतुलन खो बेठे। उनकी उम्र वर्तमान में 85 वर्ष है। उनके साथ काम करने वाले पुलिसकर्मियों ने पुष्टि की और बताया कि वो सब इंस्पेक्टर रहे है। पूरन सिंह के बेटे राज सिंह को पिता को पता चला तो वह भोपाल आ गया। उसने कहा कि पूरे परिवार ने पिता को मृत मान लिया था लेकिन आज भरोसा नहीं हो रहा कि 42 साल बाद उनके पिता मिल गए।

## दुर्घटना टालने वाले 8 रेल कर्मचारी हुए संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



रेल यात्रियों की सुरक्षा में सतर्कता और सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करने वाले 8 रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित समारोह में रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया। इन कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान समय रहते सूझ-बूझ और त्वरित निर्णय लेते हुए संभावित असामान्य घटनाओं को टाल दिया। इनकी सतर्कता से जहां एक ओर यात्रियों की जानमाल की रक्षा हुई, वहीं रेलवे की कीमती संपत्ति भी सुरक्षित रही। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने कहा कि कर्मचारियों की सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा और सजगता ही रेलवे की संरक्षा प्रणाली की रीढ़ है। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम ने कहा कि ऐसी सजगता से हमें भविष्य में और बेहतर सुरक्षा मानकों को स्थापित करने की प्रेरणा मिलती है।

---

मकान का नक्शा पास करने के एवज में की थी 20 हजार की डिमांड

## ईओडब्ल्यू ने पंचायत सचिव को 10 हजार की रिश्वत लेते किया ट्रैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, ईओडब्ल्यू इंदौर इकाई ने पंचायत सचिव को 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप किया है। आरोपी ने मकान का नक्शा पास कराने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। ईओडब्ल्यू ने पंचायत सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियिम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया



गया है। ईओडब्ल्यू से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोशन वर्मा पिता केदार वर्मा से पंचायत सचिव ओम गुप्ता ग्राम पंचायत मगरखेड़ा जनपद पंचायत सांवेर मकान का नक्शा पास कराने को लेकर 20 हजार की डिमांड की थी। ईओडब्ल्यू ने शिकायत के सत्यापन के बाद एक ट्रैप दल का गठन किया। ट्रैप प्लान के मुताबिक ईओडब्ल्यू की टीम ने जनपद पंचायत सांवेर अरविंदो टोल टैक्स के पास आरोपी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। आरोपी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

---

## निकेश फिर बने मप्र कांग्रेस झुग्गी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निकेश ईश्वर सिंह चौहान को एक बार पुनः मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर निकेश सिंह चौहान को पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक जयवर्धन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत पार्टी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। पीसी शर्मा ने निकेश सिंह को एक बार फिर झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर कहा कि आपकी पुनर्नियुक्ति आपके संघर्षशील व्यक्तित्व, संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पॉलिटेक्निक स्टाफ करता है निरंतर देखभाल

**कामयाब हुए** पर्यावरण संरक्षण के प्रयास

## बीते वर्ष जो पौधे लगाए, सभी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्या वन के रूप में श्यामला हिल्स के पॉलिटेक्निक आवासीय परिसर में पौधरोपण का एक वर्ष पूर्ण होने पर टीम के सदस्य एकत्र हुए और गत वर्ष लगाए गए पौधों का अवलोकन किया। इस पौधरोपण की पर्यावरण प्रेमियों ने निरंतर देखरेख की। उल्लेखनीय है कि विद्या वन में पिछले वर्ष 251 पेड़ लगाए गए थे जिनका सर्वाइवल रेट सौ प्रतिशत है।





### सुरक्षा से यह परिणाम प्राप्त हुए

शासकीय एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज प्राचार्य श्री केवी राव और स्टाफ सदस्यों द्वारा लगाए गए पौधों को समय-समय पर देखने जाने और उनकी सुरक्षा से यह परिणाम प्राप्त हुए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और विधायक भगवान दास सबनानी को भी इस उपलब्धि से अवगत करवाया गया है।

---

## विश्वविद्यालय एक जीवंत संस्था, जिसकी आत्मा शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी होते हैं: प्रो. हिंडोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार प्रो. देव आनंद हिंडोलिया को दिया गया है। शुक्रवार को प्रो. हिंडोलिया ने कुलपति का प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की और विश्वविद्यालय के कार्यों की प्राथमिक जानकारी प्राप्त की। प्रो. हिंडोलिया ने इस अवसर पर एक संक्षिप्त सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय एक जीवंत संस्था होता है, जिसकी आत्मा शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी होते हैं। उन्होंने समग्र सहयोग और सामूहिक भागीदारी की भावना से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की और कहा कि हम सब मिलकर एक नवीन, सशक्त और गुणवत्तापूर्ण विश्वविद्यालय की परिकल्पना को साकार करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी समय में शिक्षण, शोध और प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, नवाचार और उत्तरदायित्व की भावना को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हिंदी विश्वविद्यालय देश की भाषायी अस्मिता और शैक्षिक उत्थान का एक प्रमुख केंद्र है।

## छापर डैम में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित छापर डैम में डूबने से युवक की मौत हो गई। वह गुरुवार दोपहर से लापता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम बाद परिजन को सौंप दिया है।

हेड कांस्टेबल मनोज वर्मा ने बताया कि पवन विश्वकर्मा पिता राधेश्याम विश्वकर्मा (28) गांधी नगर का रहने वाला था और अशोका गार्डन सेमरा में एक मैकेनिक की दुकान पर काम करता था। पवन के माता पिता कृष्णा आश्रम, गुनगा में इलाजरत है। पवन अपने माता पिता के साथ आश्रम में रह रहा था। गुरुवार दोपहर वह आश्रम से माता पिता को बिना बताए निकला था। इसके बाद रात शाम को आश्रम नहीं पहुंचा। पिता ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसके दोस्तों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह छापर डेम गया था। इसके बाद से ही उसका कुछ पता नहीं है। उसके दोस्त ने गुनगा थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।

---

**राजभवन में मनाया स्काउट गाइड विश्व स्कार्फ दिवस**

# राज्यपाल पटेल को स्काउट्स स्कार्फ पहनाकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में स्काउट गाइड विश्व स्कार्फ दिवस राजभवन में शुक्रवार को मनाया गया। राज्यपाल को इस अवसर पर स्कार्फ पहना कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त पारस जैन एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## भारत स्काउट एवं गाइड भोपाल संभाग जिला संघ भोपाल ने मनाया स्कार्फ दिवस, अधिकारियों को लगाया स्कार्फ



भारत स्काउट एवं गाइड भोपाल संभाग एवं जिला संघ भोपाल और मोंट फोर्ट स्कूल पटेल नगर के तत्वावधान में महेंद्र दवे जिला मुख्यालय कमिश्नर और राधा रमन अग्रवाल जिला कमिश्नर रोवर के मार्गदर्शन में विश्व स्कार्फ दिवस का आयोजन किया गया। स्कार्फ दिवस का शुभारंभ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरविंद चौरगड़े, उपसंचालक कनक प्रसाद, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला मुख्य आयुक्त नरेंद्र कुमार अहिरवार को स्कार्फ लगाया गया। तत्पश्चात पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र एवं सहायक उपयुक्त श्रद्धा तिवारी को स्कार्फ लगाया गया। जिले के कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को स्काउट गाइड एवं जिले के पदाधिकारी ने स्कार्फ लगाया। इसी श्रृंखला में लाल परेड ग्राउंड में अभ्यास कर रहे स्काउट गाइड टुकड़ी को भी संक्षिप्त समारोह में स्कार्फ दिवस की जानकारी दी गई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930